ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 7 जून 2024
वर्ष 34, अंक 131, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी 16

हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित 15


## चंद्रबाबू नायडू 12 को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

- चौथी बार संभालेंगे आंध्र प्रदेश में सरकार की कमान
- मोदी सहित नई कैबिनेट के कई मंत्री भी रहेंगे मौजूद

विजयवाड़ा, एजेंसी



तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। तेदेपा पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विधायक गोरंटला बुचैया चौधरी ने गुरुवार को यहां मीडिया को यह जानकारी दी। चौधरी ने बताया कि विधायक दल का नेता चुनने के लिए 11 जून को विधायक दल की बैठक होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शपथ ग्रहण समारोह के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके अलावा नए केंद्रीय कैबिनेट के कई सदस्य भी शामिल होंगे। चौधरी ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजधानी क्षेत्र अमरावती में किया जाएगा लेकिन जगह फिलहाल तक तय नहीं है। नायडू का शपथ ग्रहण समारोह पहले 9 जून को होने वाला था लेकिन मोदी के नेतृत्व में नई केंद्रीय सरकार के शपथ ग्रणह समारोह को देखते हुए इसे टाल दिया गया। उल्लेखनीय है कि चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है।

### चीन वीजा घोटाला

## दिल्ली की कोर्ट ने कार्ति चिदंबरम को दी जमानत



**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने कथित चीन वीजा घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में कांग्रेस नेता कार्ति चिदंबरम को गुरुवार को जमानत दे दी। कार्ति एक समन की तामील करते हुए अदालत में पेश हुए थे और ईडी तथा सीबीआई के लिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने उन्हें राहत प्रदान की। अदालत ने इससे पहले मामले में ईडी की ओर से दायर आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी के खिलाफ समन जारी किया था।

# मोदी की टिप्पणी से शेयर मार्केट के 30 लाख करोड़ डूबे

## कांग्रेस नेता ने इसे इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताते हुए की जेपीसी जांच की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह तथा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर चुनाव परिणाम आने से पहले शेयर बाजार को लेकर की गई टिप्पणी के संबंध में संगीन आरोप जड़े हैं।

राहुल गांधी ने कहा मतगणना के दिन शेयर बाजार में आई 30 लाख करोड़ रुपये की गिरावट अब तक का सबसे बड़ा घोटाला है। इसकी जेपीसी (जॉइंट पार्लियामेंट्री कमेटी) से जांच कराई जानी चाहिए। राहुल गांधी ने गुरुवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि शेयर बाजार को मंगलवार को जो नुकसान हुआ है वह मोदी व उनके मंत्रियों की सोची समझी रणनीति का हिस्सा था। वे तीनों जानते थे कि 4 जून को परिणाम एग्जिट पोल के मुताबिक नहीं आ रहे हैं, इसके बावजूद उन्होंने शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिसके कारण निवेशकों के 30 लाख करोड़ डूबे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने नोट किया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और वित्त मंत्री ने स्टॉक बाजार पर टिप्पणी की...फिर एक जून को झूठे एग्जिट पोल आए। तीन जून को स्टॉक बाजार सारे रिकॉड तोड़ देता है, चार जून को खटाक से नीचे चला जाता है। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी? पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई? फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यह आपराधिक कृत्य है और इस मामले की जांच के लिए जेपीसी का गठन होना चाहिए।

### राहुल गांधी के सवाल

- प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने निवेश की सलाह क्यों दी?
- पांच करोड़ निवेशकों को शेयर खरीदने की सलाह क्यों दी गई?
- फायदा उठाने वाले विदेशी निवेशक कौन हैं?



### अंबानी के चैनल से भ्रम फैलाया

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मोदी ने न्यूज चैनल के जरिए पहले जो संकेत दिए उसका निवेशकों पर सीधा असर हुआ है। यह संकेत अंबानी के चैनल के माध्यम से मोदी ने दिया और शेयर बाजार को लेकर भ्रम फैलाया जिससे रिटेल निवेशक को लाखों करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूछा कि इस तरह का संकेत देने के क्या कारण थे।

### निवेशकों को डरा रहे राहुल गांधी : गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर घरेलू और विदेशी निवेशकों को डराने की साजिश रचने का आरोप लगाया। दावा किया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरी बार सत्ता में लौटने के साथ ही शेयर बाजार में तेजी आनी शुरू हो गई है।






# मोदी ही लेंगे प्रधानमंत्री पद की शपथ

## राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन संसदीय दल की बैठक में आज लगेगी अंतिम मुहर, रविवार को शपथ संभव

नई दिल्ली, एजेंसी

- गठबंधन के वरिष्ठ नेता राष्ट्रपति को सौंपेंगे सांसदों की सूची



नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने के लिए शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसदों की बैठक होगी। मोदी के राजग संसदीय दल का नेता चुने जाने के बाद तदेपा अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू और जनता दल (यूनाइटेड) के प्रमुख नीतीश कुमार जैसे गठबंधन के वरिष्ठ सदस्य राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करेंगे और उन्हें समर्थन देने वाले सांसदों की सूची सौंपेंगे। राजग के पास 293 सांसद हैं, जो 543 सदस्यीय लोकसभा में बहुमत के 272 के आंकड़े से अधिक है। शपथ ग्रहण समारोह 9 जून रविवार को हो सकता है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गुरुवार को बैठक कर सरकार गठन के प्रयासों को गति देने को लेकर विचार-विमर्श किया। यह बैठक भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर हुई। इस बैठक में संघ के कुछ वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद थे। पार्टी नेताओं के मुताबिक इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में राजग के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के बाद नड्डा और शाह ने शाम में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। सरकार गठन के स्वरूप पर पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस मुलाकात के दौरान चर्चा की।

लोजपा (आर) नेता चिराग पासवान ने कहा कि मोदी को उनकी पार्टी का समर्थन बिना शर्त है और उनके नेतृत्व में ही राजग ने बहुमत हासिल किया है। राजग के सभी घटक शुक्रवार को मोदी को नए प्रधानमंत्री के रूप में समर्थन देने वाले पत्र राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं। शिवसेना सूत्रों ने कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि उनके बेटे और तीन बार के सांसद श्रीकांत शिंदे के बजाय अन्य वरिष्ठ सांसदों को मंत्री पद देने पर विचार किया जाए। वहीं तेलगू देशम पार्टी के चंद्रबाबू नायडू चाहते हैं कि केंद्र आंध्र प्रदेश को अमरावती में राजधानी बनाने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करे। वह यह भी चाहते हैं कि नई सरकार पृथक तेलंगाना राज्य के बाद आंध्र प्रदेश के लिए जताई गई प्रतिबद्धताओं को पूरा करे। तेदेपा की 16 सीटों के बाद जद (यू) भाजपा की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी है। नई सरकार के अस्तित्व के लिए भाजपा को इन दोनों दलों पर निर्भर रहना होगा।

### चुनाव आयोग ने निर्वाचित सांसदों की सूची राष्ट्रपति को सौंपी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मतगणना पूरी होने के बाद 18वीं लोकसभा के लिए निर्वाचित सांसदों की सूची गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शाम साढे.चार बजे राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात कर निर्वाचित सांसदों की सूची उन्हें सौंपी। चुनाव आयोग की ओर से जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 73 के अनुरूप जारी अधिसूचना की एक प्रति, जिसमें 18वीं लोकसभा के आम चुनावों के बाद लोक सभा के लिए चुने गए सदस्यों के नाम शामिल हैं राष्ट्रपति को सौंपी गई। इतिहास की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चुनावों के सफल समापन पर मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों को राष्ट्रपति ने बधाई दी। उन्होंने पूरे देश की ओर से चुनाव आयोग, उसके अधिकारियों, कर्मचारियों, मतदान के प्रबंधन और पर्यवेक्षण में शामिल अन्य अधिकारियों, पुलिस तथा सुरक्षा कर्मियों, केंद्र और राज्य सरकारों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बड़ी संख्या में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने वाले मतदाताओं की भी सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पूरी तरह से हमारे संविधान और देश की गहरी तथा मजबूत लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप है।

### आदर्श आचार संहिता हटी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही 16 मार्च से लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटा ली गई है। केंद्रीय कैबिनेट सचिव और राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र में निर्वाचन आयोग ने कहा कि लोकसभा, कई प्रदेश में विधानसभा और कुछ सीटों पर उपचुनाव के नतीजों के बाद आदर्श आचार संहिता हटा ली गई है।

### पड़ोसी देश भी शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, भूटान, नेपाल, मॉरीशस और सेशेल्स के शीर्ष नेताओं के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने की संभावना है। सूत्रों के अनुसार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ और सेशेल्स के राष्ट्रपति वेवल रामकलावन को शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया है। मुइज्जू, विदेश मंत्री और कुछ अन्य नेताओं के साथ नई दिल्ली जाएंगे। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने बताया कि मोदी ने उन्हें आमंत्रित किया। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी न्योता दिया है। मोदी ने प्रचंड और जगन्नाथ से भी फोन पर बातचीत की है।

## महिला सिपाही ने कंगना रनौत को मारा थप्पड़

चंडीगढ़/नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली जाते समय चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर पेश आया वाकया
- सीआईएसएफ ने महिला सिपाही को किया निलंबित

चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला सिपाही ने गुरुवार को दिल्ली जा रहीं भाजपा की नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है और उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अधिकारियों ने बताया कि कंगना के विमान में सवार होने से पहले हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ सिपाही ने अभिनेत्री को थप्पड़ मारा। वहीं, कंगना ने एक वीडियो बयान जारी कर कहा कि दिल्ली जाते वक्त चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान सीआईएसएफ की एक महिला सिपाही ने उन्हें थप्पड़ मारा और उनके साथ गाली-गलौज की। कंगना ने 'पंजाब में आतंक और हिंसा में हैरान करने वाली वृद्धि' शीर्षक से एक वीडियो बयान पोस्ट किया। जिसमें कहा कि वह सुरक्षित और ठीक हैं, लेकिन पंजाब में बढ़ते आतंकवाद को लेकर चिंतित भी हैं। कंगना ने दिल्ली पहुंचने के बाद बयान जारी कर कहा कि महिला सिपाही उनकी ओर आई। उसने मुझे थप्पड़ मारा और मुझे गाली देनी शुरू कर दी। जब मैंने उससे पूछा कि उसने ऐसा क्यों किया, तो उस सिपाही ने कहा कि वह किसान आंदोलन का समर्थन करती है। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने वाली कंगना ने कांग्रेस के प्रत्याशी को 74 हजार मतों से शिकस्त दी थी।

### पंजाबियों पर कंगना की टिप्पणी घृणित : धामी

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि कंगना रनौत द्वारा पंजाब और पंजाबियों को लगातार निशाना बनाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद है। कंगना का यह कहना कि पंजाब में आतंकवाद बढ़ रहा है, उनकी बीमार मानसिकता का परिचायक है, जबकि सच्चाई यह है कि उनकी अपनी जुबान से फैलाया जा रहा आतंकवाद देश के माहौल को प्रदूषित कर रहा है।

### एक नजर

#### एसआईटी हिरासत में 10 जून तक रहेगा प्रज्वल

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की अदालत ने कई महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों में जद(एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की एसआईटी हिरासत गुरुवार को 10 जून तक के लिए बढ़ा दी। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत के समक्ष रेवन्ना को पेश किया गया, जिसने 31 मई को उसे छह जून तक के लिए एसआईटी की हिरासत में भेज दिया था।

#### बराड़ से जुड़े लोगों के घर एनआईए का छापा

**नई दिल्ली।** एनआईए ने कनाडा से काम कर रहे आतंकी गोल्डी बराड़ के सहयोगियों के पंजाब स्थित नौ ठिकानों की गुरुवार को तलाशी ली। ' 'रंगदारी और गोलीबारी मामले से जुड़ी जांच के तहत एजेंसी ने कार्रवाई की है। एजेंसी ने सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ और उसके गिरोह की जानकारी के लिए लोगों से मदद की अपील की है।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में 5 आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- गिरफ्तार आरोपियों में 3 प्रयागराज और 2 मिर्जापुर के निवासी
- 2 आरोपी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा कर्मचारी
- प्रारंभिक जांच में 50 लाख रुपये के लेन-देन की बात सामने आई

**अमृत विचार :** शिक्षा विभाग के फर्जी शिक्षक घोटाले में पुलिस ने गुरुवार को 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 2 मिर्जापुर व 3 प्रयागराज के हैं। आरोपियों में 2 उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में संविदा पर डाटा आपरेटर हैं। पुलिस ने बताया कि अभी तक जो चैट सामने आई है उसमें इस घोटाले में 50 लाख रुपये का लेन-देन किया गया है। अभी आरोपियों गहन पूछताछ की जा रही है।

शिक्षा विभाग को फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए 9 शिक्षकों का पैनल नियुक्ति के लिए भेजा गया था। इसमें से 2 शिक्षकों की नियुक्ति भी अलग-अलग स्कूलों में हो गई थी। खुलासा होने के बाद शिक्षा विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई थी। कर्नलगंज पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घोटाले में एसआईटी ने प्रयागराज से विवेक द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। यह दोनों यूपी बोर्ड में डाटा आपरेटर पद पर कार्यरत हैं। इसके अलावा मिर्जापुर से लालजी सिंह, दिनेश कुमार पांडेय व अभिनव त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया है। अभिनव त्रिपाठी एक स्कूल में लैब टेक्नीशियन है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि जांच में फर्जी ई-मेल को ट्रेस किया गया तो सामने आया कि शिक्षा विभाग को भेजी गई ई-मेल आईडी शिवम द्विवेदी और शिवम विश्वकर्मा ने तैयार की थी। दोनों यह आईडी शिक्षा विभाग से रिटायर हो चुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लालजी सिंह के कहने पर बनाई थी। इसके लिए दोनों को 2 लाख रुपये मिले थे। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर दिनेश पांडेय, प्रबंधक काशी प्रसाद जायसवाल जूनियर हाई स्कूल लाल डिग्गी मिर्जापुर व लैब टेक्नीशियन केवीपीजी डिग्री कॉलेज मिर्जापुर अभिनव त्रिपाठी की भूमिका का खुलासा हुआ। इसके बाद पांचों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## कोटा में नीट की तैयारी कर रही छात्रा ने की खुदकुशी

कोटा, एजेंसी

- इमारत की नौवीं मंजिल से कूदी, अस्पताल में मौत
- मध्य प्रदेश के रीवा जिले की रहने वाली थी बागीशा

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी (नीट-यूजी) के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद ही राजस्थान के कोटा में 18 वर्षीय एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की नौवीं मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मृतका की पहचान बागीशा तिवारी के रूप में हुई है और वह इसी इमारत की पांचवीं मंजिल पर अपनी मां और भाई के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मूलरूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले की निवासी बागीशा तिवारी कोटा के एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी की तैयारी कर रही थी। जवाहर नगर पुलिस थाने के सर्किल इंस्पेक्टर हरिनारायण शर्मा ने बताया कि उसका भाई 12वीं कक्षा में पढ़ता है और वह संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने मंगलवार को मेडिकल प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित किए थे।

## तिहाड़ में भिड़े कैदी, एक घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

- टिल्लू ताजपुरिया व गोगी गिरोह के कैदियों के बीच हुई मारपीट
- घायल कैदी अस्पताल में भर्ती हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

तिहाड़ जेल संख्या 3 में टिल्लू ताजपुरिया और गोगी गिरोह के सदस्यों के बीच हुई भिड़ंत में एक कैदी को नुकीला सुआ घोपकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी हितेश घायल हुआ है और उसे उपचार के लिए दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि जेल के अंदर बुधवार सुबह करीब 11:15 बजे गोगी गिरोह के सदस्य हितेश और टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के दो अन्य सदस्यों के बीच कथित तौर पर झगड़ा हुआ था। एक पुलिस सूत्र ने बताया कि हितेश को बर्फ तोड़ने वाला नुकीला सुआ घोपा गया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने बताया कि बुधवार को दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की ओर से हरि नगर पुलिस थाने को सूचना मिली कि तिहाड़ जेल से एक घायल व्यक्ति को अस्पताल लाया गया है। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंची और मामले की पड़ताल की। उन्होंने कहा कि हितेश पर हमला करने वालों के नाम गौरव लोहरा और गुरिंदर के तौर पर सामने आए हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान की पुष्टि जांच का विषय है। हितेश घायल हुआ है और उसे दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने बताया कि हितेश वर्ष 2019 से जेल में है, जबकि गौरव और गुरिंदर पर हत्या और हत्या के प्रयास के मामले में मुकदमा चल रहा है। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) ने कहा कि जख्मों को देखते हुए आईपीसी की धारा 307 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जेल के अंदर के सूत्रों ने बताया कि हितेश अन्य कैदियों से बात कर रहा था, तभी दोनों वहां पहुंचे और उससे बहस शुरू कर दी। जल्द ही बहस हाथापाई में बदल गई और आरोपियों में से एक ने उस पर बर्फ तोड़ने वाले सुए से हमला कर दिया। गैंगस्टर ताजपुरिया की पिछले साल मई में इसी जेल में चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी।

## शिवपाल हो सकते हैं विस में नेता प्रतिपक्ष

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार



- अखिलेश यादव छोड़ेंगे विधायक पद, करेंगे केंद्र की राजनीति

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव में पार्टी की उत्तर प्रदेश में शानदार जीत के बाद अब संसद में बैठकर राज्य के मुद्दों को उठाएंगे।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि कन्नौज से सांसद चुन लिए जाने के बाद अखिलेश यादव करहल विधानसभा सीट की सदस्यता से इस्तीफा दे सकते हैं। उनकी जगह शिवपाल यादव को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिल सकती है। हालांकि इस पर अंतिम निर्णय अखिलेश यादव ही लेंगे। दरअसल, उत्तर प्रदेश के अगले विधानसभा चुनाव तक केंद्र की राजनीति में अखिलेश की सक्रियता बढ़ने वाली है। पार्टी नेताओं का मानना है कि दिल्ली में बैठकर अखिलेश यादव देश की राजनीति में अहम़ भूमिका निभा सकते हैं। इस लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन ने उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और 37 सीटें जीतने के साथ सपा देश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर उभरी। सपा का मत प्रतिशत भी राज्य में बढ़कर 33 प्रतिशत हो गया है।

मालूम हो कि अखिलेश यादव मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक हैं और अब कन्नौज से सांसद भी बन चुके हैं। नियमानुसार अखिलेश यादव को कोई एक पद छोड़ना होगा। सूत्रों के मुताबिक विधायक पद छोड़ने के बाद करहल विधानसभा सीट पर उप चुनाव होगा, जिसमें परिवार से ही उम्मीदवार उतारे जाने की संभावना है।

# समय-सीमा तय कर विभागों में रिक्त पदों पर हो भर्तियां

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश, सभी विभागों से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने की वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक, विभागवार प्रगति की ली जानकारी



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव संपन्न होते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकारी महकमों की प्रगति टटोलनी शुरु कर दी है।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर मुख्यमंत्री ने शासन स्तर के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पदों को चयन प्रक्रिया की समयसीमा तय कर भरने को कहा। मुख्यमंत्री के अनुसार, जिन भी विभागों में रिक्तियां हैं और नियुक्ति की जानी हैं, वहां से तत्काल अधियाचन चयन आयोगों को भेजा जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि इस प्रक्रिया में सरलता के लिए ई-अधियाचन की व्यवस्था लागू की गई है, उसका उपयोग करें। नियुक्ति के लिए अधियाचन भेजने से पूर्व नियमावली का अच्छे से परीक्षण कर लिया जाए। चयन आयोगों से संपर्क बनाएं, त्रुटिपूर्ण अधियाचन न भेजें। मुख्यमंत्री ने बैठक में अफसरों से स्पष्टतौर पर कहा कि अपर मुख्य सचिव हों या प्रमुख सचिव, सभी अपने-अपने विभाग के शीर्ष अधिकारी हैं। विभाग से जुड़ी हर एक व्यवस्था, हर एक परियोजना और सभी प्रकरण के लिए आपकी जवाबदेही है। इसलिए समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करना आपकी जिम्मेदारी है।

विभागीय मंत्रीगणों के साथ बेहतर संवाद-समन्वय बनाये रखें। जनहित के प्रकरणों को अनावश्यक लंबित न रखें।

### बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो

योगी ने कहा, तेज गर्मी, लू का मौसम चल रहा है। ऐसे में गांव हो या शहर, कहीं भी अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। बिजली तभी कटे, जब बहुत जरूरी हो। ट्रांसफार्मर जलने, तार गिरने, ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण हो। अधिकारी फोन अटेंड करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाए, यदि ऐसा हो तो वरिष्ठ अधिकारी तुरंत खुद मौके पर पहुंचें।

### जीएसटी संग्रह का लक्ष्य तय करें

मुख्यमंत्री ने कहा, जीएसटी संग्रह के प्रयासों को तेज करने की आवश्यकता है। फील्ड में तैनात अधिकारियों को लक्ष्य दें। इनके प्रदर्शन को ही इनकी पदोन्नति, पदस्थापना का आधार बनाया जाना चाहिए। तकनीक का प्रयोग बढ़ाएं, कर चोरी किसी भी दशा में न हो।

## एक नजर

### असीम अरुण ने दी अखिलेश यादव को सांसद बनने की बधाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री( स्वतंत्र प्रभार) व कन्नौज विधानसभा क्षेत्र के विधायक असीम अरूण ने, सपा के अखिलेश यादव को सांसद चुने जाने की बधाई दी है। लोकतंत्र के महत्व बताते हुए गुरुवार को समाज कल्याण मंत्री ने कहा कि कन्नौज में नगर पालिका अध्यक्ष बसपा से है, मै भाजपा का विधायक हूं और आप समाजवादी पार्टी से सांसद है। असीम अरूण ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए अखिलेश यादव से कहा कि हम सब मिलकर कन्नौज का और तेजी से विकास करने में सफल होंगे।

# गांवों में बनेंगे 2,501 सीएससी व 125 लर्निंग सेंटर

**100** पंचायत भवनों का होगा निर्माण, किराये पर संचालित केंद्र स्थाई जगह किए जाएंगे शिफ्ट

**1** हॉल और चार कक्ष वाले पंचायत भवनों में बनेंगे लर्निंग सेंटर एलईडी, वाईफाई, कैमरा, सोलर और एसी की होगी व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीणों की सुविधा के लिए 100 पंचायत भवन, 125 पंचायत लर्निंग सेंटर व 2,501 कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) बनेंगे। इनमें नये निर्माण के अलावा किराये पर संचालित केंद्रों को स्थाई जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। चयन में बाहरी राज्यों से लगे सीमावर्ती गांवों का प्राथमिकता दी जाएगी।



▸▸ अन्य प्रदेश से लगे गांवों का प्राथमिकता से होगा चयन

पंचायती राज विभाग ने वर्ष 2024-25 का यह लक्ष्य निर्धारित करके सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायतों का चयन करने के निर्देश दिए हैं। जिन ग्राम पंचायत में पंचायत भवन नहीं हैं वहां बनेंगे। इससे ग्रामीणों को योजना व विभागीय कार्य के लिए ब्लॉक व मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। सभी काम सचिव पंचायत भवन में करेंगे। लर्निंग सेंटर उन पंचायत भवनों में बनेंगे जिसमें एक हॉल व चार कक्ष है। कुल सात लाख रुपये से सभागार, एलईडी, वाईफाई, कैमरा, मेज-कुर्सी, आरओ, सोलर, एसी आदि इंतजाम करके वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम की तरह बनाया जाएगा। यहां समय-समय पर ग्रामीणों व प्रधानों को प्रशिक्षण मिलेगा। इसी तरह जो सीएससी बनेंगे वहां पेंशन, अनुदान, सम्मान निधि, बीमा, आय, जाति प्रमाण जैसे सभी ऑनलाइन सुविधा मिलेगी। किराये पर संचालित होने वाले भवन भी नये में शिफ्ट होंगे। निदेशक अटल कुमार राय ने बताया कि सभी डीपीआरओ को ग्राम पंचायत चयन करने के निर्देश दिए हैं।

# मंडी समिति भी नहीं खरीद पा रही गेहूं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 1.25 लाख एमटी लक्ष्य, 98 केंद्रों पर 26,584 एमटी खरीद

▸▸ मंडियों पर आवक तो हो रही लेकिन आढ़ती कर रहे खरीद

**अमृत विचार :** बढ़े बाजार भाव के कारण मंडी समितियां अपने केंद्रों पर किसानों से गेहूं नहीं खरीद पा रही हैं। जबकि मंडियों पर आवक तो हो रही पर किसान समर्थन मूल्य से अधिक दाम मिलने पर परिसर में बैठे आढ़तियों को बिक्री कर रहे हैं। इसका असर खरीद के लक्ष्य पर पड़ा है।

प्रदेश में गेहूं खरीद के लिए मंडी समितियों ने अपने परिसर में 98 केंद्र खोले हैं। कुल 1.25 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य है। जो 15 जून तक पूरा करना है। स्थिति यह है कि मार्च से अब तक 26,584 मीट्रिक टन गेहूं खरीद हो पाई है। कुल 4700 किसानों से 61 करोड़ रुपये का गेहूं खरीदा गया है। इसमें मंडी समितियों ने किसानों को 59 करोड़ रुपये भुगतान किया है। कम खरीद की वजह बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक है और मंडी में बैठे आढ़ती किसानों को अधिक दाम देकर गेहूं खरीद रहे है। 15 जून तक खरीद होगी लेकिन, इन हालात में लक्ष्य पूर्ति करना मुश्किल है। जबकि मंडी में केंद्र किसानों की सुविधा के लिए खोले गए हैं, जिनका फायदा आढ़तियों को मिला है।

### 9.28 लाख एमटी की खरीद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद की बात करें तो इस वर्ष भी खराब स्थिति है। 1 मार्च से 6 जून तक 9 .28 लाख मीट्रिक टन क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीदा जा सका है। जबकि लक्ष्य 60 लाख मीट्रिक टन है। कुल 6,485 केंद्रों पर 1,79,392 किसानों ने गेहूं बेचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाया है।

# नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता को बने अच्छी कार्ययोजना

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक, अलग-अलग विभागों को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कस्तूरबा बालिका विद्यालयों में खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा की रहे पूरी व्यवस्था

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षकों के स्थानान्तरण, और नये पद सृजित करने की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि, माध्यमिक विद्यालयों के कायाकल्प का अभियान तेज किया जाए। नए सत्र में स्कूल चलो अभियान की सफलता के लिए अच्छी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित कराएं।

गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर अधिकारियों की एक बैठक करते मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, एसडीआई से उम्मीद जतायी कि वे अपने क्षेत्र में कस्तूरबा बालिका विद्यालयों का साप्ताहिक निरीक्षण करें। वहां खान-पान, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि हर एक व्यवस्था को सूक्ष्मता से देखें और जहां कमी हो तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि, परिषदीय विद्यालयों में प्रत्येक प्रधानाध्यापक और शिक्षक यह सुनिश्चित कराएंगे कि हर छात्र-छात्रा निर्धारित गणवेश में ही विद्यालय आए। इसके लिए डीबीटी की धनराशि समय से भेजी जाती रहे।

मुख्यमंत्री के अनुसार विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई आदि सभी शैक्षिक संस्थानों में शैक्षिक कैलेंडर इस प्रकार तैयार किया जाना चाहिए ताकि 10 मई तक सभी आवश्यक परीक्षाएं सम्पन्न हो जाएं। भीषण गर्मी के मौसम में परीक्षाओं से परहेज किया जाना चाहिए। योगी के अनुसार टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण को और तेज किया जाना चाहिए। इसके लिए खरीद की प्रक्रिया समय से पूरी कर लें।

### ये भी दिए निर्देश

- सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को कड़ाई से लागू हो।
- सेफ सिटी परियोजना से जुड़े कार्य समय से हों पूरे।
- शहरों में कहीं भी पेयजल का संकट न होने पाए।
- स्ट्रीट डॉग की समस्या का हो स्थायी समाधान।
- बारिश में जलभराव न हो, मलिन बस्तियों में सफाई रहे।
- खनन कार्य वाले वाहनों में किसी भी दशा में ओवरलोडिंग न हो।
- नया सत्र प्रारंभ होने से पूर्व पिछले सत्र का सारा बकाया भुगतान हो
- बालू, मोरम, गिट्टी की कीमतों में अनावश्यक बढ़ोतरी न हो।
- कमिश्नरी स्तर पर महिला संरक्षण गृह क्रियाशील कराएं।

### बजट से हो आवश्यक खर्च

मुख्यमंत्री ने कहा, वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का आवश्यक खर्च किया जाना तय किया जाए। समय से आवंटन और समय से खर्च होना चाहिए। वित्त विभाग द्वारा इसकी विभागवार समीक्षा की जाए। बजट आवंटन और खर्च के नियमों का सरलीकरण भी अपेक्षित है।

### कॉरीडोर का मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि, अमृतसर-कोलकाता इंडस्ट्रियल कॉरीडोर सरकार का सीधा लाभ उत्तर प्रदेश को भी मिलेगा। इसके अंतर्गत राज्य में आगरा और प्रयागराज में दो नोड विकसित किए जाने हैं। परियोजना के लिए भूमि की कमी नहीं होनी चाहिए। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए भारत सरकार के साथ सतत संवाद संपर्क बनाए रखें।

# युवाओं ने मुख्यमंत्री से साझा कीं समस्याएं



गुरुवार को सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में आई युवती के शिकायती पत्र को पढ़ते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री ने कहा, आमजन से जुड़े कार्यों में अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोस चुनाव बाद गुरुवार को फिर से जनता दर्शन शुरू किया। योगी के सरकारी आवास पर गुरुवार को काफी संख्या में पीड़ित पहुंचे जिसमें युवाओं की संख्या काफी रही। इन सभी ने मुख्यमंत्री से अपनी पीड़ा सुनाई। मुख्यमंत्री ने हर एक फरियादी के पास पहुंचकर उनकी समस्या समझी और संबंधित अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के लिए कहा।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्य में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं, मुख्यमंत्री ने यहां आए हर युवाओं से कई मुद्दों पर चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनता से जुड़े जो भी मुद्दे न्यायालय में लंबित हैं, उनमें अपना पक्ष प्रस्तुत करते हुए प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए।मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन से जुड़े कार्य निश्चित समयसीमा में हों। किसी भी कार्यों में अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं होगी। जनता से जुड़े मुद्दे सरकार की प्राथमिकता में हैं। हर समुदाय को बिन किसी भेदभाव के सराकारी योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए।

# अहंकार से भाजपा का पतन:अखिलेश



**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के परिणामों से जाहिर है कि भाजपा के अहंकार का पतन हुआ है और उप्र. में भाजपा सरकार के खिलाफ जनादेश आया है। प्रदेश मंत्रिमण्डल के 16 मंत्री लोकसभा चुनाव में अपनी विधानसभा क्षेत्र से हार गए हैं।

अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि केन्द्र में जो भाजपा 400 पार का नारा दे रही थी वह पूर्ण बहुमत में पाने से ही वंचित रह गई। सपा प्रमुख ने कहा कि अयोध्या में जनता ने भाजपा की आशाओं पर पानी फेर दिया। वहां की जनता दुःख दर्द से कराहती रही। भाजपा सरकार ने गरीबों को उजाड़ दिया। उजड़े किसानों को पर्याप्त मुआवजा भी नहीं दिया गया। अपनी जमीन से उजड़े लोगों के पुनर्वास पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजें में जनता ने सबक सिखा दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी पर लगाम नहीं लग रही है। किसान, नौजवान, व्यापारी, शिक्षक, अधिवक्ता सहित समाज का हर वर्ग परेशान है।

# आपत्तिजनक स्थिति में पकड़े गए क्षेत्राधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ क्षेत्राधिकारी की पत्नी ने की थी शिकायत, मामला पहुंचा पुलिस मुख्यालय

▸▸ बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात हैं क्षेत्राधिकारी, सरकारी आवास पर पत्नी ने पकड़ा

**अमृत विचार:** बस्ती रेंज के एक जिले के क्षेत्राधिकारी (सीओ) को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास में आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी इस कदर नाराज हुई कि वह शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। प्रकरण जांच में सही पाया गया। जांच रिपोर्ट मुख्यालय पहुंची तो मुख्यालय के अधिकारी भी मामले को लेकर तनाव में आ गए ।

बस्ती रेंज के एक जिले में तैनात क्षेत्राधिकारी को उनकी पत्नी ने सरकारी आवास पर किसी दूसरी महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। पत्नी ने न सिर्फ सीओ को उस महिला के सामने बेइज्जत किया, बल्कि पूरा प्रकरण लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गई। विभाग कार्रवाई से पल्ला न झाड़ ले, इसलिए उन्होंने पूरी शिकायत लिखापढ़ी में की।

पुलिस अधीक्षक ने उनकी पत्नी के आक्रोश को भांपते हुए सीओ के खिलाफ जांच कराने का आदेश दे दिया। जांच में सीओ की पत्नी के आरोप सही पाए गए। सीओ की पत्नी जांच में लगातार सहयोग करती रही और जांच होने के बाद भी पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई को फालो करती रही।

अंततः पुलिस अधीक्षक ने जांच रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय भेजकर अपना पीछा तो छुड़ा लिया, लेकिन अब मामला पुलिस मुख्यालय पहुंचने के बाद यहां के शीर्ष अधिकारी जरूर तनाव में दिख रहे हैं। दरअसल अधिकारियों के तनाव का दूसरा कारण यह है कि सीओ जल्द ही सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में कार्रवाई के बाद सीओ बड़े संकट में पड़ सकते हैं। हालाकि उन पर कार्रवाई होने को लेकर भी पुलिस मुख्यालय में चर्चाएं तेज हैं, क्योंकि उनकी पत्नी लगातार कार्रवाई की मांग कर रही हैं।उधर, पुलिस अधीक्षक से जब इस प्रकरण पर बातचीत की गई तो उन्होंने बस इतना बताया कि महिला की शिकायत आई थी, जांच रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है।

# केजीएमयू में 60 कर्मियों की पदोन्नति

**अमृत विचार,लखनऊ:** केजीएमयू में कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद और कुल सचिव रचना गंगवार ने अपने हाथों से 60 कर्मचारियों को पदोन्नति आदेश पत्र वितरित किये। पदोन्नति पाने वालों में विभिन्न संवर्ग में अकाउंटेंट, टेक्निकल संवर्ग( लैब) और डाइटिशियन शामिल हैं।

केजीएमयू के ब्राउन हॉल में गुरुवार को संपन्न पदोन्नति पत्र वितरण कार्यक्रम में केजीएमयू कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष विकास सिंह ने बताया कि पहली बार किसी कुलपति ने कर्मचारियों को प्रोन्नत पत्र वितरित किये हैं।

# चुनाव परिणामों पर दिल्ली में होगी चर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री और दोनों उप मुख्यमंत्री दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष को देंगे रिपोर्ट

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा की दिल्ली में बुलाई गई संसदीय बोर्ड की बैठक से पहले उत्तर प्रदेश को लेकर भी चर्चा संभावित है। इस बैठक के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक गुरुवार को दिल्ली रवाना हो गए। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी दिल्ली पहुंचेंगे। वहां लोस चुनाव के निराशाजनक परिणामों को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ इन नेताओं की अलग से वार्ता होनी है।

इधर, लोकसभा चुनाव के बाद परिणामों को देखते हुए भाजपा सरकार और संगठन में आने वाले समय में बदलाव हो सकता है। संगठन स्तर पर हुई बैठकों में समीक्षा के बाद सभी जिलों से बूथवार रिपोर्ट प्रदेश मुख्यालय ने तलब की है ताकि कहां किस स्तर पर कमी रह गई समझा जा सके। सभी हारे लोकसभा प्रत्याशियों और जीते हुए सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्र की खामियां ओर उपलब्धियां प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी से साझा कीं हैं। सूत्रों के अनुसार जिलाध्यक्ष से लेकर विधायकों और बूथ तक के अध्यक्षों के बारे में रिपोर्ट तैयार हो रही है। दरअसल, कई मंत्रियों ही नहीं बड़े नेतागण भी अपने-अपने क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी को नहीं जितवा सके।

### लगाया आरोप

चुनाव बाद केंद्र सरकार में मंत्री रहीं साध्वी निरंजन ज्योति ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर संगठन ने उनकी मदद नहीं की है। वहीं गाजियाबाद की लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर का भी आरोप रहा कि सुनियोजित तरीके से हर रची गई। ऐसी अन्य शिकायतों से भी प्रदेश के नेता राष्ट्रीय नेतृत्व को अवगत कराएंगे।

# 11 नर्सिंग व पैरामेडिकल संस्थानों में परीक्षाओं पर संकट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में सीसीटीवी कैमरों की कनेक्टिविटी न कराने वाले 11 नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों पर 11 जून से शुरू होने वाली मुख्य परीक्षा नहीं कराई जाएंगी। नोटिस जारी करते हुए उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि 28 मई 2024 तक सभी कॉलेजों को सीसीटीवी कैमरों से संपर्क स्थापित करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद कई कॉलेजों ने निर्देशों का अनुपालन नहीं किया है।

उन्होंने कहा कि अभी कॉलेजों के प्रधानाचार्य व प्रबन्धकों को निर्देश दिए जा रहे हैं, कि दो दिन में सीसीटीवी कैमरों की कनेक्टिविटी कार्य पूर्ण कर लें, न करने वाले कॉलेजों के छात्रों को अन्यंत्र कॉलेजों में परीक्षा देने के लिए भेजा जाएगा। छात्रों का भविष्य व साल न खराब हो, इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने शुक्रवार को सभी कॉलेजों के साथ संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है।

### सीसीटीवी कैमरे न लगवाने वाले संस्थान

वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्टमेट्री, देवरिया में केएम इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल्स, सीतापुर में रेनू महेश इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग साइंसेज और स्कूल ऑफ ऑप्टेमेट्री आई हॉस्पिटल, सिद्धार्थ नगर में श्रीराम बिलास इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंउ मेडिकल सांइसेज, महराजगंज में केएमसी नर्सिंग एडं पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, लखीमपुर खीरी में श्रीजान इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एडं पैरामेडिकल साइंसेज, सहारनपुर में श्रीमती लता चैरिटेबुल हॉस्पिटल एडं नर्सिंग कॉलेज, बागपत में चौधरी चरण सिंह इंस्टीट्यूट और सेठ धनपाल चंद जैन हॉस्पिटल इंस्टीट्यूट नर्सिंग एडं पैरामेडिकल साइंसेज के साथ ही सुल्तानपुर में कामायनी नर्सिंग कॉलेज में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं।

▸▸ सीसीटीवी कैमरे न लगाने वाले केन्द्रों के परीक्षार्थियों को दूसरे कॉलेज में देनी होगी परीक्षा

# जुलाई में घोषित हो सकती है सिपाही भर्ती परीक्षा की तिथि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 43 लाख अभ्यर्थियों का खत्म होगा इंतजार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के बाद अब उप्र. के 43 लाख युवा एक बार फिर से यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर बेचैन हैं और अभ्यर्थी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के नोटिफिकेशन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। उधर, गृह विभाग के सूत्रों के मुताबिक 60 हजार 244 कांस्टेबल भर्ती की पुनः परीक्षा की तारीखों का जल्द ऐलान किया जा सकता है। माना जा रहा है कि जुलाई के पहले हफ्ते में परीक्षा की तिथियों का ऐलान बोर्ड कर सकता है।

मालूम हो कि इस वर्ष की 17 व 18 फरवरी को यूपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने 60 हजार 244 कांस्टेबल पद के लिए परीक्षा कराई गई थी। परीक्षा में उप्र. सहित अन्य राज्यों के कुल 43 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। लेकिन परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो जाने के बाद सरकार को परीक्षा रद्द करते हुए आने वाले छह माह के भीतर दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा था। ऐसे में अब बोर्ड जुलाई में लिखित परीक्षा कराने की तैयारी कर रहा है।

# महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी के निर्देश

**अमृत विचार,लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलवाने के निर्देश दिये हैं।

इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीजी अभियोजन दिपेश जुनेजा ने बताया कि अभियोजन निदेशालय द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग की सुविधा का उपयोग करते हुए साक्षियों का बयान दर्ज करने के लिए प्रयास शुरू किया गया है। पिछले माह द्वितीय पखवाड़े में कुल 275 साक्षियों का वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से करवाया गया।एडीजी अभियोजन ने बताया कि वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से साक्षियों का बयान दर्ज करने पर जन सामान्य की कठिनाईयां दूर होगी।

# गाजियाबाद: दो एसएचओ, 10 चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लूट की घटना को चोरी में दर्ज करना नेवाड़ी एसएचओ को पड़ा भारी

**अमृत विचार:** गाजियाबाद कमिश्नर ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो एसएचओ और 10 चौकी प्रभारियों को लाइन हाजिर कर दिया।

पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने बताया कि अपराध नियंत्रण और शिथिलता बरतने के आरोप में उन्होंने 10 चौकी प्रभारियों और दो एसएचओ को हटा दिया है। उन्होंने बताया कि गत दिनों नेवाड़ी थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना को थानाध्यक्ष ने चोरी की धारा में दर्ज किया था। इसकी शिकायत पर उन्हें हटाया गया। उन्होंने बताया कि चौकी प्रभारियों में विकास अग्निहोत्री, गोविंद सिंह, धर्मवीर सिंह, विनोद कुमार, सौरभ राठौर, रानू चौधरी, हरेंद्र मलिक, देवेश कुमार सिंह, सोहन गोला और विनोद कुमार पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसी तरह नेवाड़ी और महिला थानाध्यक्ष को लाइन में भेजा गया। उन्होंने बताया कि रविता चौधरी को थानाध्यक्ष नेवाड़ी और रिंकू त्यागी को एसएचओ महिला थाना बनाया गया है।

# प्रदेश की आठ विधानसभा सीटों पर होंगे उपचुनाव

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ लोकसभा चुनाव लड़ने वाले आठ विधायक बन गए हैं सांसद

**अमृत विचार:** संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में आठ विधायक, सांसद बन गए हैं। जिसके बाद उन्हें अपना एक पद छोड़ना होगा। अगर वे विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा देते हैं तो रिक्त सीटों पर अगले छह माह में उप चुनाव कराए जाएंगे। उप चुनावों में भाजपा को अपनी तीन व रालोद की एक और सपा को अपनी चार सीटें बचाने की चुनौती होगी।

सांसद चुने गए विधायकों में मैनपुरी की करहल विधानसभा सीट से अखिलेश यादव हैं, जो अब कन्नौज से सांसद बन गए हैं। अंबेडकर नगर की कटेहरी सीट से विधायक लालजी वर्मा भी अब सांसद चुन लिए गए हैं। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट के विधायक अवधेश प्रताप सिंह फैजाबाद के सांसद बन गए। संभल की कुंदरकी से विधायक जियाउर्रहमान बर्क भी सांसद बन गए है। पश्चिम उप्र. की मीरापुर सीट के रालोद विधायक चंदन चौहान भी बिजनौर से सांसद चुने गए हैं।

# कई विभागों में रिक्त पदों पर होंगी भर्तियां

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ 1 जुलाई से शुरू हो रहा चयन वर्ष, विभागों के प्रमुख सचिव व विभागाध्यक्षों को दिए गए निर्देश

**अमृत विचार:** प्रदेश में एक जुलाई से चयन वर्ष शुरू हो रहा है।इस दौरान सरकारी विभागों में रिक्त पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। नियुक्तियों में वे पद भी शामिल होंगे, जो 30 जून 2025 तक पदोन्नति से रिक्त होने वाले हैं। यह पूरी नियुक्ति प्रक्रिया 30 सितंबर 2024 तक पूरी करनी होगी।

यह निर्देश गुरुवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने दिये। उन्होंने स्पष्ट किया कि एक जुलाई 2024 से चयन वर्ष 2024-25 प्रारंभ हो रहा है। इस दौरान विभागों में जितने भी पद रिक्त हैं, या पदोन्नति के बाद रिक्त होने वाले हैं सभी पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी करनी है। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही या विलंब न किया जाये ताकि कर्मचारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो। मुख्य सचिव ने कहा विभागों में कार्मिकों की कमी से कार्यरत कर्मियो पर अतिरिक्त दबाव रहता है।

उन्होंने कहा कि एक जुलाई 2024 से 30 जून 2025 तक चलने वाले चयन वर्ष में पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों को भी शामिल किया जाये। साथ ही निर्देश दिए कि कार्मिक विभाग द्वारा भरे जाने वाले विभागाध्यक्ष व ठीक नीचे की पंक्ति के पद पर नियुक्ति के लिए प्रस्ताव बनाकर कार्मिक विभाग को 31 जुलाई तक भेज दिया जाए। अन्यथा संबन्धित अधिकारियों को तलब किया जाएगा। दुर्गा शंकर ने कहा कि शासन स्तर पर चयन समिति द्वारा भरे जाने वाले पदों के साथ ही विभागाध्यक्षों द्वारा भरे जाने वाले पदों के लिए भी 30 सितंबर तक नियुक्ति संबन्धीत कार्रवाई पूर्ण करनी होगी।

उन्होंने बताया कि बीते चयन वर्ष में नियुक्तियां न होने या अन्य कारणों से रिक्त चल रहे पदों पर नियुक्ति के लिए विभागाध्यक्ष 30 जून 2024 तक संबंधित कार्रवाई पूरी की जाये।

### प्रोन्नति के लिए जल्द करें अधिकारियों का चयन

अमृत विचार : मुख्य सचिव दुर्गा शंकर ने सभी विभागों के प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि 30 सितंबर तक हर हाल में प्रोन्नति के लिए अधिकारियों का चयन कर लिया जाए। कहा कि समय से प्रोन्नति प्रक्रिया पूरी न होने से कामकाज पर असर पड़ रहा है। उन्होंने समय से कार्यवाही न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है।

# जनसमस्याओं के समाधान का होगा हर संभव प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर

**अमृत विचार:** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने जनसमस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करने की बात कही। साथ ही सुबह साढ़े नौ से साढ़े ग्यारह तक आवास पर लोगों से मिलेंगे। विधायक श्रीवास्तव ने गुरुवार को अपने आवास पर लोगों से मुलाकात की और समस्याएं सुनीं।

उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप नंबर 6389950309 पर आने वाली समस्याओं के तत्काल निस्तारण का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान पटेल नगर निवासी ज्योति तिवारी ने पुल निर्माण के कारण आवागमन में आ रही परेशानी और कुर्बान अली ने जोन 7 में सडक निर्माण की जांच की मांग की। जबकि इंदिरा नगर निवासी रोहित तिवारी ने गंदे पानी की आपूर्ति की बात कही। इस मौके पर पार्षद संजय सिंह राठौर, राजेश सिंह गब्बर, उमेश सनवाल, हरीश चंद्र लोधी, भूपेन्द्र शर्मा, प्रमोद राजन आदि मौजूद रहे।

**आज का मौसम**

आसमान में तेज धूप व लू चलने से गर्मी से नहीं मिलेगी राहत।

39.0° अधिकतम तापमान | 21.6° न्यूनतम तापमान

# मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा, प्रदर्शन में दिग्गज हुए फेल

## देश की सबसे बड़ी पार्टी का प्रबंधतंत्र जिले में फेल, सदर विधायक से लेकर पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष व पार्टी प्रत्याशी तक अपना बूथ नहीं जिता सके

धर्मेंद्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा देकर बूथ जिताने का संकल्प पार्टी पदाधकारियों व कार्यकर्ताओं को दिलाया था।

संगठन के बड़े नेता बूथ से लेकर पन्ना प्रमुख तक के साथ बैठकें कर मेरा बूथ सबसे मजबूत का नारा देते हुए चुनाव में बेहतर परिणाम की उम्मीद लगाई थी, लेकिन देश की सबसे बड़ी पार्टी के प्रबंधतंत्र की पोल रायबरेली में खुल गई है। वहीं,सदर विधायक से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष व पार्टी प्रत्याशी तक अपना बूथ नहीं जिता सके। इन बूथों पर भी कांग्रेस से मात खानी पड़ी। जिले में भाजपा प्रत्याशी को कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी से करारी शिकस्त खानी पड़ी है। भाजपा प्रत्याशी को पार्टी के जिम्मेदार पदों पर बैठे नेता ही अपना बूथ नहीं जितवा सके तो आगे क्या उम्मीद रखी जा सकती थी। भारतीय जनता पार्टी से जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी के बूथ संख्या 311 में दिनेश सिंह को 324, राहुल गांधी को 460, बूथ संख्या 312 प्राथमिक विद्यालय विकईपुर में भाजपा को 353, कांग्रेस को 410 मत मिले। इसी तरीके से शहर के फीरोज गांधी डिग्री कालेज के एक पोलिंग बूथ पर भाजपा दो वोटों से जीत पाई है, जबकि यहां पर

**युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के बूथ पर मिली भाजपा को हार**

लोकसभा चुनाव में युवाओं को साथ लेकर पार्टी को जिताने की जिम्मेदारी युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष के कंधों पर थी लेकिन वह भी इस बार पार्टी की हार को नहीं टाल सके और वह खुद ही अपने बूथ पर शिकस्त खा गये। प्राथमिक विद्यालय गेंगासो के बूथ संख्या 188 पर भाजपा को 299, कांग्रेस को 312 वहीं दूसरे बूथ 189 पर भाजपा को 171 व कांग्रेस को 395 मत मिले।

वर्तमान जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने भी मतदान किया था। बूथ संख्या 217 में भाजपा 212, कांग्रेस 210, बूथ संख्या 218 में भाजपा 163, कांग्रेस 303, बूथ संख्या 219 में भाजपा 218 व कांग्रेस 353, बूथ संख्या 220 में भाजपा 204, कांग्रेस 295 वोट मिले। जिसमें भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। इसी तरीके से डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ के प्राथमिक विद्यालय चौरासी बूथ संख्या 412 पर भाजपा को 237, जबकि कांग्रेस को 469 मत मिले। इसी तरीके से जगतपुर ब्लाक प्रमुख दल बहादुर सिंह के गांव गूझी के बूथ संख्या 167 में भाजपा को 176 व कांग्रेस को 422 मत मिले। वहीं,भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने शहर के गोरा बाजार स्थित केंद्रीय विद्यालय के बूथ संख्या 207 में मतदान किया था जिसमें वहां पर भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। वहां पर भी भाजपा को 219, कांग्रेस को 362 मत मिले।

सदर विधायक अदिति सिंह व उनकी मां एवं ब्लाक प्रमुख वैशाली सिंह ने प्राथमिक विद्यालय लालूपुर चौहान के बूथ संख्या 38 पर मतदान किया जिसमें भाजपा को 154, कांग्रेस को 302 मत मिले। इसी तरीके से सरेनी विधासभा क्षेत्र में सरेनी मंडल अध्यक्ष को संगठन ने ब्राह्मण वोट साधने के लिए मंडल अध्यक्ष की कुर्सी दी थी, लेकिन वह भी चुनाव में कुद खास नहीं कर सके। प्राथमिक विद्यालय पलटी खेड़ा के बूथ संख्या 13 में भाजपा को 198, कांग्रेस को 333, बूथ संख्या 14 में भाजपा 148 व कांग्रेस को 422 मत मिले। इसी तरीके से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे पशुपति शंकर बाजपेयी के बूथ संख्या 229 में भाजपा को 232 व कांग्रेस को 248 मत मिले। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव पाल जो इस लोकसभा चुनाव में लोकसभा संयोजक का दायित्व निर्वाहन कर रहे थे। पूरे अंबरवीर दतौली के बूथ संख्या 235 में भाजपा को 114, कांग्रेस को 551, बूथ संख्या 236 में भाजपा 193, कांग्रेस 474, बूथ संख्या 237 में भाजपा 155 व कांग्रेस को 407 मिले। वहीं, रायबरेली में जिस तरीके से भाजपा का प्रदर्शन रहा उससे स्पष्ट है कि मजबूत संगठन बताने वाली पार्टी का रायबरेली में संगठन कमजोर रहा जिसके नतीजे में ज्यादातर पदाधिकारी अपना बूथ हार गए।

## ताइक्वांडो समर कैंप 10 जून से

**लालगंज, रायबरेली,अमृत विचार।** लालगंज स्टार स्पोर्ट्स क्लब के जिला सचिव मोहम्मद परवेज खान ने बताया कि स्टार स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में चलने वाले ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर लालगंज के द्वारा समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बालक व बालिका ओलंपिक मार्शल आर्ट, सेल्फ डिफेंस का अभ्यास करने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। 10 जून से 17 जून 2024 तक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण कैंप की मैनेजर एडवोकेट कविता कश्यप ने बताया कि कैंप में मोहम्मद आसिफ कोच के तौर पर कार्य करेंगे। प्रशिक्षण के इच्छुक लोग बाईपास रोड यादव मार्केट लालगंज में संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### चोरों ने घर से उड़ाये लाखों के जेवरात

**लालगंज रायबरेली।** थाना अंतर्गत कनकापुर मजरे सराय बैरिया खेड़ा गांव में बीती मध्य रात चोर छत के रास्ते से एक घर में घुस गए। कुंडी तोड़कर घर में घुसकर लाकर तोड़कर लाखों के जेवरात पार कर दिए। जानकारी के अनुसार रात्रि में दरवाजे पर दिनेश सिंह उर्फ लल्ला सिंह परिवार के साथ सो रहे थे। रात में छत के रास्ते से दरवाजे की कुंडी तोड़कर जीने के रास्ते से चोर घर में घुसे और कमरे में अलमारी व बक्से में रखे जेवरात कीमत लगभग बीस लाख रुपए चोरों ने पार कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला घायल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर से निकलने वाले ट्रकों की तेज रफ्तार के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं। बुधवार देर शाम पूरे रजऊ मजरे बेलहनी निवासी गौरी शंकर पुत्र रामकिशन अपनी मां कुंवारा देवी के साथ बाइक से लालगंज से वापस घर जा रहे थे, तभी बाईपास रोड में पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे गौरीशंकर की मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हीरो होंडा मोटर साइकिल भी भयंकर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक और चालक को कब्जे में लिया है। गौरी शंकर ने मामले की लिखित शिकायत लालगंज पुलिस से की है। वास्तव में तेज रफ्तार ट्रकों की आवाजाही से लोगों में भय व्याप्त हो गया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिदिन मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने मामले में प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है।

### ओवरलोड चार वाहनों को किया गया सीज

**जगतपुर, रायबरेली।** एआरटीओ प्रवर्तन ने ओवरलोड चार वाहनों को सीज कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। बृहस्पतिवार को एआरटीओ प्रवर्तन मनोज कुमार सिंह ने जगतपुर में लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर ओवरलोड चार वाहन फर्राटा भर रहे थे। जिनको देखकर आरटीओ प्रवर्तन ने सभी वाहनों को रुकवाया और जिसमें तीन ट्रक व एक ट्रैक्टर ट्राला पर यूकेलिप्टस की लकड़ी लदी हुई थी। सभी वाहनों को सीज कर जगतपुर थाने में खड़ा करवा दिया गया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद सीएचसी में कार्रवाई करती पुलिस।

संवाददाता, ऊंचाहार

**रायबरेली।** बाइक से घर जा रहे दो युवकों को तेज रफ्तार स्कार्पियो ने टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। एक घायल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है, जबकि दूसरे को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

यह हादसा लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर क्षेत्र के सवैया हसन गांव के पास हुआ है। क्षेत्र के छीटू सिंह का पुरवा गांव निवासी विपिन कुमार (22) पुत्र बृजलाल अपने साथी संदीप कुमार (21) पुत्र मिश्रीलाल के साथ बाइक से ऊंचाहार किसी काम से आए थे। गुरुवार की दोपहर बाद दोनो युवक वापस अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में राजमार्ग पर सवैया हसन गांव के पास प्रयागराज की ओर से आ रही तेज रहते स्कार्पियो गाड़ी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनो युवक सड़क पर गिर गए। आसपास के लोगों ने दौड़कर उन्हे उठाया और एंबुलेंस की मदद से उन्हे सीएचसी लाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने विपिन कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि संदीप को प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर दशा को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर हादसे के बाद स्कार्पियो तेजी के साथ भाग गई है।

### दो कारों में भिड़त, चार घायल

**बछरावां रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र नंदा खेड़ा गांव के निकट गुरुवार की दोपहर 3 बजे के करीब दो कारों में आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में एक मासूम सहित चार लोग घायल हो गए। एक की हालत नाजुक होने के कारण उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

लखनऊ के एलडीए कॉलोनी थाना आशियाना के रहने वाले जीत बहादुर 50 अपने दोस्त से मिलने लालगंज जा रहे थे वह जैसे ही नंदा खेड़ा गांव के पास पहुंचे लालगंज से बछरावां की ओर आ रही कर से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में जीत बहादुर तथा दूसरी कार में सवार सूर्यांश यादव (18) पुत्र लाल साहब, विरोधी यादव (65) पुत्र रामधारी, अर्चना (32) तथा अर्चना का बेटा विनायक 10 माह गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

## दो कारों की भीषण टक्कर में 5 लोग घायल



डिवाइडर पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।



दुर्घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार।

संवाददाता, बछरावां

**रायबरेली,अमृत विचार।** क्षेत्र के टोल प्लाजा के निकट दो कारों में भिड़ंत हो गई। इस घटना में पांच लोगों को मामूली चोटे आई। प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रही कार अचानक गुरुवार की दोपहर के करीब अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और सड़क के दूसरी ओर चली गई। उधर, लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही कार से भीड़ गई। इस सड़क दुर्घटना में कार सवार प्रयागराज के रहने वाले मोहित संजय, रवि तथा लखनऊ के निवासी राकेश और पीयूष को मामूली चोटे आ गई। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। इस बारे में चुरूवा चौकी प्रभारी अनुज तोमर ने बताया कि हादसे में भीषण टक्कर हुई थी जिसमें पांच लोगों को छोटे आई हैं। मामूली चोटे होने के कारण सभी को घर भेज दिया गया है।

## कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली।** कूलर में कटे तार को जोड़ते समय उतरे करंट की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई है। सूचना पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। घटना कोतवाली क्षेत्र के बाबूगंज बाजार की है। गुरुवार की सुबह बाजार के रहने वाले सुधीर कुमार उर्फ कल्लू (30) घर में लगे कूलर के कटे हुए तार को जोड़ रहा था। उस समय तार में विद्युत प्रवाह संचालित था। जैसे ही कूलर को छुआ वह करंट की चपेट में आकर तड़पने लगा। जब परिजनों की निगाह पड़ी तो विद्युत का स्विच बंद किया गया। तत्काल उसको लेकर सीएचसी पहुंचे,जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीएचसी मेमो द्वारा कोतवाली को मामले की सूचना दी गई। सूचना पाकर सीएचसी पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उधर मौत की सूचना जब युवक के घर पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया।

# पौधरोपण कर धरा को हरा भरा रखने का दिया संदेश



पौधरोपण करते बैंक के अधिकारी। अमृत विचार

रायबरेली

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस पर बड़ौदा यूपी बैंक शाखा खागीपुर सड़वा की शाखा प्रबंधक व सेवा निवृत्त समिति के महामंत्री ने शाखा परिसर में पौधरोपण कर धरा को हराभरा रखने का संदेश दिया। शाखा प्रबंधक योग्यता राउत ने कहा कि धरा को हरा भरा रखना हम सब की जिम्मेदारी है। पर्यावरण जीवन के अस्तित्व में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेवा निवृत्त समिति के महामंत्री विनोद शुक्ल ने कहा कि पौधरोपण समय की मांग है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसका पूर्ण संरक्षण करना आवश्यक है। निजी स्वार्थ के चलते आज मनुष्य पेड़ो को काटकर पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण कर पर्यावरण बचाने का प्रयास करना चाहिए। शाखा मे मौजूद लोगों को दो-दो फलदार पौध लगाने की शपथ दिलाई। कैशियर सुष्मिता जेनो ने कहा कि पहले के लोग प्राकृतिक वातावरण में रह कर स्वस्थ जीवन जीते थे। पेड़ के कट जाने से वायु प्रदूषण बढता जा रहा है, जिसके चलते आने वाली पीढी को इसका भारी नुकसान उठाना पड़ सकत है।

### अधेड़ महिला को दबंगों ने पीटा,घायल

**ऊंचाहार, रायबरेली।** खेत से चारा काटकर घर वापस लौट रही अधेड़ महिला को दबंगों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित महिला की तहरीर पर कोतवाल अनिल सिंह ने चार लोगों अवधेश,गोविंद,संजय व शैलेंद्र यादव के विरुद्ध मारपीट का केस दर्ज किया है। मामला रत्नापर मजरे एहारी बुजुर्ग गांव का है। परिजनों की मदद से घायल महिला को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

# समय से नहीं बना नाला तो होगी जलनिकासी की समस्या

संवाददाता,नसीराबाद

**रायबरेली,अमृत विचार।** बरसात शुरू होने से पहले कस्बे में जल भराव की समस्या को लेकर नगर पंचायत द्वारा लगभग 97 लाख की लागत से नाला निर्माण कराया जा रहा है। जिससे बारिश में लोगो को जल भराव की समस्या से निजात मिल सके, लेकिन ठेकेदारों की लापरवाही व काम मे बरती जा रही शिथिलता आम जन को मुसीबत में डाल सकती है। इस नाला निर्माण को शुरू हुए छह माह बीतने वाले है लेकिन निर्माण कार्य अभी तक सम्पन्न नही हो पाया है। जबकि बारिश से पहले नाला निर्माण का कार्य पूर्ण होने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन जिम्मेदारों द्वारा बरती जा लापरवाही से नगर वासियो को चिंता बढ़ गई है। लोगों को लगने लगा है कि अगर नाला का निर्माण पूर्ण नही हुआ तो बारिश में फिर जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा।



आधा अधूरा निर्माण होने से नाले में भरा पानी।

गौरतलब है कि जलनिकासी के लिए यही एक नाला है इसी नाले से कस्बे के लोगो का पानी निकलता है। यह नाला बन जाने से नगर क्षेत्र की लगभग दस हजार की आबादी को जल निकासी की समस्या से निजात मिलेगी पर ठेकेदारो ने लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। कस्बे की जल निकासी का यही एक मात्र नाला है, जिसमें कस्बा का गन्दा पानी निकलता है।

> बारिश से पहले नाला निर्माण पूरा हो, ठेकेदार को सख्त हिदायत दी गयी है कि कार्य को जल्द पूर्ण करे जिससे समस्या से निजात मिल सके।
>
> -मो अली,अध्यक्ष नगर पंचायत, नसीराबाद

> ठेकेदार को बारिश से पहले नाला निर्माण का पूर्ण करने को कहा गया है। जल्द ही नाला निर्माण का कार्य पूर्ण होगा। समय से काम न पूर्ण होने पर कार्रवाई भी होगी।
>
> -राकेश कुमार, ईओ नसीराबाद

नाला निर्माण अधर में रुकने से कस्बे का निकलने वाला गन्दा पानी लोगो के दरवाजे भरा हुआ है, जिससे आए दिन जहां लोग बीमार हो रहे है वही आने जाने में भी दिक्कते उठानी पड़ रही है। हालत यह है कि बरसात में अधिक बारिश होने पर लोगो के घरों में पानी घुस जाता है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## राहुल गांधी की जीत पर कांग्रेसियों ने बांटें लड्डू

**जगतपुर, रायबरेली।** लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी के भारी मतों की जीत पर कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष की अगुवाई में एक दूसरे का मुंह मीठा कराया गया। बृहस्पतिवार को जगतपुर के ऊंचाहार रोड पर एक निजी भवन पर ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी व जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए और राहुल गांधी की चार लाख से अधिक मतों की जीत पर खुशी जताई और एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि यह जीत जनता की है और आप सब के सहयोग से यह हुआ है। इस मौके पर त्रिलोकी सिंह, स्वतंत्र पांडे, समरबहादुर सिंह, विजय करन सिंह, देवनाथ यादव, जगदीश कुरील, फिरोज अहमद सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# पंचायत में किसानों ने प्रशासन पर निकाली भड़ास

संवाददाता, डलमऊ

**रायबरेली,अमृत विचार।** सड़क, पानी व बिजली अन्ना जानवर एवं अन्य समस्याओं से परेशान किसान नेताओं ने किसान पंचायत में प्रशासन पर जमकर भड़ास निकाली।

क्षेत्र में अन्ना जानवरों से परेशानी, सड़कों की समस्याओं से परेशान नहरे में पानी न आना एवं नहरो की साफ-सफाई न होना एवं बिजली की समस्याओं से परेशान होकर गुरुवार को किसान यूनियन के पदाधिकारी के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने पंचायत के माध्यम से अपनी मांगे रखी है और उप जिलाधिकारी डलमऊ आशुतोष राय को ज्ञापन सौंपा है। मांग पत्र में किसानों ने



किसान नेताओं से बातचीत करते एसडीएम आशुतोष राय।

**आक्रोशित किसान नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**

मांग रखी है कि क्षेत्र में घूम रहे अन्ना जानवर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे बेला पोशाक एवं शारदा खंड नहर से किसानों को भरपूर पानी नहीं मिल पा रहा है इसके अतिरिक्त माइनर की पटरिया क्षतिग्रस्त हैं जिससे खेतों तक पानी नहीं पहुंचता है। घुरवारा से कुटिया चौराहा नरेंद्रपुर पूरे बाबा सहित कई दर्जन सड़के पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिससे आवागमन सुचार रूप से नहीं हो पा रहा है। बिजली की समस्या से किसान परेशान है। कई बार शिकायत के बावजूद इन समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है।

किसान नेता मनोज यादव, सुशील यादव, जयशंकर पांडे, शिव प्रकाश पटेल के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने प्रदर्शन करते हुए मांग की है कि किसानों की समस्याओं को यथाशीघ्र दूर किया जाए।

गुरुवार सुबह से ही बड़ी संख्या में किसान ब्लॉक परिसर पहुंचने लगे किसान पंचायत की जानकारी मिलते ही उप जिलाधिकारी डलमऊ आशुतोष राय मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनी और उन्होंने किसान नेताओं को समस्याओं से निदान दिलाने का आश्वासन दिया है।

### जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज

**सलोन, रायबरेली।** पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोस के गांव के एक युवक ने वृद्ध को जान से मार देने की धमकी देते हुए फरार हो गया। घटना के दौरान पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गद्दीपुर गांव के रहने वाले राम सिंह (70) पुत्र दुर्गा वक्स सिंह ने सलोन पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीती रात करीब 8 बजे रतनपुर गांव के जय सिंह उसके घर पर आये थे। वृद्ध के मुताबिक उस समय उसके रिश्तेदार आजाद सिंह घर पर आये हुए थे। आरोपी ने रिश्तेदार के सामने ही गाली-गालोज करनी शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर विपक्षी ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि वृद्ध की तहरीर पर मुकदमा दर्जकर घटना की जांच की जा रही है।

**विश्लेषण** | स्मृति इरानी को सलोन विधान सभा में सबसे ज्यादा 52318 वोटों से मिली पराजय

# सलोन का किला भी नहीं बचा सकी जनप्रतिनिधियों की फौज

नीरज श्रीवास्तव

**रायबरेली, अमृत विचार।** माना जाता है कि रायबरेली के सलोन विधान सभा से ही अमेठी की जीत का रास्ता खुलता है।

पिछले दो लोक सभा चुनावों में सलोन जीतने वाले को ही अमेठी में जीत मिली है। इस बार भी यही हुआ। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा वोटों से सलोन जीतकर अमेठी का किला फतह कर लिया।

वहीं, पूरी तरह भगवा मय होने के बावजूद लोकसभा की सबसे बड़ी हार भाजपा को सलोन विधान सभा से ही मिली है। अमेठी संसदीय क्षेत्र में विजय पताका लहराने के लिए भाजपा और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक रखी थी। दोनों ही दलों की सलोन पर विशेष नजर थी। यही कारण है कि भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी ने जबरदस्त मेहनत करते हुए सलोन का दर्जनों बार दौरा किया था। बूथ मजबूत करने के साथ ही खूब नुक्कड़ सभाएं भी की। वहीं नामांकन के दूसरे दिन ही किशोरी लाल शर्मा और उसके बाद प्रियंका गांधी ने नुक्कड़ सभाओं की शुरुवात सलोन से ही की थी। देखा जाए तो सलोन विधान सभा में सभी प्रमुख पदों पर भाजपा का ही कब्जा है। विधायक व तीनों ब्लॉक प्रमुख भाजपा के हैं। ज्यादातर जिला पंचायत सदस्य भी भाजपा में हैं। तीनों ब्लॉक और तीनों नगर पंचायत के जीते प्रत्याशी हो या हारे, सब भाजपा के ही समर्थन में जुटे थे। पिछले विधान सभा में जिनको भाजपा से टिकट नहीं मिला वो भी भाजपा की नैया पार लगा रहे थे। चुनाव से पहले कई कांग्रेसियों ने भी भगवा धारण किया।

राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोटिंग और मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देकर सपा से दूरी बनाकर आखिरी समय में भाजपा में शामिल हुए ऊंचाहार विधायक मनोज पांडेय ने भी अपनी ताकत लगाई। देखा जाए तो क्षेत्र के प्रमुख नेता भाजपा का ही झंडा थामे दिखाई पड़ रहे थे। सभी ने कमल खिलाने के लिए जमकर मेहनत भी की लेकिन नेताओं की बड़ी फौज के बाद भी लोकसभा की पांचों विधान सभा में सबसे बड़ी 52318 वोट से हार भाजपा को मिली है।



स्मृति इरानी। अमृत विचार

**स्मृति को मिले सिर्फ 12 वोट**

स्मृति इरानी को पूरी विधान सभा में सबसे कम सिर्फ 12 वोट परशदेपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बने बूथ संख्या 185 पर मिले हैं। इस बूथ पर कांग्रेस को 640 वोट मिला है। ये पूरी विधान सभा के बूथों पर कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत है।

| विधानसभा | हार का अंतर |
|---|---|
| सलोन | 52318 |
| अमेठी | 46689 |
| गौरीगंज | 33378 |
| तिलोई | 18118 |
| जगदीशपुर | 15423 |
| **सलोन विधान सभा में मिले मत** | |
| कांग्रेस | 119370 |
| भाजपा | 67052 |
| बसपा | 4489 |
| नोटा | 2126 |

# डीएम ने रुकवाया दुकानों का निर्माण

संवाददाता, महराजगंज

**रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के हैदरगढ़ मार्ग पर स्थित आर्य नगर में नवीन मंडी स्थल पर हो रही दुकानों का निर्माण गुरुवार को जिलाधिकारी ने शिकायत को संज्ञान लेकर रोक दिया। कस्बे के लोगों की शिकायत पर जिलाधकारी ने एडीएम प्रफुल्ल त्रिपाठी को जांच के आदेश दिए है।

नवीन मंडी स्थल पर मेला मैदान है, जहां पहले चबूतरे बनाए गए। इसी स्थल पर बने टैक्सी स्टैंड के सामने ही करीब 10 दिन पहले यहा पांच दुकानों का निर्माण नगर पंचायत द्वारा शुरू कराया गया। कस्बे के व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल, संदीप वैश्य, प्रशांत जायसवाल ने मामले की शिकायत गुरुवार को जिलाधिकारी से की है। आरोप है कि यह भूमि मेला मैदान के नाम सुरक्षित भूमि राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। यहां बाबा मौनी दास कुटी भी बनी है।



निर्माणाधीन नगर पंचायत की नवीन मंडी की दुकानें। अमृत विचार

हर वर्ष यहां मेला लगता है। यह स्थान आस्था का प्रतीक है। संदीप वैश्य ने बताया कि पहले इस स्थान पर सरकारी धन का दुरुपयोग कर अधूरा नवीन मंडी स्थल बनाया गया। यही पर टैक्सी स्टैंड भी बना दिया गया। अब मेला के लिए सुरक्षित भूमि पर दुकानें बनाकर नगर पंचायत अवैध कब्जा कर रहा है। अधिशाषी अधिकारी अपर्णा मिश्रा ने बताया कि प्रकरण में जिलाधिकारी के निर्देश पर निर्माण कार्य रोका गया है। जिलाधिकारी ने उन्हें बताया है कि अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी मामले की जांच करेंगे।

# सुहागिनों ने उपवास रखकर की वट वृक्ष की पूजा-अर्चना


वट वृक्ष की पूजा- अर्चना करती महिलाएं। अमृत विचार

संवाददाता, ऊंचाहार

**रायबरेली,अमृत विचार।** पति के दीर्घायु व सलामती की कामना करते हुए गुरुवार को महिलाओं ने श्रद्धा के साथ वट सावित्री पूजा की। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर बरगद के पेड़ के नीचे इकट्ठा हुई और वट वृक्ष में कच्चा धागा लपेटकर पति की दीर्घायु की कामना की। साथ ही पेड़ की जड़ में खीरा, खरबुजा, पकवान अर्पित करते हुए पूजा की और सुख समृद्धि मांगी।

वट सावित्री पूजा को लेकर नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह देखने को मिला। सभी वट वृक्षों के पास पूजा करने वाली महिलाओं की भारी भीड़ लगी रही। नगर के फड़, इच्छनी का पुरवा, खत्री टोला, महादेवन, बस स्टेशन आदि मुहल्लों में वट वृक्ष के नीचे महिलाएं पूजा करते हुए दिखी। सुबह से ही महिलाएं पूजा करने को लेकर उत्साहित थी। वट सावित्री के पूजन के साथ-साथ यमराज का भी पूजन की गई। पूजन के बाद महिलाओं ने दान किया। बरगद के पेड़ की पूजा के बाद व्रत की महिलाओं ने सावित्री व सत्यवान की कहानी एक दूसरे को सुनाकर पति को जीवित कराने का वृतांत सुनाया। इसके बाद घरों में पहुंचकर पहले पति को तिलक पति से आशीर्वाद मांगा।


ऊंचाहार में रेलवे क्रासिंग के पास बरगद के पेड़ की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# वट वृक्ष की पूजा कर मांगा अखण्ड सुहाग का वरदान

## सुहागिन महिलाओं ने विधि-विधान से की बरगद के पेड़ की पूजा-अर्चना, पति के दीर्घायु होने की कामना की

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सोमवती अमावस्या के मौके पर पति की लम्बी उम्र और परिवार की सुख समृद्धि के लिए महिलाओं ने वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अखण्ड सौभाग्य और समृद्धि की कामना की। छाया शुक्ला, मुदिता शुक्ला, राधा शुक्ला ने वट वृक्ष की पूजा कर अखण्ड सुहाग का आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर बुजुर्ग महिलाओं ने बताया कि वट वृक्ष की पूजा अर्चना करने से महिलाओं को वट वृक्ष की तरह की अखण्ड सौभाग्य और समृद्धि प्राप्त होती है।

वट वृक्ष ही ऐसा वृक्ष है जो आंधी और तूफानों में भी अडिग रहता है। बरगद की पूजा करने का तात्पर्य यही है कि जीवन में आने वाली समस्याएं रूपी आंधी तूफान में उनका सुहाग अडिग रहे।

वहीं, मानपुर की दीपिका बाजपेयी वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय दूलापुर में इंचार्ज प्रधान शिक्षिका के रूप में कार्य रत हैं। इनका भी मानना है कि बृक्ष पर्यावरण संतुलन के लिए बहुत उपयोगी हैं। वट सावित्री पर्व पर बरगद की पूजाकर जहां नारियां "नारी शक्ति" की पूजा करती हैं। वहीं प्रकृति की अमूल्य धरोहर की पूजा का संदेश के पीछे जनकल्याण की भावना भी छिपी होती है। दिव्या मिश्रा एसबीएम इंग्लिश मीडियम स्कूल लखनापुर में प्रधानाचार्य है। दिव्या मिश्रा का कहना है कि यह पर्व हर नारी को अपने अंदर छिपी हुई शक्ति का एहसास कराता है। आदिकाल में सावित्री ने अपने सतीत्व के बल पर यमराज को भी जन्ममृत्यु रजिस्टर में फेर बदल करने को मजबूर कर दिया था। श्रीमती सिंह का मानना है कि विश्व से आतंकवाद उसी दिन समाप्त हो जाएगा, जिस दिन आतंकवाद विरोधी अभियान की कमान किसी भारतीय महिला के हाथ में होगी। सुमन सिंह गृहणी व समाज सेविका हैं। गरीबों की मदद भी करती हैं। ये कहती हैं कि यह पर्व नारी शक्ति की पूजा का पर्व है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे हैं। केंद्र व प्रदेश सरकार ने भी नारी शक्ति को पहचाना है। महिलाओं को ध्यान में रखते हुए ही योजनाएं बन रही हैं जो कि स्वागत योग्य है। श्रीमती सिंह ने कहा कि आदिकाल से चली आ रही "प्रकृति व नारी" शक्ति की पूजा की परम्परा को जेठ माह की अमावस्या को हर सुहागिन महिला गर्व के साथ मनाती आ रही है।


वट वृक्ष की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

### सुहागिनों ने सुनी सत्यवान व सावित्री की कथा

**सतांव, रायबरेली।** हिन्दू धर्म में प्राचीन काल से ही वट सावित्री वृत का विशेष महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लम्बी उम्र और उत्तम स्वास्थ्य के लिए वट वृक्ष की पूजा पर अखण्ड सौभाग्य की कामना करती हैं। क्षेत्र के ओनई, गढ़ी दूलाराय, सहजौरा, मिश्रखेड़ा, कोन्सा, बरदर, ताला, सतांव, मलिकमऊ चौबारा, सुल्तानपुर खेड़ा, कोरिहर, अटौरा समेत सभी गांवों में सुहागिन महिलाओं ने सुबह-सुबह निर्जला वृत रखकर वट वृक्ष की पूजा कर अखण्ड सौभाग्य का वर मांगा। बुजुर्ग महिलाओं ने अन्य महिलाओं को वटवृक्ष के नीचे ही पतिवृता सावित्री द्वारा अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा मृत्यु के देवता यमराज से करने की कथा सुनाकर वट सावित्री वृत का महत्व बताया।


शिवगढ़ के बैंती में वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### सुहागिनों ने वट सावित्री व्रत रखकर मांगा सुहाग का आशीर्वाद

संवाददाता, शिवगढ़

**अमृत विचार।** पति की दीर्घायु सेहत-नेमत एवं सलामती की कामना के साथ गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृगांर करके विधि विधान पूर्वक वट सावित्री की पूजा-अर्चना की।

क्षेत्र के बैंती, शिवली, देहली, शिवगढ़, पिपरी, ओसाह, गूढ़ा, गुमावां, बेड़ारु, चितवनियां, पिण्डौली, बंकागढ़, नरायनपुर, खजुरों, भौसी, रानीखेड़ा, सीवन, बहुदा खुर्द, पिपरी, सराय छत्रधारी, गोविंदपुर सहित गावों में सुबह 6 बजे से ही सुहागिन स्त्रियों ने बांस का पंखा, धूप, दीप, घी-बाती, लाल वस्त्र, कलावा, सूत, पुष्प, फल,


वट वृक्ष की पूजा करतीं महिलाएं।

कुमकुम, रोली, सिन्दूर, गुलगुले, पूड़ी, पुवा, चना, बरगद की कोपल, जल इत्यादि पूजा सामग्री के साथ वटवृक्ष की पूजा अर्चना शुरू कर दी। ज्येष्ठ मास की अमावस्या को वट सावित्री व्रत पूजन किया जाता है। वट सावित्री व्रत को स्त्रियां विशेष पर्व के रूप में मनाती हैं। इस दिन सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी उम्र के लिए निर्जला व्रत रखकर वट सावित्री की पूजा करती हैं। वट वृक्ष का विधिवत पूजन कर 11, 21 या 108 परिक्रमा करते हुए भगवान विष्णु और यम देव से सुहाग को अखण्ड और अक्षुण्य बनाए रखने की कामना करती हैं।

मान्यता है कि वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजन एवं व्रत कथा करने एवं सुनने से मनोकामना पूर्ण होती। वटवृक्ष का पूजन सत्यवान-सावित्री की कथा का स्मरण कराता है जिसके कारण इसे वट सावित्री व्रत के नाम से जाना जाता। सावित्री को भारतीय संस्कृति में आदर्श चरित्रवान नारी और पतिव्रता माना गया है।

### नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक मना पर्व

**ऊंचाहार, अमृत विचार।** हिन्दू धर्म में प्राचीन काल से ही वट सावित्री वृत का विशेष महत्व है। क्षेत्र के ओनई, गढ़ी दूलाराय, सहजौरा, मिश्रखेड़ा, कोन्सा, बरदर, ताला, सतांव, मलिकमऊ चौबारा, सुल्तानपुर खेड़ा, कोरिहर, उमरन, बाबूगंज, जमुनापुर, अरखा सहित गांवों में वट सावित्री पूजा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने सुबह-सुबह निर्जला वृत रखकर वट वृक्ष की पूजा कर अखण्ड सौभाग्य का वर मांगा।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **एस0 के0 भारती पुत्र देव चन्द्र राम, निवासी- सी0आर0पी0एफ0 सेन्टर, गेट नं0- 3, बिजनौर, जिला लखनऊ** मेरे निजी जानकारी में जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई और शाखा पूरे उ0 प्र0 में नहीं है। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप की कोई भी शाखा पूरे उ0 प्र0 में मिलती हैं तो उससे हमारा कोई वास्ता नहीं हैं और उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने का अधिकार सरकार अपने पास सुरक्षित रखती है। हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमारी एक मात्र मुख्य शाखा जे0 बी0 फाउंडेशन/एस0 के0 ग्रुप तथागत फाउंडेशन, ट्रस्ट सी0 आर0 पी0 एफ0 सेण्टर, बिजनौर (चंद्रावल), लखनऊ में हैं। अगर जे0 बी0 फाउंडेशन एवं एस0 के0 ग्रुप के नाम से कोई भी धोखाधड़ी या गैर कानूनी काम गलत तरीके से करता है या पाया जाता है तो एस0 के0 भारती सचिव/ चेयरमैन और संस्था से कोई मतलब नहीं है।

**सूचना**
यह कि मैने अपने दोनो सगे पुत्र बृजेश कुमार व महेंद्र का चाल चलन सही न होने कारण दोनो पुत्रो को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे सभी प्रकार से संबध विच्छेद कर लिया। उनसे अब किसी प्रकार का कोई वास्ता नही रहा। वह अपने कार्यो के स्वंय जिम्मेदार होगे। **-रामप्रसाद पुत्र मिढईलाल, निवासी- हसेरन, थाना- इंदरगढ, जनपद कन्नौज**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **संजय पुत्र प्रेम चंद्र, निवासी- बीबीपुर बंथरा, लखनऊ** मेरे पूर्व के आधार कार्ड सं0-6908 9709 7806 व पैन कार्ड सं0- FSRPK8951C में मेरा नाम त्रुटिवश संजय कुमार एवं पिता का नाम प्रेम शंकर अंकित था। मैने आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में अपना सही नाम संजय व पिता का सही नाम प्रेम चंद्र अंकित करवा लिया है। अतः मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र मेरे ड्राइविंग लाइसेंस सं0- यूपी 32 20070011433 में संशोधित किया जाय। यह कि मेरा सही नाम संजय पुत्र प्रेम चंद्र है इसे सभी अभिलेखों में अंकित किया जाना आवश्यक है तथा इसे ही शुद्ध जाना, पढ़ा व समझा जाये।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश से बदलकर रंजना सिंह लोधी पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह लोधी निवासी ग्राम गुटकामऊ पोस्ट बैजूपुर थाना पाली, तहसील शाहाबाद जिला हरदोई उत्तर प्रदेश कर लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जाए। **-रंजना राजपूत पुत्री भगवान शरण पत्नी विकास सिंह निवासी- लोधी, ग्राम- गुटकामऊ, पोस्ट बैजूपुर, थाना-पाली, तहसील- शाहाबाद जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
सूचित हो कि इंडियन बैंक शाखा दौलतपुर ग्रांट गोंडा का बचत खाता संख्या 59099006613 का खाता धारक हूं। खाता खुलवाते समय मेरा नाम लल्लू पुत्र राम अजोर से खुल गया था जबकि सही नाम रामलोचन है। रामलोचन व लल्लू दोनों नाम से जाना जाता हूं। अन्य सभी रिकार्ड में रामलोचन ही है। इसीलिए बैंक खाता में मेरा नाम **रामलोचन उर्फ लल्लू पुत्र राम अजोर निवासी-ग्राम बैजपुर, पोस्ट-दौलतपुर ग्रांट, जिला-गोंडा उत्तर प्रदेश** फीड कर आधार कार्ड लिंक कर दिया जाए। किसी तथ्य को छिपाया अथवा गलत जानकारी नहीं दी है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं अपने भाई अखिलेश कुमार और अवनीश कुमार से उनके संदिग्ध व गैरजिम्मेदार आचरण की वजह से संबंध विच्छेद करता हूं। **महेश कुमार मिश्र, 181 शिवाजी नगर आईटीआई कॉलोनी थाना मिल एरिया, जिला रायबरेली।**

**सूचना**
मेरा मंझला पुत्र आनन्द गिरि व उसकी पत्नी सुधा देवी का आचरण ठीक नही है। आनन्द शराबी एवं आवारा किस्म का है, और आए दिन मेरे और मेरी पत्नी के साथ से मारपीट करता रहता है। इसलिए उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबन्ध विच्छेद कर लिया है। अब हमारा उससे कोई सरोकार नहीं है। **नत्थू गिरि पुत्र राम गिरि निवासी बिजुआ परगना भूड़, तहसील गोला, जिला-खीरी।**

# गुलाल गंज गांव के शिवेंद्र मिश्रा नेवी में बने सब लेफ्टिनेंट

संवाददाता,ऊंचाहार

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मिश्रन का पुरवा मजरे गंगेहरा गुलाल गंज गांव के रहने वाले 23 वर्षीय शिवेंद्र मिश्रा अपनी मेहनत व लगन की बदौलत मंजिल पाने में सफल रहे। अब वह ट्रेनिंग पूरी करके नेवी में सब लेफ्टिनेंट बन गए है। इस सपने को पूरा करने में उनके परिवार ने भी उनकी पूरी मदद की। परिवार के हौसले व अपनी मेहनत व लगन के कारण वह नेवी में सब लेफ्टिनेंट बनने में सफल रहे। इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है। छोटे से गांव के इस लड़के ने प्रारंभिक शिक्षा एनटीपीसी के चिन्मय विद्यालय में की। अभावग्रस्त माहौल में रहकर उसने पढ़ाई की और काफी कड़ी मेहनत करके एनडीए की परीक्षा दी। उसके बाद सफलता ने उसके कदम चूमे। आज पूरा परिवार उसकी कामयाबी पर नाज कर रहा है।


परिजनों के साथ सब लेफ्टिनेंट शिवेंद्र मिश्रा। अमृत विचार

# मधुकरपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप, हाहाकार

संवाददाता,लालगंज

**अमृत विचार।** लालगंज पावर हाउस से पोषित 11 केवी मधुकरपुर फीडर का केबिल अत्यन्त जीर्ण शीर्ण हो गया है जो कि आए दिन जला फूका करता है, जिससे कि मधुकरपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती रहती है। पढ़ रही भीषण गर्मी में फीडर की खराबी से पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है।

उमस भरी गर्मी में दिन का चैन रात की नींद छिन जाती है। केबल बदलवाने के लिए मधुकरपुर फीडर के किसानों व उपभोक्ताओं ने कई बार पावर हाउस के अधिकारियों से मुलाकात कर समस्या के निराकरण की मांग की लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। बीती रात में केबल जल गया जिससे कि मधुकरपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप्प हो गई। लगभग 10 घंटे बाद मरम्मत कर विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। मधुकर फीडर में कम क्षमता का केबल लगा होने कारण लोड पड़ने पर कब जल जाए कहा नही जा सकता है। इस भीषण गर्मी में मधुकरपुर फीडर में दिन में बमुश्किल 2 से 3 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाती है। सारा दिन संविदा कर्मी शटडाउन लेकर धन उगाही किया करते है। अधिकारी भी किस फीडर को दिन मे कितनी विद्युत आपूर्ति की गई है इसकी जानकारी नहीं लेते है। जिससे सविदा कर्मी मनमानी करते हैं। इससे उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। मधुकरपुर फीडर के किसानों ने जिला अधिकारी से मांग की है कि मधुकरपुर फीडर का केबल अतिशीघ्र बदला जाए जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित नहीं हो।

### अटौरा में आंधी में टूटे एक दर्जन खम्भे, करीब 60 हजार की आबादी रही प्रभावित

**अटौरा, रायबरेली, अमृत विचार।** बुधवार की रात में आयी आंधी की वजह से क्षेत्र के अटौरा विद्युत उपकेंद्र की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चरमरा गई। करीब एक दर्जन विद्युत खम्भे टूटने के कारण उपकेन्द्र के सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। उमस भरी भीषण गर्मी में क्षेत्र की करीब 60 हजार आबादी गर्मी से त्राहि-त्राहि करने लगी। अटौरा विद्युत उपकेन्द्र के अर्न्तगत 6 फीडरों के माध्यम से 28 गांवों के 12800 कनेक्शन धारकों को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाती है। बुधवार की रात आये आंधी तूफान से जैसे ही विद्युत आपूर्ति बाधित हुए लोग लगातार उपकेन्द्र पर फोन कर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने को लेकर दबाव बनाने लगे। विद्युत कर्मियों की कर्मठता के चलते गुरुवार की सुबह 33 हजार और 11 हजार लाइनों के फाल्ट ठीक करते हुये दोपहर 12 बजे तक उपकेंद्र के सभी फीडरों में विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी। उपकेन्द्र के अवर अभियता अभियंता शशांक शर्मा ने बताया आंधी की वजह से कुल 11 विद्युत पोल टूटे हैं। जिन्हें बदलने का काम चल रहा है। सबसे ज्यादा प्रभावित हसनापुर और जरिया फीडर रहे।

# कंप्यूटर व अभिलेख उठा ले गए चोर

**ऊंचाहार, रायबरेली।** गांव के पंचायत भवन का ताला तोड़कर चोर कंप्यूटर सहित सारा उपकरण और शासकीय अभिलेख तक उठा ले गए है। ग्राम पंचायत अधिकारी ने मामले की सूचना कोतवाली में दी है।मामला रोहनिया विकास खंड की ग्राम पंचायत कमालपुर का है। बुधवार रात तोड़ डाला और उसके अंदर रखा कंप्यूटर, प्रिंटर, इनवर्टर, मोटर, स्टार्टर आदि सामान के साथ शासकीय अभिलेख तक उठा ले गए।मामले की जानकारी गुरुवार की सुबह तब हुई जब ग्रामीण शौच के लिए सचिवालय की ओर गए। उसके बाद ग्राम प्रधान भी मौके पर पहुंचे। ग्राम पंचायत अधिकारी घनश्याम सिंह ने कोतवाली में लिखित तहरीर दी है।

# मां की हत्या कर शव जलाने के मामले में परिजनों ने नहीं दी तहरीर

संवाददाता,ऊंचाहार

**अमृत विचार।** मां की हत्या करके घर के पीछे उसका शव जलाने के मामले में 24 घंटा बीत जाने के बावजूद परिजनों ने अभी तक पुलिस को तहरीर नहीं दी है। उधर, वारदात को अंजाम देकर फरार हुआ बेटा तक पुलिस के हाथ नहीं पहुंच पाए हैं।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरे ठकुराइन मजरे उसरैना में बुधवार की दोपहर गांव के लवकुश कुमार की पत्नी सुशीला देवी की हत्या उनके बड़े बेटे कुलदीप ने गड़ासा से कर दी थी। उसके बाद शव को घर के पीछे सुनसान स्थान पर ले जाकर जलने की कोशिश की। इस सनसनीखेज वारदात को 24 घंटे बीत चुके हैं ।परिजनों द्वारा अभी तक कोतवाली में घटना की तहरीर नहीं दी गई है। जिसके कारण पुलिस ने इतनी बड़ी घटना में अभी तक प्राथमिक की भी नहीं दर्ज की है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह का कहना है कि हत्या आरोपी बेटा नशेड़ी था और वह अक्सर गांजा पीकर बवाल करता रहता था ।मामले में परिजन अभी शव के अंतिम संस्कार में लगे हैं। इसलिए उनसे विस्तृत बातचीत नहीं हो पाई है। बहुत जल्द इस मामले में प्राथमिक की दर्ज करके हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।

# मंदिर से हजारों रुपए के घंटे चोरी

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के दो गांव में चोरों ने हजारों रुपए के घंटे चुराकर सनसनी फैला दी। चोरी की इन घटनाओं की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी है। ग्रामीणों ने बताया कि चोरों ने नीवां गांव के संलेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात 25 से 30 किलो घंटे चुराकर ले गए।

चोरों ने इसके बाद देवइया मजरे इचौली में देवइया वीर बाबा मंदिर से 20 से 25 किलो के घंटे चुरा ले गये। ग्रामीणों का कहना है कि शातिर चोर एक के बाद एक वारदात कर रहे हैं, परंतु पुलिस किसी भी वारदात का पर्दाफाश करने में नाकाम साबित हो रही है। इससे चोरों के हौसले बुलंद हो गए है।

# जमीन बेचने के नाम पर रुपए हड़पने का केस दर्ज

संवाददाता, बछरावां

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के दोस्तपुर गांव के रहने वाले मां व बेटे ने जमीन बेचने के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपए हड़प लिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। दोस्तपुर गांव के रहने वाली माया देवी तथा उनके पुत्र चक्रपाणि ने लखनऊ जनपद के सेमरा चिनहट के रहने वाले सुनील कुमार यादव पुत्र स्व श्रीराम को जमीन बेचने के बाबत 35 लख रुपए ले लिया परंतु जब जमीन लिखाने की बात आई तब सुनील कुमार को पता चला कि उक्त लोगों ने यह जमीन पहले ही बेंच दी है। सुनील कुमार को जब इस फर्जीवाड़ा का पता चला तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने जब आरोपी लोगों से अपना 35 लाख रुपया वापस मांगा, तब चक्रपाणि मुकर गया और सुनील कुमार को जान से मार देने की धमकी तथा गाली-गलौज भी देने लगा। पीड़ित सुनील कुमार यादव की तहरीर पर बछरावां थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाल विजेंद्र शर्मा का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच की जा रही है। जांच के बाद सच्चाई पता चलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### 48 लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को 48 लोगों के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई। जबकि एक वारंटी व तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित को किया गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्तों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरूवार को बदोसराय पुलिस टीम ने पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त जनपद सीतापुर के ग्राम मीरानगर निवासी अजमल पुत्र इरशाद को मरकामऊ के पास जबकि सतरिख पुलिस टीम ने ग्राम सराय अकबराबाद निवासी शिवम रावत को इसी मामले मे गिरफ्तार कर लिया।

### बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलाना पड़ा भारी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लाइसेंस के बिना मेडिकल स्टोर चलाना ग्राम बड़गांव के रहने वाले श्यामलाल को भारी पड़ा। अयोध्या के विशेष न्यायाधीश औषधि ने बड्डूपुर स्थित मेसर्स अमित मेडिकल स्टोर थाना क्षेत्र फतेहपुर के खिलाफ कार्रवाई के बाद औषधि विभाग द्वारा कार्रवाई के बाद दाखिल किए गए परिवारवाद औषधि निरीक्षक बनाम सहजराम को औषधि एवं प्रशासन सामग्री अधिनियम के अपराध के तहत 4 वर्ष के कारावास व एक लाख रूपये जुर्माने की सजा सुनाई।

# गलत उम्मीदवार का चयन और बसपा प्रत्याशी बना भाजपा की हार का कारण

## भारी पड़ा भाजपा प्रत्याशी राजरानी का जिला पंचायत अध्यक्षी का गुमान, आयातित नेताओं को तरजीह भी भाजपा को ले डूबी

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

- राजरानी रावत ने सबसे बड़ी हार अपने नाम कर ली
- भाजपा खेमे में हार के कारणों की समीक्षा शुरू

**अमृत विचार :** जिले में भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत की करारी शिकस्त के बाद से पार्टी के मंत्री, विधायक, नेता और पदाधिकारियों समेत सभी भौचक्के हैं। बीजेपी की प्रियंका रावत ने जहां 2014 के लोकसभा चुनाव में सबसे बड़ी जीत दर्ज की थी, तो 2024 में राजरानी रावत ने सबसे बड़ी हार अपने नाम कर ली। जबकि कांग्रेस को संजीवनी मिल गई। भाजपा खेमे में हार के कारणों की समीक्षा शुरू हो गई है। लेकिन, पार्टी पदाधिकारी हार के कारणों को समझ नहीं पा रहे। ऐसे में हार की समीक्षा रिपोर्ट तैयार करना भी उनके लिये काफी टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। हालांकि इतना जरूर साफ है कि हार की जिम्मेदारी कुछ नेताओं तक सीमित नहीं रहेगी। आने वाले दिनों में कइयों पर गाज गिरना तय है। भाजपा प्रत्याशी की हार में अब तक जो वजहें निकलकर सामने आईं, उनमें पुराने कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज कर आयातित नेताओं को तरजीह देने से लेकर गलत उम्मीदवार का चयन और मायावती का डमी प्रत्याशी प्रमुख हैं।

**गलत उम्मीदवार का चयन :** चुनाव की शुरुआत में निवर्तमान सांसद उपेंद्र रावत के वायरल वीडियो कांड के बाद जब राजरानी रावत के नाम का ऐलान भाजपा प्रत्याशी के तौर पर हुआ तभी ऐसा लगा कि भाजपा ने गलत प्रत्याशी का चयन कर लिया हो। जिला संगठन और पुराने कार्यकर्ताओं की राय को दरकिनार करने की बात भी सामने आई। शायद इसीलिये बहुत सारे ऐसे मतदाता जो भाजपा को वोट देते आ रहे थे, उन्होंने घर से निकलना ही ठीक नहीं समझा या फिर गठबंधन के पक्ष में अपना वोट डाल आए। गलत उम्मीदवार का चयन कार्यकर्ताओं को भी पसंद नहीं आया और उन्होंने मनमुताबिक काम नहीं किया।

नाम न छापने की शर्त पर जिले में भाजपा के एक बड़े नेता ने बताया कि उनकी प्रत्याशी राजरानी रावत पूरे चुनाव में कभी गंभीर नहीं दिखीं। राजरानी रावत ने कई मौकों पर कहा कि सांसद नहीं भी बनूंगी, तब भी जिला पंचायत की अध्यक्षी तो अपने पास ही रहेगी। इसके अलावा प्रत्याशी के पति चुनाव भर पूरी तरह से हावी रहे। प्रत्याशी ने पार्टी के निचले नेताओं से कभी कोई संवाद ही नहीं किया। इसी वजह से पार्टी का छोटा कार्यकर्ता उनके साथ जुड़ नहीं सका। दूसरे दलों में बड़े पैमाने पर की गई तोड़फोड़ भी भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को लक्ष्य के आसपास तक नहीं पहुंचा सकी। चुनाव का बिगुल बजते ही सपा से भाजपा में आने वाले नेताओं की फेहरिस्त लंबी होती चली गई।


तनुज पुनिया, विजेता


राजरानी रावत, उपविजेता


शिव कुमार दोहरे, बसपा

### संविधान बदलने की चर्चा से बदला माहौल

पीएम मोदी के 400 पार नारे को जिले में कांग्रेस और सपा नेताओं ने आरक्षण से जोड़ दिया। दावा किया कि भाजपा इतनी ज्यादा सीटें इसलिए चाहती है ताकि वह संविधान बदल सके और आरक्षण खत्म कर सके। जिले में दलितों और ओबीसी के बीच यह बातें काफी तेजी से फैलीं और नतीजा वोटों के रूप में सामने आया। शायद इसीलिये इस बार यहां का दलित भी सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर जाता दिखा।

### पुराने कार्यकर्ताओं को किया नजरअंदाज

पार्टी कार्यकर्ताओं की नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद भाजपा अपने प्रत्याशी का सही चयन नहीं कर सकी। पार्टी प्रत्याशी विरोधी भावना का अनुमान नहीं लगा सकी। जिसने पार्टी के खिलाफ गुस्से को और बढ़ा दिया। इतना ही नहीं पुराने कार्यकर्ताओं ने यहा तक आरोप लगाया कि पूरे चुनाव के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया जाता रहा। जिसका नतीजा रहा कि हर विधानसभा में भाजपा को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी।

### मायावती के प्रत्याशी ने बिगाड़ा खेल

मायावती ने शिव कुमार दोहरे के रूप में बाराबंकी से ऐसा प्रत्याशी उतारा, जिसने सपा-कांग्रेस गठबंधन का नुकसान करने के बजाय, फायदा पहुंचाने का काम किया। बसपा के प्रत्याशी के चलते भाजपा को काफी नुकसान हुआ। इससे दलित वोटों में उम्मीद के मुताबिक बंटवारा नहीं हुआ। भाजपा नेताओं की मानें तो अगर बसपा ने चुनाव में मजबूत प्रत्याशी उतारा होता, तो नतीजे कुछ और हो सकते थे।

### युवाओं की नाराजगी पड़ी भारी

जिले के युवाओं के बीच सपा और कांग्रेस नेताओं ने लगातार यह बात रखी कि भाजपा सरकार नौकरी नहीं दे पा रही। पेपर लीक हो रहे हैं। पूरे प्रदेश के साथ जिले के युवाओं में भी यह एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा। इसी वजह से जमीन पर भारी संख्या में युवा भाजपा से काफी नाराज दिखे। युवाओं की नाराजगी उनके वोटों में दिखी और वह खुलकर तनुज पुनिया का साथ देते नजर आये।

### पुनिया ने समझा सामाजिक समीकरण

इंडिया गबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के पिता व पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया ने काफी सतर्क रहते हुए जातिगत समीकरणों को समय रहते समझा। यही वजह रही कि उनके पुत्र ने जमीन पर भाजपा को बेहद कड़ी टक्कर दी। चाहे मुस्लिम मतदाताओं को गठबंधन के पक्ष में एकजुट करना हो या दलित वोटरों को मोड़ना। हर दिशा में गठबंधन के नेताओं ने एकदम सटीक कदम उठाए।

### नहीं चला हिंदुत्व कार्ड

जिले में अल्पसंख्यक आक्रामकता को कम करने का बीजेपी का असफल प्रयास और सपा-कांग्रेस गठबंधन के पीछे मुस्लिमों का एकजुट होना, जिसने सफलतापूर्वक भाजपा के विरोध में माहौल तैयार कर दिया। जिले के राजनीतिक जानकारों का तो यहां तक कहना है कि भाजपा हिंदू मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने में भी असफल रही। हिंदू मतदाता जातियों में बंट गए।

दिल्ली में सरकार गठन के बाद हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। बिंदुवार समीक्षा में जो भी कमियां निकलकर आएंगी, उन्हें दुरुस्त करने के लिए हम लोग काम करेंगे। अगर किसी ने पार्टी का विरोध किया होगा तो उसके खिलाफ भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। केंद्र और प्रदेश स्तर से जो भी निर्देश मिलेंगे उसके मुताबिक पार्टी जिले में आगे काम करेगी।
—**अवनीश कुमार सिंह**, एमएलसी व जिला प्रभारी

# तेज आंधी में पिलर गिरने से वृद्धा दबी, मौत

## कई जगह बिजली के खंभे टूटने से गुल रही बिजली, गर्मी से मिली राहत पर उमस से बेहाल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

**अमृत विचार :** देर रात आई तेज आंधी और पानी के चलते टीन शेड के नीचे लेटी एक वृद्ध महिला की दबकर मौत हो गई। वहीं जिले के कई क्षेत्रों में विद्युत पोल टूट गए। जिसके चलते विद्युत आपूर्ति रात भर बाधित रही। मौसम के बदले मिजाज से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली वहीं उमस से लोग बेहाल भी दिखे।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के उमरी विशुनपुर गांव निवासी पुजारी की पत्नी सुधा देवी 55 वर्ष घर के बाहर रखी टीन शेड के नीचे सो रही थी। तभी देर रात अचानक आंधी पानी के कारण टीन शेड का पिलर उनके ऊपर गिर गया। जिससे पिलर के नीचे दब कर सुधा की मौत हो गई। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं आंधी पानी के बाद जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गुल हुई बिजली दोपहर तक चालू नहीं हो सकी थी। जिससे इस भीषण गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसी तरह सतरिख क्षेत्र में देर रात आए आंधी पानी से तिंदवानी, बरकटही, गांव के मुख्य रोड पर पेड़ गिर जाने से विद्युत पोल टूट कर धराशायी हो गया। जिससे आवागमन बन्द रहा। पावर कारपोरेशन के संविदा कर्मचारियों ने पेड़ को काटकर हटाया तब रास्ते का आवागमन शुरु हुआ। इतना ही नहीं क्षेत्र के बांदिक पुरवा, कैथी, भोजपुर, सैलानी माता, डल्लू खेड़ा, जरुवा, गढ़ी , भिटौली कलां, रामपुर जोगा, मातन पुरवा सराय मीही, इमलिहा ऊसर, इब्राहिम पुर, बरौली , मानपुर , लखैइचा, सहित हरख क्षेत्र के मानपुर मोहना सेठमऊ गोकुलपुर तीर गांव जर्मापुर इब्राहिमाबाद भानमऊ सहित कई दर्जनों गांवों में रात भर बत्ती गुल रही। जिससे सैकड़ो गांव अंधेरे में डूबे रहे। जेई अरविंद कुमार ने बताया कि आंधी पानी से विद्युत लाइन में खराबी आ गई थी। जिसे दुरुस्त कर सप्लाई दी जा रही हैं।

फतेहपुर क्षेत्र में भी आंधी के चलते करीब 22 विद्युत पोल टूट कर गिर गए। जिसके कारण करीब 200 गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। पावर कारपोरेशन के कर्मचारी उसे दुरुस्त करने में जुटा है। आंधी आने से उदापुर, बजगहनी, बिलौली, हसुवापरा, भगोली, रारिया, खिझना आदि गांव में करीब 22 पोल टूटे हैं। जिसके कारण सिहाली, हसनपुर टांडा, बसारा, इसरौली, मदनपुर, हजरतपुर, शेखपुर, बिलौली महराज, विशुनपुर, कुतुलुपुर, असोहना, तालगांव, पटना आदि करीब दो सौ गांवों की विद्युत आपूर्ति 11 घंटे बाधित रही। विभाग के कर्मचारियों द्वारा पोल बदलने का कार्य किया जा रहा है। फतेहपुर कस्बे में रात करीब दो बजे कटी बिजली दोपहर करीब एक बजे बहाल हुई। ऐसे में रात भर लोग बेहाल दिखे।

रामसनेहीघाट क्षेत्र में भी देर रात आंधी आने के कारण रात एक बजे के बाद विद्युत उपकेंद्र रामसनेहीघाट में बिजली आपूर्ति बंद हो गई थी। आंधी-पानी के उपरांत कस्बा से जुड़े विद्युत उपकेंद्रों को गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। ग्रामीण क्षेत्र में कई जगहों पर पेड़ तारों के ऊपर गिर जाने से बिजली आपूर्ति बाधित रही।


फतेहपुर में आंधी में टूटकर गिरा पोल।


बरकतही गांव के रास्ते में टूटा पोल व पेड़।

### टिन शेड गिरने से वृद्ध की मौत, टूटा विद्युत पोल


आंधी में टूटकर गिरा विद्युत पोल।

**मसौली, बाराबंकी : अमृत विचार :** बीती रात करीब ढाई बजे आई आंधी से दर्जनों घरों के टिनशेड जहां हवा में उड़ गये। वहीं बिजली के खम्भे एवं तार टूटने से क्षेत्र मे करीब 18 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। इस दौरान लोग पानी के लिए तरस गये। आंधी की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गयी। रात्रि करीब ढाई बजे आचनक आयी तेज आंधी और बूंदाबांदी से अफरातफरी मच गयी आंधी इतनी तेज थी कि गहरी नींद में सो रहे लोग जग गये। करीब आधा घंटे की तेज आंधी में तमाम घरों पर रखी टिनशेड उड़ कर दूर जा गिरी और क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। तेज आंधी के चलते सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रहरामऊ में टिनशेड गिरने से एक 60 वर्षीय राधेलाल पुत्र तुलसी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस एवं राजस्व टीम ने मौका मुआयना किया तथा परिवारिजनों के कहने पर पंचनामा कर दाह संस्कार कर दिया गया है।

### प्यार किया है, कोई गुनाह नहीं साहब

**सतरिख, बाराबंकी: अमृत विचार:** घर से फरार होकर एक प्रेमी युगल रात्रि में थाने पहुंचे। पुलिस ने गुरुवार को परिवारीजन को बुलाकर प्रेमी युगल के बयान दर्ज किए और दोनों को आजाद कर दिया।

प्रेमी युगल एक ही समुदाय के हैं। दोनों के मकान आमने-सामने हैं। करीब दो वर्षों से दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक वर्ष पहले घर वालों से चोरी छिपे प्रेमी युगल ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। दोनों ने कई बार घर से भागने की योजना बनाई, लेकिन परिवार की लोक लाज के कारण ऐसा नहीं कर सके। 5 जून की अर्धरात्रि प्रेमी युगल घर से निकलकर सतरिख थाने पहुंचे और रात भर थाने में ही रुके। पुलिस को मामले की जानकारी देकर कोर्ट मैरिज के कागज और बालिग होने के प्रमाण दिखाए। दूसरे दिन गुरुवार की सुबह पुलिस ने दोनों के परिवारजन को थाने बुलाया, तो परिवार के लोगों ने इसका विरोध शुरू किया। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।

## सार-संक्षेप

### जयकारों के साथ भंडारे का आयोजन


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**हैदरगढ़, बराबंकी : अमृत विचार :** हर हर नारायणी के जयकारों के बीच गुरुवार की शाम स्थानीय बस स्टेशन के सामने स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दादी भक्त अंशुमान अग्रवाल द्वारा भंडारे का आयोजन कर प्रसाद का वितरण किया गया। श्री राणी सती दादी सेवा संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस भंडारा का शुभारंभ दादी को फल, मिष्ठान व सब्जी पूड़ी का भोग लगाकर किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचकर दादी भक्तों ने पूरी सब्जी का प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा में राजकुमार अग्रवाल, शिवकुमार चतुर्वेदी, दिनेश शुक्ला, शिव बहादुर सिंह, शक्ति सिंह, अंशुमान अग्रवाल, महेश अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, गौरव झुनझुनवाला, अन्नू मिश्रा, राम प्रकाश वैश्य शामिल रहे।

### मुलायम को कार्यकर्ताओं ने दी सच्ची श्रद्धांजलि : गोप


अरविंद सिंह गोप को बधाई देने पहुंचे सपा नेता व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बाराबंकी : अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में हुए आम लोकसभा चुनाव में पार्टी को बड़ी जीत दिलाकर कार्यकर्ताओं ने अपने चहेते नेता स्व. मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित की है। यह बात राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने प्रदेश में सपा व इंडिया गठबंधन को मिली प्रचंड जीत के बाद कही। जनपद की विभिन्न विधानसभाओं से आए पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप को माला, फूल, गुलदस्ता, प्रतीक चिन्ह भेंटकर ऐतिहासिक जीत की बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। पूर्व मंत्री ने शिष्टाचार भेंट करने पधारे सभी आगंतुकों का मुंह मीठा कराकर सभी के साथ जीत की खुशियां साझा की और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद, पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, हसमत अली गुड्डू व समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान शामिल रहे।

### सफाई कर्मी ने डोंगल लगाया तो होगी एफआईआर


ब्लॉक सभागार में बैठक करते खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी।

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत, ग्राम विकास अधिकारी एवं पंचायत सहायकों की बैठक हुई। बैठक में बीडीओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि पंचायत सहायक सरकारी सिस्टम के अंग हैं। आप सभी को अपनी जिम्मेदारियों को पंचायत भवन पर नियमित बैठ कर निर्वहन करना है। सभी पंचायत सहायकों को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन, शौचालयों तथा विधवा, वृद्ध, दिव्यांग पेंशन आदि की सूची रखने विषयक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान व सचिव ही डोंगल लगायेंगे यदि किसी सफाई कर्मी ने डोंगल लगाया तो उसके विरुद्ध कार्यवाही एफआईआर करवाई जाएगी। पंचायत सहायक क्षमतावान एवं टाइलेन्टेड हैं आप सभी को किसी प्रकार की राजनीति से न प्रेरित होकर गांव के वृद्ध, विधवा की पेंशन ऑनलाइन दिलवा कर पुण्य प्राप्त करें। वहीं बीडीओ ने कहा कि पंचायत सहायकों के साथ झूम एप पर मीटिंग कर विकास कार्यों की समीक्षा होगी। बैठक में 20 अनुपस्थित पंचायत सहायकों को पत्र जारी कर आख्या मांगने के निर्देश भी दिए।

### वट वृक्ष की पूजा कर की पति की लंबी आयु की कामना


वट सावित्री वृत की पूजा करतीं सुहागिनें। अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** वट सावित्री व्रत के चलते गुरुवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखते हुए बरगद पेड़ की पूजा की और आशीर्वाद लिया। बताया जाता है कि यह दिन सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, सावित्री नाम की महिला ने अपने सुहाग यानी पति के प्राणों की रक्षा के लिए वट वृक्ष के नीचे यमराज की पूजा की, जिससे प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान की आयु बढ़ा दी। सुहागन स्त्रियां सावित्री की तरह वटवृक्ष के नीचे पूजा करती हैं और पति की लंबी आयु की कामना करती हैं। हिंदू धर्म में महिलाएं पति की लंबी आयु और स्वास्थ्य की कामना में कई व्रत रखती हैं।

# सचिवालय में तैनात नहीं पंचायत सहायक

संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी

**अमृत विचार :** हैदरगढ़ विकासखंड की कमेंला ग्राम पंचायत में लंबे अर्से से पंचायत सहायक का पद खाली होने से ग्रामीणों को सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ पाने के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को आय, जाति, निवास, मृत्यु जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य सरकारी सेवाएं ग्राम स्तर पर ही उपलब्ध हो जाए और उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इसके लिए ग्राम पंचायत में ग्राम सचिवालय की स्थापना कर पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई हैं और बकायदा कंप्यूटर सिस्टम उपलब्ध कराया गया है। हैदरगढ़ विकासखंड की कमेंला ग्राम पंचायत में पिछले लंबे अरसे से पंचायत सहायक का पद खाली होने से सरकार की यह मंशा फलीभूत नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व पंचायत सहायक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद से आज तक पंचायत सहायक की नियुक्ति नहीं हुई है जिसकी वजह से पंचायत सचिवालय में हमेशा ताला लटका रहता है। हम लोगों को सचिवालय के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं के लिए जन सेवा केंद्र की दौड़ लगानी पड़ती है और समय के साथ-साथ धन की भी हानि उठानी पड़ती है। सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजय कुमार ने बताया कि जल्द ही नियुक्ति कर संचालन शुरु कराया जाएगा।


कमेंला ग्राम पंचायत में बंद पड़ा सचिवालय।

## अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय

**हैदरगढ़, बाराबंकी: अमृत विचार:** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह एवं महामंत्री कुंवर बहादुर यादव के नेतृत्व में आमसभा की बैठक हुई। बैठक में तहसील में व्याप्त समस्याओं एवं भ्रष्टाचार को लेकर सर्वसम्मति से समस्याओं का निस्तारण न होने तक तहसील स्थित सभी न्यायालय के अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया गया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र पांडे, ज्ञान प्रकाश त्रिवेदी, सुनील कुमार वर्मा, मुंशीलाल, मित्र सेन, अखिलेश कुमार, रामदास वर्मा, विजय यादव, राजकुमार श्रीवास्तव, रामकरण, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मानस क्रिकेट एकेडमी ने 129 रन से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बाराबंकी डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में चल रहे प्रथम बालाजी डेज क्रिकेट स्टेट चैंपियनशिप के अंतिम मैच के दूसरे दिन गुरुवार को मुकाबला बालाजी क्रिकेट क्लब एवं मानस क्रिकेट क्लब के बीच में खेला गया।

पहले दिन बुधवार को टॉस जीतकर मानव क्रिकेट एकडेमी ने 354 रनो का विशाल स्कोर रख दिया था। गुरुवार सुबह बारिश के कारण मैच देरी से शरू हुआ और लॉड्स बालाजी क्रिकेट क्लब को 48 ओवर्स में 269 का लक्ष्य दिया गया। लॉड्र्स बालाजी क्रिकेट एकेडमी मात्र 139 रनों पर अपने दसों विकेट गंवा के सिमट गई। लॉड्र्स बालाजी की तरफ से शिवेंद्र ने सर्वाधिक 32 रन, विनायक ने 28 रन एवं अभुदय प्रताप सिंह ने 22 रन बनाए। मानस क्रिकेट एकेडमी की तरफ से तूफानी गेंदबाजी करते हुए अनिकेत सिंह ने 7 विकेट प्राप्त किये एवं 2 विकेट अंशुल कपूर ने प्राप्त किये। इसी के साथ मानस क्रिकेट एकेडमी ने 129 रनों से मैच को जीत लिया।

**मनमानी** एनपीए में डाली गई रकम, 23 बैंकों के 1.3 लाख हैं उधारी के खाताधारक, वसूली के लिए दी जाती है नोटिस, राष्ट्रीय लोक अदालत का मिलता है सहारा

# कर्ज लेकर खूब किया खर्च... नहीं चुकाए बैंकों के 12 अरब

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

**अमृत विचार :** बैंक से कर्ज लेकर किसी ने मकान बनवाया तो किसी ने कार खरीद ली। किसी ने अपनी रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक से लोन लेकर खूब खर्च किया, तो किसी ने खेती किसानी के लिए बैंकों से कर्ज ले लिया अब इसे चुका नहीं रहे हैं। जिले में एक लाख 3962 लोग ऐसे सामने आए हैं। यह लोग 12 बैंकों का 12 अरब से ज्यादा दबाए बैठे हैं। लगातार प्रयास करने के बाद रकम वापस न लौटने पर बैंकों ने यह राशि एनपीए (नॉन परफार्मिंग एसेट्स) में डाल दी है। बैंकों द्वारा लोगों को घर बनाने से लेकर घर चलाने तक के लिए ऋण दिया जाता है। लोग अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने लिए भी कर्ज लेते हैं।

खेतीबाड़ी से लेकर सरकारी योजनाओं के पात्रों को भी बैंकों से ऋण दिया जाता है। जिससे लोग व्यवसाय शुरु करने के साथ घर आदि बनवा सके। इसके बाद समय से बैंक से लिया पैसा वापस करें जिससे अन्य पात्रों को भी लाभ दिया जा सके। लेकिन देखने में आ रहा है कि लोग विभिन्न क्षेत्रों में निवेश आदि के लिए बैंकों से लिया गया ऋण लंबे समय तक वापस करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। ऐसे में उधारी की रकम फंसने से इसका वित्तीय असर सीधा बैंकों पर पड़ रहा है। कुछ ऐसा ही मामला जिले का भी है। यहां के 23 बैंकों से 12 अरब 14 करोड़ 39 लाख का ऋण 103962 लोगों ने ले लिया अब यह ऋण लौटा नहीं रहे हैं। बैंक राष्ट्रीय लोक अदालत के जरिए भी एनपीए खातों को निपटाने के प्रयास में हैं।


अग्रणी बैंक का कार्यालय।

### कृषि क्षेत्र में सबसे ज्यादा फंसा पैसा

बैंकों की ओर से किसानों को खेती संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से रियायती ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा कृषि उपकरणों की खरीद के लिए कर्ज दिया जाता है। लेकिन, बैंकों का सबसे ज्यादा ऋण कृषि क्षेत्र में ही फंसा हुआ है। जिले के 23 बैंकों के 66,589 खाताधारक 9 अरब 26 करोड़ 40 लाख रुपये नहीं लौटा रहे हैं।

तय अवधि बीतने के बाद भी लिए गए ऋण की अदायगी न करने पर उस रकम को एनपीए में डाल दिया जाता है। हालांकि, एनपीए के बाद भी ऋण वापस आता रहता है। यह एक सतत प्रक्रिया होती है। बैंकों की ओर से ऋण की वापसी के लिए नियमानुसार प्रयास किए जाते हैं।
—**विवेक कुमार**, अग्रणी जिला प्रबंधक, बाराबंकी

### एनपीए रिपोर्ट (धनराशि करोड़ में)

| बैंक का नाम | खातों की सं. | धनराशि | बैंक का नाम | खातों की सं. | धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 5613 | 98.42 | यूको | 369 | 3.59 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 26987 | 420.58 | एक्सिस | 513 | 1.6 |
| केनरा बैंक | 1822 | 36.73 | बंधन बैंक | 3925 | 16.39 |
| सेंट्रल बैंक | 346 | 3.85 | फेडरल बैंक | 28 | 0.76 |
| इंडियन बैंक | 1512 | 24.5 | एचडीएफसी | 1250 | 10.93 |
| पीएनबी | 1582 | 22.5 | आईसीआईसीआई | 160 | 2.45 |
| यूनियन बैंक | 2070 | 42.17 | आईडीबीआई | 152 | 3.98 |
| स्टेट बैंक | 4376 | 37.45 | इंडसंड बैंक | 169 | 1.25 |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्रा | 139 | 1.46 | कोटेक महिंद्रा | 1258 | 56.65 |
| | | | आर्यावर्त बैंक | 45631 | 370.88 |
| इंडियन ओवरसीज | 322 | 7.12 | यूपीएसजीवी बैंक | 4569 | 27.76 |
| पंजाब एंड सिंध | 931 | 16.51 | उज्जीवन स्मॉल फाईनेंस लि. | 167 | 0.3 |
| कुल योग | 1,03,962 | 1214.39 | | | |

# मूर्ति खंडित होने से बढ़ा तनाव, कराया समझौता

## डैमेज कंट्रोल के लिए प्रशासन ने नई मूर्ति मंगवाकर कराई प्राण प्रतिष्ठा

फतेहपुर, बाराबंकी


लोगों को समझाते एसडीएम आरजगत साईं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दुर्गा माता मंदिर में लगी मूर्ति को अराजक तत्वों द्वारा लगातार तीसरी बार खंडित किए जाने को लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट फतेहपुर आरजगत साईं, नायब तहसीलदार रामजी द्विवेदी व क्षेत्राधिकारी डॉ. बीनू सिंह मौके पर पहुंचे और मामले में डैमेज कंट्रोल करने के लिए नई मूर्ति मंगा कर प्राण प्रतिष्ठा कराई। साथ ही दोनों पक्षों को बैठाकर सुलह समझौता कराकर मामले को रफा दफा किया।

पूरा मामला थाना क्षेत्र कुर्सी के पोखन्नी गांव के सैकड़ों वर्ष पुराने दुर्गा माता मंदिर का है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बीते 3 जून को मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। गुरुवार सुबह पूजन अर्चन करने गए ग्रामीणों ने खंडित प्रतिमा देखी तो मामला जंगल में लगी आग की तरह तेजी से आसपास के क्षेत्र में फैल गया। जिसकी वजह से स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

जानकारी मिलने पर मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीम फतेहपुर आरजगत साईं पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। बलवा होने की स्थिति भांप कर सीओ डॉ बीनू सिंह ने मौके पर भारी पुलिस बल व पीएसी के जवानों को लगाया गया। क्षेत्र में पहले तनाव की स्थिति को देखकर एसडीएम व सीओ ने दोनों पक्षों से बातचीत की व खंडित के स्थान पर नई मूर्ति मंगाकर स्थानीय लोगों की मौजूदगी में पूरे विधि विधान के साथ उसकी अपनी मौजूदगी में प्राण प्रतिष्ठा करवाई।

### प्रभारी निरीक्षक बोले...

प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल दोनों पक्षों के लोगों से बातचीत कर ली गई है। किसी तरह का तनाव नहीं है।

# आचार संहिता खत्म, शुरू होंगे विकास कार्य

## लोकसभा चुनाव के कारण 82 दिनों से रुकी थी विकास की गति

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की आचार संहिता 6 जून को खत्म हो गई। अब विकास कार्यों को रफ्तार मिलेगी। बीते 82 दिनों से विकास कार्यों की न तो समीक्षा हो पा रही थी और न ही नए कार्य शुरु हो पाए। अब सभी शासकीय प्रतिबंध हटा लिए गए हैं। इसी के साथ हेल्पलाइन और जनसुनवाई भी शुरु हो जाएगी। विकास एवं निर्माण कार्यों में तेजी आएगी।

चुनाव को लेकर लगाई गई धारा 144 भी खत्म हो गई है। सामाजिक कार्यकम, बैंडबाजा के लिए भी प्रशासन से अनुमति नहीं लेनी पड़ेगी। नए राशनकार्ड और नई पेंशन स्कीम भी शुरू होंगी। अब लोकार्पण और शिलान्यास भी होंगे। चुनाव को लेकर आचार संहिता लगने के साथ नए स्तर से होने वाले विकास कार्यों पर पूरी तरह से रोक लग गई थी। यहां तक कि जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा तक नहीं हो पाई। अब तक न तो ग्राम पंचायतों में नया काम हो पा रहा था न ब्लॉक और न जिला पंचायत में नए कार्यों को स्वीकृति मिल पा रही थी। विभागों में विभागाध्यक्ष योजनाओं की समीक्षा शुरू करेंगे। लंबित कार्यों को तेजी से पूरा किया जाएगा। शासन और प्रशासन स्तर से होने वाली मॉनीटरिंग भी अब तेजी होगी। मुख्यमंत्री प्राथमिकता वाले कार्याक्रमों की भी प्रमुखता के साथ समीक्षा होंगी। सीडीओ अ.सुदन ने बताया कि चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के साथ विकास कार्यों में तेजी आएगी। नियमित समीक्षा और जनसुनवाई भी चालू होगी।

### इन कार्यों में आएगी तेजी

रामनगर के महादेवा में कॉरिडोर का निर्माण, नई इंडस्ट्रीज, पीडब्ल्डी और आरईडी द्वारा सड़कों का निर्माण, ग्राम पंचायतों में सर्वे कराकर शौचालय निर्माण के लिए पांच-पांच हजार रुपये की धनराशि, पीएम शहरी और ग्रामीण आवास के साथ वृद्ध, विधवा व दिव्यांग पेंशन के नए आवेदन और भुगतान के साथ कई अन्य ढेर सारी योजनाओं पर काम शुरू होगा।

### जिला योजना की होगी बैठक

आचार संहिता खत्म होने के बाद अब जहां जिला पंचायत में जिला योजना की बैठक होगी। वहीं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित दिशा की बैठक भी प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में कराई जाएगी। इन बैठकों में सभी दलों के जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विकास कार्यों पर चर्चाएं होंगी। वहीं नगर पालिका परिषद समेत ब्लॉक प्रमुखों की मौजूदगी में भी सदन की बैठकों का दौर शुरू होगा। इसके अलावा जिलाधिकारी भी हर सप्ताह योजनाओं की समीक्षा करेंगे।

## एक नजर

### हमला करने के आरोपी को दस वर्ष का सश्रम कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** महिला पर तमंचे से फायर कर हत्या का प्रयास करने के मामले में न्यायालय ने थाना क्षेत्र जहंगीराबाद निवासी प्रमोद कुमार को दस साल के सश्रम कैद व तीस हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई। आरोपी के फायर करने से मां घायल होकर गिर गई। महिला के बेटे सूरज कुमार ने दो वर्ष पहले घटना की तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास में मुकदमा दर्ज कराया था। तत्कालीन विवेचक ने मामले की गहनता से जांच कर अभियुक्त के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था।

### पड़ोसी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** नशे में धुत तीन लोगों ने मिलकर पड़ोसी को लात घूसों से जमकर पीट दिया। उसके बाद ईंट से हमला कर दिया। पुलिस ने तिंदवानी मजरे बरकटही गांव निवासी पप्पू निषाद तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

### मार्ग के लिए स्वीकृत धनराशि का पता नहीं

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** कचहरी स्टेशन से रेलवे क्रासिंग होकर केशवपुर पहड़वा मार्ग अति जर्जर है। कटरा बाजार की ओर जाने का एक मात्र मार्ग यही है। महादेवा क्रासिंग पर ओवर ब्रिज का निर्माण हो रहा है लेकिन कचहरी से कटरा बाजार मार्ग पर केशवपुर पहड़वा ग्राम पंचायत के एफसीआई गोदाम होकर जाने वाला मार्ग अति जर्जर है। छह माह पहले लोनिवि को 49 लाख की स्वीकृति मिली थी लेकिन यह धनराशि कहां है और सड़क का निर्माण क्यों नहीं हो पाया अधिकारी चुप हैं।

# विद्यालयों में छुट्टियों के बाद ऑनलाइन हाजिरी के लिए प्रशासन ने कसी कमर

## मोबाइल नेटवर्क और कनेक्टिविटी के आधार पर शिक्षकों को मिलेंगे सिम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- इंटरनेट के लिए प्रतिमाह मिलेंगे 200 रुपये, ऑनलाइन हाजिरी को लेकर होगी सख्ती
- स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने सभी बीएसए को पत्र भेज सिम वितरित करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** जिले के परिषदीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की फेस रिकॉग्निशन सिस्टम से ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने को लिये टैबलेट वितरित किये जा चुके हैं। लेकिन सिम उपलब्ध न होने के कारण उनका उपयोग नहीं हो पा रहा है। अब गर्मी की छुट्टी के बाद विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी लगाने के लिये स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को पत्र भेजकर जल्द से जल्द टैबलेट के सिम वितरित करने के लिये निर्देशित किया है।

जिले में 2625 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें 1781 प्राथमिक विद्यालय, 475 पूर्व माध्यमिक विद्यालय, 369 कंपोजिट विद्यालय हैं। इन परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को टेबलेट भी वितरित किये जा चुके हैं। इससे छात्र-छात्राओं व शिक्षकों की हाजिरी के अलावा मिड-डे मील पंजिका व अन्य सभी प्रकार के रजिस्टर भी ऑनलाइन किये जाएंगे। विभाग की ओर से ब्लॉक वार सिम का आवंटन कर खंड शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराया जाएगा। जिसके बाद सभी शिक्षकों को सिम दिये जाएंगे। इसके बाद उपस्थिति दर्ज कराने के इस नियम का सख्ती से पालन कराया जाएगा।



स्कूलों में टैबलेट द्वारा ऑनलाइन हाजिरी और सभी रजिस्टर ऑनलाइन करने के लिये शासन से निर्देश प्राप्त हुए हैं। चुनाव प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। अब विभाग की ओर से बजट स्कूलों को आवंटित किया जाएगा। जिसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी अपने स्तर से विद्यालयों में सिम उपलब्ध कराएंगे। सभी स्कूलों में इस नियम का सख्ती से पालन भी कराया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा का पत्र आने के बाद सभी को निर्देश दिया जा चुका है। कस्तूरबा विद्यालयों में तैनात शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारियों और छात्राओं को सुबह, दोपहर और शाम ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करानी होगी।

–संतोष देव पाण्डेय, बीएसए

### धनराशि जारी करने के आदेश जारी

स्कूल शिक्षा की महानिदेशक कंचन वर्मा ने शिक्षकों को इंटरनेट के लिए प्रतिमाह 200 रुपये देने के आदेश भी जारी किये हैं। इस राशि का उपयोग टैबलेट्स के संचालन के लिए सिम कार्ड एवं इंटरनेट की सुविधा के लिए किया जा सकेगा। यह राशि उन शिक्षकों को दी जाएगी जिनको टैबलेट दिए गए हैं। सिम स्थानीय स्तर पर मोबाइल नेटवर्क और कनेक्टिविटी के आधार पर खरीदे जाएंगे। 200 रुपये प्रतिमाह की दर से एक टैबलेट के लिए अधिकतम 2400 रुपये और दो के लिए 4800 रुपये खर्च किए जा सकेंगे। इस राशि का समायोजन विद्यालय को मिलने वाली कम्पोजिट ग्रांट से किया जाएगा।

### ऑनलाइन हाजिरी करवाना चुनौती

जिले के परिषदीय विद्यालय में करीब आठ हजार शिक्षक तैनात हैं। जिले को करीब 4180 टैबलेट मिले थे, जिन्हें शिक्षकों को सौंपा जा चुका है। इसी टैबलेट में विभिन्न रजिस्टर भी समाहित होंगे। इसके अलावा बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों की हाजिरी भी फेस रिकॉग्निशन सिस्टम से ऑनलाइन ही लगेगी। हालांकि शासन के इस कदम पूरे प्रदेश के साथ ही जिले के शिक्षक भी विरोध कर रहे हैं। तमाम शिक्षक संगठन इसके खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। ऐसे में ऑनलाइन हाजिरी करवाना चुनौती है और आने वाले दिनों में विभागीय अधिकारियों का भी हलकान होना तय है।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय में अब तीन बार लगेगी हाजिरी

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में मनमानी करने वाले शिक्षक, कर्मचारी और वार्डेन पर भी महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने नकेल कसी है। जिसके तहत टैबलेट पर फेस रिकॉग्निशन सिस्टम के जरिये अब एक दो नहीं बल्कि प्रतिदिन तीन बार हाजिरी लगानी पड़ेगी। इस आदेश को भी अमली जामा पहनाने में बेसिक शिक्षा विभाग जुट गया है। दरअसल कस्तूरबा विद्यालयों में तैनात शिक्षक, शिक्षणेतर कर्मचारियों के अक्सर विद्यालय छोड़कर चले जाने की शिकायत मिलती रही है। यहां तक कि छात्राओं को भी घर के लिए छोड़ दिया जाता है। जबकि उनके नाम पर भोजन आदि पर खर्च दिखाया जाता है। इस तरह की लगातार मिलती शिकायतों को देखते हुए शासन ने अब सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज करने का निर्देश जारी किये हैं। हर दिन ऑनलाइन उपस्थिति का विवरण भी प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड करना होगा। दर्ज उपस्थिति के अनुसार ही शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन का भुगतान किया जाएगा। जिले में कुल 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय संचालित हैं, जिसमें प्रति विद्यालय 100 छात्राओं की दर से 1500 छात्राएं पंजीकृत हैं।

# युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक युवक ने फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

जानकारी के मुताबिक, थाना रामनगर के ग्राम तहापुर मजरे सिलौटा निवासी अर्जुन (22) पुत्र रमेश गौतम गुरुवार को भोर में पत्नी जब शौच के लिए गई हुई थी, उसी समय घर के कमरे में फंदा लगा लिया। वापस लौटी पत्नी ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद पाकर शोर मचाया तो आसपास के लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे, तब तक रमेश की मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर रामनगर रत्नेश पांडेय ने बताया कि प्रथमदृष्टया पति पत्नी का विवाद सामने आया है।

# लापता किशोर का पेड़ से लटकता मिला शव

सतरिख, बाराबंकी

- पिता के डांटने से हो गया था नाराज

**अमृत विचार :** पिता की डांट से नाराज़ देर शाम घर से लापता एक छात्र का शव खेत में लगे पेड़ में रस्सी के सहारे लटकता हुआ मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सतरिख थाना क्षेत्र के गेहंदवर मज़रे खपुरवा गांव निवासी सुजीत रावत (15) पिता रंजीत रावत की डांट से नाराज़ होकर बुधवार की देर शाम घर से लापता हो गया था। परिवार के लोगों के द्वारा काफी खोज बीन की गई, लेकिन देर रात तक कुछ पता नहीं चल सका था।। गुरुवार की सुबह रंजीत के खेत में ही लगे नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे शव लटकता हुआ मिला है। कुछ ग्रामीण सुबह शौच के लिए जा रहे थे तो शव लटकता देख पुलिस और परिवारवालों को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक राजकीय इंटर कॉलेज जाटा बरौली में कक्षा 9 का छात्र था। सुजीत की मौत पर परिवारवालों का रो-रो कर बुरा हाल है।


**जोखिम में जान, इतनी भी क्या जल्दी श्रीमान...** रेलवे ट्रैक के बगल से मोटरसाइकल निकालना लोगों को भारी पड़ सकता है, परंतु इन्हे कौन समझाये। कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है फिर भी लोग नहीं चेत रहे है। फोटो-शशांक अटल बाजपेई

# करोड़ों कमाने का झांसा देकर ठगे 15 लाख रुपये

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गेमिंग एप में करोड़ों रुपये कमाने का झांसा देने वालों ने ग्राम प्रधान के देवर से 15 लाख रुपए से अधिक की ठगी करने का मामला सामने आया है। आरोपी फोन पे के माध्यम से लेनदेन करते थे।

जानकारी के मुताबिक रामसनेहीघाट में गेमिंग एप के माध्यम से लोगों को करोड़ों कमाने का झांसा देकर ठगी करने का आरोप ग्राम पंचायत काशीपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय पांडेय ने कोतवाली अंतर्गत एक गांव के युवक पर लगाया है। विनय ने बताया कि उसके छोटे भाई विवेक पांडेय को यह लोगों को जल्दी रईस बनाने के सपने दिखाकर निवेश के लिए मोबाइल फैयरडेल गेम ऐप में ही फर्म खुलवाते थे। बैंक खाते खुलवाने के बाद उनमें यूपीआई के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करवा लेते है। विवेक ने लगभग 15 लाख से अधिक रुपये निवेश कर दिये। सोशल मीडिया के दौर में ऑनलाइन गेम का तेजी से क्रेज बढ़ गया है। खासकर ऑनलाइन गेम में आज का युवा वर्ग बिल्कुल खेलने में खो सा जा रहा है। लेकिन थोड़ी-सी सावधानी हटी तो दुर्घटना घट रही है। सीओ रामसनेहीघाट जटा शंकर मिश्रा ने बताया कि शिकायत आने पर जांच करा कर विधिक कारवाई की जाएगी।


नीट में सफलता पाने वाले मेधावियों को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी।

# नीट में पाई सफलता, किया सम्मानित

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रयास जल जीवन सेवा समिति रामसनेहीघाट द्वारा नीट 2024 की परीक्षा में सफल होकर दरियाबाद और जिले का नाम रोशन करने वाले होनहारों को सम्मानित किया गया। अविरल जैन और नैतिक जैन निवासी छीपी मोहल्ला दरियाबाद ने नीट 2024 की प्रवेश परीक्षा में 720 में क्रमशः 686 और 678 नंबर लाकर सफलता प्राप्त की। अविरल जैन ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट सागर नर्चर तथा नैतिक जैन ने नवोदय विद्यालय सोनिकपुर से उत्तीर्ण किया। इसके बाद दोनों कोटा में कोचिंग कर नीट की तैयारी कर रहे थे। दोनों की इस सफलता पर प्रयास जल जीवन सेवा समिति के संस्थापक अजय कृष्ण गुप्त और अध्यक्ष अंजनी साहू ने दोनों विद्यार्थियों के घर जाकर बधाई दी।

# सफेदाबाद हाईवे पर ब्रेकर न होने से हादसे का डर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी से लखनऊ जाने वाले हाईवे से सेठ बिसम्भर दास इंस्टिट्यूट केवाड़ी मोड़ मार्ग जाने के लिए हाईवे पर दोनों तरफ से ब्रेकर न होने के कारण आए दिन बड़े हादसे होते रहते हैं।

यहां के रहने वाले निवासियों का कहना है हाईवे पर कट तो बना दिया मगर बाराबंकी से लखनऊ जाने वाले लोगों के वाहन की रफ्तार कम न होने के कारण पैदल रोड को पार करना दुश्वार हो गया है। केवाड़ी गांव के रहने वाले सूरज, शिवम, दीपक आदि लोगों का कहना है कि बाराबंकी से लखनऊ जाने की और और लखनऊ से बाराबंकी की तरफ आने पर इस हाइवे के कट पर वाहनों की स्पीड कम करने के लिए कोई रोकथाम की व्यवस्था नहीं की गई है।

# घंटों बाद खुली क्रॉसिंग, लोग बिलबिलाए

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- रेलवे लाइन से गुजरते लोग जोखिम में डाल रहे जान
- नए सांसद से जगी उम्मीद हर चुनाव में बनता है मुद्दा

**अमृत विचार :** तेज धूप और उमस के बीच करीब दो घंटे बाद खुली बंकी रेलवे क्रॉसिंग के कारण लोग जाम से जूझते रहे। यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है, लेकिन इसका कोई निदान अभी तक नहीं हो पाया है। कई चुनाव आए, मुद्दा बना लेकिन इसका हल आज तक निकल नहीं सका।

प्रतिदिन हर पांच मिनट पर कई-कई घंटे क्रॉसिंग बंद होने से लोग अपनी जान की परवाह न करते हुए नीचे से निकलने का प्रयास करते हैं जो कि किसी खतरे से कम नहीं है। यहां तक लोग रेलवे ट्रैक से भी गुजरते देखे जाते हैं। अंडरपास या फ्लाईओवर को लेकर धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल न जाने कितने आंदोलन हुए लेकिन नतीजा सिफर रहा। गुरुवार को करीब दो घंटे लोग क्रॉसिंग पर जाम का दंश झेलते रहे। कभी-कभी तो वाहन निकालने में तू तू - मैं मैं की नौबत आ जाती और यहां तक मारपीट पर भी लोग उतारु हो जाते हैं। कुछ लोग जाम की झाम से बचने के लिए दो किलोमीटर लंबा रास्ता अपनाते हैं, जो कि जीतनागर से होकर शहर की ओर जाता है। कई बार तो जाम या क्रॉसिंग बंद होने से एंबुलेंस में ही कईयों की जान जा चुकी है। जिले की जनता को अब नया सांसद चुनने के बाद बहुत उम्मीद जगी हैं।

शहर से सटी बंकी नगर पंचायत की आबादी करीब पचास हजार से अधिक है। गुरुवार को बंकी रेलवे क्रॉसिंग पर दोपहर में करीब दो घंटे जाम में राहगीर फंसे रहे। दो घंटे क्रॉसिंग खुलने के बाद भी जाम की समस्या जस कि तस बनी रही। वाहन धीरे धीरे रेंगते नजर आए। वहीं क्रॉसिंग के बगल से होकर गुजरी रेलवे लाइन को ही लोगों ने रास्ता बना लिया था। कई लोग तो कंधे पर साइकिल रखकर ट्रैक पार करते नजर आए जो कि जानलेवा हो सकता है। रेलवे विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की आंख के सामने विभागीय उल्लंघन प्रतिदिन होता रहता है लेकिन क्रॉसिंग की समस्या को ध्यान में रखकर कुछ भी बोलने से बचते हैं। यहां तक कि क्रॉसिंग बंद होने व खुलने के समय में इतनी भीड़ होने के बावजूद भी कोई पुलिसकर्मी या सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं रहता है।

**बुरा हाल** शिकायत के बाद भी नहीं सुधरे हालात, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# शेखनापुरवा में हैंडपंप खराब, कूड़े से पटी हैं नालियां

सतरिख, बाराबंकी


गांव में खराब पड़ा हैंडपंप।


झाड़ियों से पटी पड़ी नाली।

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी हो रही है, लेकिन ग्राम पंचायत में पानी की किल्लत से लेकर नालियां तक पटी हुई है, हैंडपंप और नालियां बड़ी बड़ी झाड़ियों के बीच तब्दील हो गई हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

हरख ब्लॉक की ग्राम पंचायत नरौली के मज़रे शेखनापुरवा गांव में विकास का पहिया पूरी तरह थमा हुआ है। भीषण गर्मी चल रही है, लेकिन अमरदीप के मकान के सामने लगा इंडिया मार्का हैंड पंप कई महीनों से खराब चल रहा है। प्रधान से लेकर ब्लॉक तक हैंडपंप मरम्मत के लिए गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन निराशा ही हाथ लगी है। इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे है, इतना ही नहीं हैंडपंप झाड़ियों में भी तब्दील हो गया हैं। इसके अलावा यहां की नालियां भी कूड़े से पटी हुई हैं, नालियां गंदगी से बजबजा रही है। मोहल्ले के लोगों को जीना मुहाल हो गया है। कागजों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष संचारी रोग नियत्रण अभियान भी गावों में साफ सफाई के लिए दर्जनों सफाईकर्मी लगाकर काम हो चुका है उसके बाद का आलम यह है कि नालिया झड़ियों में तब्दील हैं। ऐसे में बरसात में नाली उफनाने पर खमियाजा ग्रामीण झेलेंगे। गांव के बंसीलाल, रिंकू, रामशंकर,रामू आदि का कहना है कि सफाई कर्मचारी माह दो माह में केवल दवा डालने आता है,और नाली की सफाई नही करता है। हैंड पंप मरम्मत से लेकर सफाई के लिए ब्लॉक में गुहार लगाई गई, लेकिन कुछ नहीं हुआ। डीपीआरओ नितेश भोंडले का कहना है मामले की जांच के बाद हैंडपंप मरम्मत के साथ ही साफ सफाई भी होगी,और काम के प्रति लापरवाही बरतने वालो के विरुद्ध भी कार्रवाही की जाएगी।

# मिलावटी तेल का बढ़ता जा रहा कारोबार

## कढ़ाई में डालते ही उठ रहा तेज झाग, पाम तेल मिलाकर बेचा जा रहा सरसों का तेल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



**अमृत विचार :** सरसों के तेल में मिलावट कर बाजारों में उसे बेचा जा रहा है। यह काम बाजारों में धड़ल्ले से जारी है। धंधेबाज मुनाफे के चक्कर में पाम आयल मिलाकर सरसों का तेल बेच रहे हैं। सुनियोजित तरीके से बाजारों में इसकी खेप पहुंचाई जा रही है।

अधिकतर खुले या टिन में बिकने वाले सरसों के तेल में यह मिलावट की जा रही है। सरसों का तेल शरीर को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका भले निभाता हो, मगर इसमें मिलावट कर दी जाए तो यह बड़ी बीमारियों को दावत देने लगता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बाजारों में सरसों का तेल लेते वक्त काफी सतर्क रहने की जरूरत है। फुटपाथ की दुकानें हों या घर, सरसों के तेल को कढ़ाई में डालते ही तेज झाग देते हुए लोगों ने देखा होगा। अगर तेल को कढ़ाई में डालते ही तेज झाग उठने लगे तो यह समझ लें कि घंधेबाजों ने तेल में मिलावट कर दी है। यही कारण है कि शुद्धता से सरसों का कारोबार करने वाले कारोबारी भी इन मिलावट खोरों से परेशान हैं। व्यापारियों के अनुसार, सरसों के तेल में पाम ऑयल की मिलावट की जा रही है। जो पूरी तरह से प्रतिबंधित है। थोक भाव में 140 से 150 रुपये लीटर में बिकने वाले सरसों के तेल में पाम ऑयल और रिफाइंड ऑयल की मिलावट हो रही है। पाम ऑयल से तेल गाढ़ा हो जाता है तो उसमें रिफाइंड मिलाकर उसे हल्का किया जाता है। इस काले कारोबार से जुड़े व्यापारी उसमें कलर और सेंट मिला कर बेच देते हैं।

विभाग के द्वारा खाद्य तेलों के नमूने निरंतर लिए जा रहे हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई भी की जाती है। उपभोक्ताओं के द्वारा अगर कहीं से भी किसी तरह की मिलावट की शिकायत मिलती है, तो तत्काल छापेमारी कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है।

–प्रियंका सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य, एफएसडीए

मिलावटी तेल का सेवन करने से लीवर पर असर पड़ता है। शुरू में इसका कोई नुकसान नहीं पता चलता, पर बाद में यह असर डालता है। खानपान में अशुद्धियों के चलते ही पेट जनित बीमारी से लोग परेशान हो रहे हैं।

–डॉ. राजेश कुशवाहा चिकित्सा अधीक्षक

**आज का मौसम**

आगामी 24 घंटे में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।

37.0° अधिकतम तापमान | 22.0° न्यूनतम तापमान

# स्वस्थ लोगों को रोगी बनाओ, नहीं तो नौकरी गंवाओ

## बड़ा खुलासा : रोज 40 केस का दिया गया लक्ष्य, 102 एंबुलेंस के ईएमटी परेशान, नौकरी छोड़ रहे या फिर निकाले जा रहे

पुनीत श्रीवास्तव, अयोध्या

**अमृत विचार :** जिल में बड़ी संख्या में लोगों को रोगी बनाया जा रहा है। यह काम 102 और 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों को दिया गया है। रोगी न बना पाने वाले कर्मचारियों को या तो नौकरी से निकाल दिया जा रहा है या फिर निकालने की धमकी दी जा रही हैं। अब तक कई कर्मचारी संस्था के इस फरमान की भेंट चढ़ गए। महानिदेशक तक से शिकायतें हुई हैं, लेकिन नतीजा सिफर रहा। इन सब के पीछे पैसे का खेल है। एंबुलेंस से जितने केस निकलेंगे। कंपनी के खाते में प्रति केस के हिसाब से पैसे खाते में पहुंचेंगे।

प्रदेश में एक प्राइवेट कंपनी को 102 और 108 एंबुलेंस संचालन का जिम्मा है। हर जिले में कंपनी के प्रोगाम मैनेजर, ईएमई और आरएम तैनात है। यह एंबुलेंस में तैनात ईएमटी (इमरजेंसी टेक्निशियन) को निर्देश देते हैं। आरोप है कि जिले में तैनात कर्मचारी रोजाना ईएमटी को जबरिया केस बनाने का दबाव डालते हैं। 102 एंबुलेंस में प्रतिदिन 40 और 108 में 15 से अधिक केस करने का दबाव है। निर्देश व्हाट्सएप ग्रुप पर भेजे जाते हैं। अगर केस नहीं दिया तो नौकरी से हाथ धोने को तैयार हो जाओ। वाट्सएप ग्रुप के कुछ स्क्रीन शॉट वायरल हो रहे हैं। एक ऑडियो भी वायरल है, इसमें जिले में तैनात कर्मियों से एंबुलेंस कर्मचारियों पर दबाव बनाया जा रहा है।



महिला अस्पताल में खड़ी 102 एंबुलेंस। अमृत विचार



ग्रुप पर चल रहे मैसेज के स्क्रीन शॉट। अमृत विचार

### काम कर लो भाई लोग, नहीं तो निपटा दूंगा, 40 प्लस केस

एंबुलेंस के संचालन के लिए जिले में वाट्सएप ग्रुप बनाया गया है। 102 ओपीएस टीम अयोध्या नाम से बने ग्रुप के स्क्रीन शॉट वायरल हो रहे हैं। लिखा गया है कि क्या दिक्कत आ रही है तुम लोगों को काम करने में। बार-बार बताने के बाद भी तुम लोगों के समझ में नहीं आ रहा है। काम नहीं करना चाहते हो क्या? अगर परफामेंस को लेकर दोबारा कॉल आई तो तुम लोगों के लिए सही नहीं होगा। ये लास्ट वार्निंग है, सुधर गए तो ठीक। वरना...। काम कर लो भाई लोग नहीं तो निपटा दूंगा। ये याद रखना। गुड मॉर्निंग डियर। सभी लोग केस पर फोकस करें। तीन बजे की रिपोर्ट में अयोध्या 56 नंबर पर है। क्या दिक्कत है आप लोगों को? याद रहे 102 में 10 फिकअप और 40 केस हर गाड़ी में होना ही है। जिसका भी केस डाउन है वो ध्यान दे दो नहीं तो रात आज सड़क पर ही बीतेगी।

### आईजीआरएस पर शिकायत, विशेष सचिव को लिखा पत्र

हाल ही में एंबुलेंस के ईएमटी अनिल कुमार सिस्टम की भेंट चढ़ गए थे। उन्होंने आईजीआरएस पर शिकायत डाली, जिसके बाद महानिदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम अनुश्रवण एवं मूल्यांकन, परिवार कल्याण की ओर से विशेष सचिव को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा। इसमें स्पष्ट लिखा था कि 102 एंबुलेंस सेवा के जिला प्रभारी से कर्मचारियों को प्रत्येक दिन 30 से 40 केस करने का लक्ष्य दिया जाता है। लक्ष्य पूरा न करने पर ड्यूटी नहीं करने देते और घर भेज देते हैं। इस दौरान जिले के प्रोगाम मैनेजर पर कार्रवाई का अनुरोध किया गया था।

### ऐसे बनाना पड़ता है फर्जी केस

एक ईएमटी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अधिक केस करने के दबाव में फर्जीवाड़ा करना पड़ जाता था। किसी का भी मोबाइल लेकर एंबुलेंस के कंट्रोल रूम में ईएमटी फोन करते थे। उधर से नाम पता व एड्रेस उसी ईएमटी के पास आ जाता था, जिसने फोन किया था। उसके बाद उसी जगह पर जाकर एंबुलेंस को खड़ी की जाती है और थोड़ी ही देर बाद वापस अस्पताल पहुंचाया जाता है। एंबुलेंस का जीपीएस कंट्रोल रूम को सूचित कर देता है। इससे पहले ईएमटी से फोन मालिक को समझा दिया जाता है कि अगर आपके पास कोई फोन आए तो बता दीजिएगा कि एंबुलेंस की सेवा मिल गई है। अगर कुछ न समझ आए तो फोन न उठाइएगा।

### ईएमटी की सुनिए तो जरा...



आकाश प्रताप

#### बाराबंकी कर दिया गया ट्रांसफर

मसौधा में तैनात रहे बस्ती के रहने वाले ईएमटी आकाश प्रताप सिंह ने बताया कि वह दोनों एंबुलेंस पर कार्यरत थे। केस अधिक करने का बहुत दबाव बनाया जाता था। बकौल आकाश उन्हें पहले हटाया गया अब बाराबंकी ट्रांसफर कर दिया गया।



विनीत सिंह

#### पांच माह से घर पर ही बैठा हूं

श्रीराम चिकित्सालय में एंबुलेंस के ईएमटी रहे विनीत सिंह बताते हैं कि ज्यादा से ज्यादा केस करने का दबाव बनाया जा रहा था। मुझे बहुत परेशानी हो रही थी। इतने केस कहां से कर पाता। जबदस्ती किसी स्वस्थ आदमी को बीमार करना मुश्किल हो रहा था। पांच महीने हो गए। बस्ती में अब घर पर बैठा हूं।



जन्मेजय पाठक

#### मेरी तो कोई गलती ही नहीं थी

मवई में तैनात रहे ईएमटी जन्मेजय पाठक ने बताया कि केस अधिक करने के लिए बहुत प्रेशर दिया जाता था। हालांकि किसी तरह कर रहा था। कुछ दिन पहले मवई सीएचसी पर पायलेट के शराब पीकर सो जाने के मामले में हटा दिया गया। मुझसे कहा गया कि आपने जानकारी नहीं दी थी, मैंने सबको सूचित कर दिया था।

> ऐसा कोई भी लक्ष्य हमारी ओर से नहीं दिया जाता है। यह सारी बातें बेबुनियाद हैं। कर्मचारियों को काम करना पड़ेगा। अगर हम भी काम नहीं करेंगे तो हटा दिए जाएंगे। **-अनिल पांडेय, ईएमई**

> हमारा काम यह देखना है कि मरीजों को सही समय पर एंबुलेंस सेवाएं मिल रही है या नहीं। मेरी जानकारी में भी है कि महानिदेशक तक शिकायत गई है, लेकिन कार्रवाई करने का काम हमारा नहीं है। यह प्राइवेट कंपनी है। वही कार्रवाई करेगी। **-दीपक पांडेय, एसीएमओ व एंबुलेंस सर्विस के नोडल अफसर**

> किसी को भी कोई लक्ष्य नहीं दिया जाता है। हम कंपनी की ओर से तैनात किए गए हैं। हम सिर्फ काम करने के लिए बोलते हैं। कर्मचारी काम नहीं करना चाह रहे हैं। मरीजों को सुविधाएं दिलाने के लिए ही बोला जाता है। जितने लोग अब कंपनी का हिस्सा नहीं हैं वे गलत बोल रहे हैं। वायरल ऑडियो और स्क्रीन शॉट गलत है। **-दीपक अस्थाना, प्रोजेक्ट मैनेजर**

## एक नजर

### खाद्यान्न व चीनी का वितरण आठ से

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले के सभी अंत्योदय और पात्र गृहस्थी लाभार्थियों



को जून के नियमित खाद्यान्न (गेहूं/चावल) और अंत्योदय कार्डधारकों को त्रैमास अप्रैल, मई व जून की चीनी का वितरण आठ जून से किया जाएगा। यह 25 जून तक चलेगा। यह जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्र ने दी।

### अवध विवि परीक्षा : एक नकलची पकड़ा गया

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की स्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा में गुरूवार को सचलदल की तलाशी में एक छात्र अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़ा गया। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ के हवाले से बताया कि 92632 परीक्षार्थियों में से 2241 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली की परीक्षा में 22696, द्वितीय पाली में 33409 व तृतीय पाली में 36527 परीक्षार्थियों में से क्रमश: 436, 854, 951 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई।

# जलवानपुरा में जलभराव के डर से खाली होने लगे मकान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनगरी में गुरुवार को हल्की बरसात के बाद जलवानपुरा में रहने वाले लोगों में जलभराव का डर सताने लगा। कई घरों में रहने वाले लोग घर के नीचे की फ्लोर को खाली करने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक अगर अब बरसात हुई तो घरों में पानी जाने लगेगा। इसलिए पहले से सामान को सुरक्षित कर रहे हैं। हालांकि इसको लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी है। जलवानपुरा स्थित प्रचीन क्षीरसागर कुंड की सफाई के लिए नगर निगम के द्वारा सफाईकर्मियों के साथ नाव को भी उतारा गया है।

अयोध्या के हनुमान कुंड वार्ड स्थित जलवानपुरा सबसे निचला क्षेत्र माना जाता है। जिसके कारण बरसात में भीषण जलभराव की स्थित होती है। इस क्षेत्र में बने घरों में भी पानी भर जाता है। इस वर्ष और अभिक जल भराव होने का अनुमान लगाया जा रहा है। रामपथ से राम जन्मभूमि क्षेत्र का पानी और रेलवे स्टेशन से होकर गुजने वाली सीवर लाइन से भी क्षीरसागर कुंड के गड्ढे को जोड़ दिया गया है। जिसके कारण कभी भी जलभराव जैसे समस्या खड़ी हो सकती है।



क्षीरसागर की सफाई के लिये उतारी गई नाव। अमृत विचार

**▸▸ क्षीरसागर की सफाई के लिए नगर निगम ने उतारी नाव**

स्थानीय निवासी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष इस क्षेत्र के लोग जलभराव से जूझते हैं। शत्रुघ्न गुप्ता ने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को चाहिए कि किसी भी प्रकार के स्रोत से सीवर और नालियों का पानी इस तरफ न आए। स्थानीय निवासी कमलेश शर्मा ने कहा कि क्षीरसागर कुंड को अगर खाली रखा जाता है तो पानी भरने की समस्या बहुत कम हो होगी।

### क्षेत्र में हैं 12 से भी अधिक पेइंग गेस्ट

जलवानपुरा क्षेत्र में जलभराव स्थानीय लोगों को के लिए ही नहीं बल्कि यात्रियों के लिए भी बड़ी मुसीबत बनेगी। इस क्षेत्र में लगभग 12 से अधिक पेइंग गेस्ट हाउस खुले हुए हैं। राम मंदिर के निकट होने कारण हर दिन श्रद्धालु पहुंचते हैं और रात बिताने के लिए रुकते हैं। गेस्ट हाउस चालक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव बताते हैं कि यदि इस क्षेत्र में जल भराव की समस्या हुई तो आने वाले श्रद्धालुओं को समस्या से परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसके लिए पहले ही प्रशासन को पूरी व्यवस्था करनी होगी।

> क्षेत्र में सफाई की व्यवस्था चल रही है। जलवानपुरा निचला इलाका है। निरीक्षण करा लेता हूं, जो भी दिक्कतें हैं उसका समाधान कराया जाएगा। पंप इत्यादि की भी व्यवस्था कराई जाएगी। **-अनिल सिंह, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम**

## छप्पर पर गेंद गिरने से बवाल कुल्हाड़ी से सीने पर वार, गंभीर

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** इनायत नगर थाना क्षेत्र में मामूली विवाद के बाद कुल्हाड़ी से हमला किया गया, जिससे एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम रेवना मजरे अन्तूपुर में राजकिशोर पांडे का नाती प्रखर गेंद से खेल रहा था। इसी दौरान उसकी गेंद उछलकर गांव के ही प्रदीप यादव, मंगल यादव व सुखराज यादव के छप्पर पर जा गिरी।

इसी मामूली बात को लकेर तीनों ने विवाद शुरू कर दिया और कुल्हाड़ी से हमलाकर राज किशोर पांडेय और उसके बेटे विजय कुमार पाण्डेय को घायल कर दिया। सीने पर वार होने के चलते राज किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों घायलों को अस्पताल भेजवाया गया है। जहां से डॉक्टर ने राज किशोर पांडेय को गंभीर हालत में जिला अस्पताल और फिर वहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मंदिर निर्माण कार्य में बढ़ाए जाएंगे एक हजार मजदूर

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ वर्तमान में दो हजार श्रमिक कर रहे काम**

**अमृत विचार :** राम जन्मभूमि के निर्माण कार्य मे तेजी लाने की तैयारी शुरू हो गई है। जल्द ही निर्माण कार्य में एक हजार मजदूरों की संख्या और बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में एलएंडटी ने दो हजार मजदूर निर्माण कार्य में लगाए हैं। बीते दिनों निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में परिसर में चल रहे मंदिरों के निर्माण को गति दिए जाने को लेकर निर्णय लिया गया था।



राम मंदिर के प्रथम तल के बाद द्वितीय तल का निर्माण चल रहा है। 31 दिसम्बर तक शिखर का भी निर्माण हो जाएगा। इसके साथ ही मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बन रहे परकोटा और उसमें छह पंचायती मन्दिर का भी निर्माण मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा राम जन्मभूमि परिसर में शेषावतार और सप्त ऋषियों के मंदिर निर्माण की डेड लाइन तय कर दी गई है। अक्टूबर में इस कार्य को पूरा करने के बाद मंदिरों में मूर्तियों को भी स्थापित कर श्रद्धालुओं के पट खोल दिया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक मंदिर परिसर में निर्माण कार्य अपने निर्धारित समय अनुसार किया जा रहा है। समय-समय पर निर्माण कार्य की समीक्षा के लिए चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र अयोध्या आते हैं। परिसर में चल रहे निर्माण कार्य अपने समय पर पूरा हों इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिसके लिए न केवल मजदूर की व्यवस्था बनाई जा रही है बल्कि निर्माण में लगने वाली पत्थरों की आपूर्ति भी समय से पहुंचे इस पर मंथन समय समय किया जाता है। राजस्थान में चल रही कार्यशाला में भी मजदूर पत्थरों पर तरासी का कार्य करने के बाद अयोध्या लाए जा रहे हैं। आने वाले कुछ महीनो में मंदिर परिसर का दृश्य भी भव्य दिखाई देने लगेगा।

## मुस्कुराइये कि आप भक्तिपथ पर हैं!



जिले में गुरुवार भोर में हुई हल्की बरसात के बाद अयोध्या धाम में हुए विकास कार्य तैरने लगे। तस्वीर भक्तिपथ की है। श्रृंगार हाट से हनुमान गढ़ी तक जाने वाले मार्ग पर जलभराव से अव्यवस्था फैल गई। श्रद्धालु गंदे पानी के बीच से गुजरने को मजबूर दिखे। कई दुकानों में भी जल भराव की समस्या दिखी। स्थानीय व्यापारियों की मानें तो सड़क निर्माण में किसी भी मानक को पूरा नहीं किया गया है। ● अमृत विचार

## बीटेक व एमटेक कोर्सों को एआईसीटीई से अनुमोदन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी परिसर में संचालित अंडरग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्रामों को अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) से अप्रुवल मिला है। निदेशक प्रो. राजीव गौड़ ने बताया कि आईईटी में संचालित एमटेक कोर्स इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग में स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग, जिओटेकनिकल सहित कई कार्सों को पहली बार एआईसीटीई से अप्रुवल प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर निदेशक प्रो. गौड़ ने एआईसीटीई अप्रुवल सम्बंधित टीम इंजीनियर नवीन पटेल, इंजीनियर सौहार्द्र ओझा सहित शिक्षकों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

# उच्चतम न्यायालय के आदेश पर बना राम मंदिर : अवधेश

अयोध्या कार्यालय

**▸▸ टिकट मिलने के साथ ही तय हो गई थी जीत**

**अमृत विचार :** फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से निर्वाचित सपा के अवधेश प्रसाद ने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय के आदेश, निर्देश पर हुआ। कोई भी सरकार होती तो न्यायालय के आदेश पर मंदिर का निर्माण करवाती ही करवाती। यह बातें उन्होंने गुरुवार को एक निजी चैनल से बातचीत में कहीं।



अवधेश प्रसाद

उन्होंने कहा कि टिकट मिलने के बाद से ही 100 फीसदी तय हो गया था कि वह जीत जाएंगे। कारसेवकों पर गोली चलवाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि उनके नेता मुलायम सिंह यादव ने उस समय कहा था कि राम मंदिर अयोध्या में बने, सोने से बने लेकिन न्यायालय के आदेश पर या आपसी समझौते से बनाया जाए। कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने भी यही कहा था कि मंदिर का निर्माण न्यायालय के आदेश पर बने या फिर आपसी समझौते से। वह मुद्दा राख हो गया है। चला नहीं। उसके बाद भी सपा की सरकार बनी। चार बार प्रदेश में सरकार बनी।

## सार-संक्षेप

### वट सावित्रि का व्रत रख की पति की दीर्घायु की कामना



रुदौली में वट सावित्री की पूजा करतीं महिलाएं।

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** महिलाओं ने गुरुवार को वट सावित्री का व्रत पूजन किया। यह व्रत ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष के अमावस्या तिथि के दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखती हैं। व्रत के दौरान महिलाएं बरगद पेड़ के नीचे पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना की करती हैं। शहर के काशीपुर वार्ड के तमसा नदी के तट पर मां काली मंदिर परिसर में लगे बरगद की पूजा की गई। पूजा करने गई शीलम, सुमन, नेहा व अर्चना ने बताया कि वट सावित्री पूजा कर पति के दीर्घायु और स्वस्थ होने की कामना की है। गुड़, चना और पुआ का भोग लगाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण करना चाहिए। आचार्य हरीश शास्त्री ने बताया व्रत में आम का मुरब्बा, गुड़ या चीनी जरूर खाना चाहिए।

### अभियान चलाकर रामपथ से 30 ठेले हटवाए, पांच जब्त



रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के निकट कार्रवाई में जुटा प्रवर्तन दल।

**अयोध्या। अमृत विचार :** नगर निगम के प्रवर्तन दल ने गुरुवार को रामपथ से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान सहातदतगंज द्वार से लेकर रिकाबगंज हनुमान गढ़ी तक कार्रवाई की गई। कुल 30 ठेलों को हटवाया गया। पांच ठेलों को जब्त कर नरेंद्रालय में खड़ा कराया गया है। प्रवर्तन दल के वीके सिंह ने बताया कि मंडलायुक्त आवास, विकास भवन, सर्किट हाउस व हनुमानगढ़ी के पास कार्रवाई की गई। इस दौरान जिन ठेला चालकों के पास लाइसेंस नहीं मिले, उन्हें जब्त कर लिया गया। पॉलीथिन को लेकर कुछ छह हजार रुपये का चालान किया गया है। उन्होंने बताया कि मुनादी भी करवाई गई है कि भविष्य में अगर उक्त जगहों पर फिर से ठेले मिले तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### संविदा पर नियुक्ति के लिए आठ तक करें आवेदन

**अयोध्या। अमृत विचार :** जिले में गठित स्थायी लोक अदालत में पेशकार के रिक्त पद पर नियुक्ति संविदा के आधार पर नियत पारिश्रमिक पर किए जाने के लिए आवेदन पत्र मांगे गए हैं। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि आवेदन पत्र पर अभ्यर्थी अपना नाम, पता, जन्मतिथि, विभाग का नाम जहां पर सेवानिवृत्त हुए है, सेवानिवृत्त की तिथि, फिटनेस प्रमाण पत्र, पहचान पत्र (आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) और मोबाइल नंबर अंकित करते हुये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अयोध्या के कार्यालय में आठ जून की शाम पांच बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन करने के लिए फॉर्म जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में 10 से शाम पांच बजे तक आठ जून तक प्राप्त और जमा किए जा सकते है।

## सोशल मीडिया की सुर्खियों में रामनगरी : अयोध्या में हार पर वार, तल्ख टिप्पणियां

# सरयू में स्नान व रामलला के करें दर्शन, न करें खरीदारी

राजेद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या में चुनाव परिणाम के बाद गुरुवार को एक अफसर के पास केरल से फोन आया। न नमस्कार, न प्रणाम, न जय सियाराम, बोले यह क्या किया आप लोगों ने। अफसर मौन, फिर बोले क्या करते? यह अफसर के पुराने मित्र थे। इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लिखा, निवेदन है कि अयोध्या जाएं, सरयू में स्नान करें, रामलला के दर्शन करें, लेकिन यहां खरीदारी बिल्कल न करें। एक वरिष्ठ पत्रकार की टिप्पणी ग्रुप पर आई, अयोध्यावासियों को गाली देने से पहले इतना तो सोच लेते स्वयं भगवान श्री राम भी अयोध्यावासी हैं। एक ने कहा कि अयोध्या की धरती बड़ी बेवफा है। यह तो बानगी भर हैं। ऐसी न जाने कितनी पोस्टें इंस्टाग्राम, ट्विटर, फेस बुक, व्हाट्सएप पर चल रही हैं। जैसे एक अभियान चलाया जा रहा है। यह भावना ही है या कुछ और। सोशल मीडिया की आईडी फेक है या असली, यह कह पाना मुश्किल है लेकिन अयोध्या में बीजेपी की हार पर पूरे देश से नाराजगी का संकेत जरूर है।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का संबंध वर्तमान की राजनीति से नहीं है। वह भगवान के साथ मानव रूप में अयोध्या के एक आदर्श राजा थे। विश्व में किसी भी देश में शासन का आदर्श पूछा जाता है। तो राम राज्य का नाम आता है। यह अयोध्या और श्रीराम की देन है। लोकसभा चुनाव में अयोध्या वाली फैजाबाद सीट पर भाजपा की हार पर देश ही नहीं विदेश तक भौंचक है। संदेश दूर तक गया। तीन दिन से सोशल मीडिया पर जैसे वार छिड़ गया। सबके निशाने पर अयोध्या के लोग है। एक ने लिखा, 500 साल के बाद राम मंदिर बना, राम लला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। विकास हुआ। प्रत्याशी भी रामभक्त और बेदाग रहा। फिर भी अयोध्या के लोगों भाजपा को हरा दिया। शर्म आनी चाहिए। इसे अपराध की संज्ञा दी।

सोशल मीडिया पर सैकड़ों लोगों (नाम लिखना उचित नहीं) की आईडी से ऐसी टिप्पणियां देखी जा सकती हैं। एक चौधरी साहब ने लिखा कि इतिहास गवाह है कि अयोध्यावासियों ने हमेशा अपने सच्चे राजा के साथ विश्वासघात किया। श्रीराम को वनवास दिया। माता सीता को परित्याग करवाया। वर्तमान में कल्याण सिंह के बाद मोदी इसके उदाहरण है। तरह-तरह के वीडियो वायरल हो रहे हैं। कई ने बचाव भी किया। कारण गिनाएं, लेकिन कोई कुछ मानने को तैयार नहीं। वार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शहर के विजय सिंह ने बताया कि बुधवार को गुप्तार घाट पर दक्षिण भारत से आई एक टीम के लोगों ने भ्रमण किया। अपने साथ लाया नाश्ता किया लेकिन कुछ नहीं खरीदा।

### अयोध्या के लोग अचंभित

अयोध्या के लोग भी अचंभित है। वह कुछ समझ नहीं पा रहे है। पहली बार इतनी सख्त टिप्पणियां झेल रहे है। आस्था के साथ राजनीति का इतना घालमेल पहली बार देखा। 40 साल के आंदोलन से अब तक ऐसा बहिष्कार की टिप्पणी जैसी हालत कभी नहीं देखी। ग्रामीण क्षेत्र के दीपक कहते हैं यह लोगों का दर्द है। उन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद के चुनाव में ऐसी अपेक्षा नहीं थी। राम सुरेश कहते हैं यहां के लोगों से इस बार तो चूक ही कही जाएगी।

### सोशल मीडिया की कुछ टिपण्णियां

- अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने वाले सभी भक्तों से विनम्र निवेदन है। रामलला के दर्शन करने जाएं। वहां कुछ न खरीदें। प्रसाद भी अपने घर से लेकर जाएं, राम को भी एहसास होना चाहिए कि उन्होंने कितना बड़ा अपराध किया है।
- आप लोग आयोध्या जाएं, गवान राम के दर्शन करिए ,पर आयोध्यावासियो से कुछ भी मत खरीदना,जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं।
- राम मंदिर बनाने के बाद भी यदि ऐसे परिणाम आए हैं तो मैं यही कहूंगा कि हिन्दुओं ने कल्याण सिंह को बाबरी मस्जिद गिराने की सजा दी थी और नरेन्द्र मोदी को राममंदिर बनवाने की सजा दी है।

### भड़के 'रामायण' के लक्ष्मण

रामानंद सागर की 'रामायण' में लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सुनील लहरी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अयोध्या चुनाव परिणामों पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने पवित्र शहर के लोगों पर अपने राजा के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और उन्हें स्वार्थी कहा। कहा कि हम ये भूल गए कि ये वही अयोध्यावासी हैं जिन्होंने वनवास से आने के बाद माता सीता पर भी संदेह किया था।

### सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दिया धन्यवाद

अयोध्या की जनता का मैं धन्यवाद देता हूं। उनका दुख दर्द आपने समय-समय पर देखा होगा, लोगों को मुआवजा नहीं दिया, अन्याय किया। इसीलिए अयोध्या और आसपास के क्षेत्र में जनता ने भाजपा के खिलाफ मतदान किया।

## एक नजर

### तमंचे के साथ आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

अमेठी, अमृत विचार। थाना जामो पुलिस ने गुरुवार को क्षेत्र में चेकिंग के दौरान अभियुक्त बृजेश कुमार (25) निवासी लाला का पुरवा मजरे बलभद्रपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे रामजी पुरवा तिराहे के पास से दबोचा। उसके कब्जे से एक तमंचा, 1 जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।

### किराया भुगतान के लिए 15 तक जमा कराएं लॉगबुक

अमेठी, अमृत विचार। जिला पूर्ति अधिकारी/प्रभारी अधिकारी ईंधन नीलेश उत्पल ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए प्रयुक्त समस्त हल्के भारी वाहनों में ईंधन आपूर्ति एवं उनके किराया भाड़े के भुगतान के सम्बन्ध में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही किया जाना है। बताया कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अभी तक निर्वाचन में प्रयुक्त वाहन की लॉगबुक मय खाता विवरण बैंक पासबुक की छायाप्रति, जमा नहीं की है, वह 15 जून तक हर हाल में जनपद के जिला पूर्ति कार्यालय गौरीगंज में जमा करा दें। ताकि वाहनों के सम्बन्ध में प्रयुक्त ईंधन एवं उनके किराया भाड़े का भुगतान कराये जाने हेतु विवरण जिला निर्वाचन कार्यालय अमेठी को प्रेषित किया जा सके।

### वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मुसाफिरखाना, अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए अभियुक्त रामचन्दर उर्फ अखिलेश (27) निवासी पूरे दहपेल मजरे बहोरखा और रोहित यादव (23) पूरे बक्स का पुरवा मजरे बहोरखा हैं। पुलिस ने दोनों को नन्द महर चौराहे पर बने मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि बुधवार शाम दोनों पावरहाउस बहोरखा में बिजली विभाग में काम करने वाले कर्मी को डण्डा से मारकर घायल करके बेहोश कर दिया था। इसके बाद वहां से भागते वह अपनी बाइक छोड़ गए थे।

# स्मृति को मंत्री और भाजपा के विधायक अपने क्षेत्र में ही नहीं दिला पाये जीत

संवाददाता, अमेठी



स्मृति ईरानी

## राजनीतिक चर्चा

▸▸ दूसरी पार्टियों से आए लोगों की आवभगत और पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा पड़ी भारी



मयंकेश्वर शरण सिंह



सुरेश पासी



अशोक कोरी

अमृत विचार। देश की हाईप्रोफाइल लोकसभा सीटों में शुमार अमेठी की सीट पर वर्ष 2019 के आम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को हरा दिया दिया था। लेकिन पांच साल में ही परिस्थितियां ऐसी हो गईं कि वर्ष 2024 के चुनाव में स्मृति ईरानी को गांधी परिवार के एक करीबी के हाथों बुरी तरह से पराजय मिली है। कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने स्मृति ईरानी को 1,67,196 वोटों से हरा दिया।

स्मृति की इस हार के पीछे कई वजहें बताई जा रही हैं। लेकिन सबसे बड़ी वजह जो हैं वह यह कि अपनी विधानसभा में दबदबा रखने वाले भाजपा के विधायक और सरकार में मंत्री तक अपने क्षेत्र से स्मृति ईरानी को जीत नहीं दिलवा सके। यहां तक कि भाजपा के लिये प्रचार करने वाले सपा के बागी विधायक राकेश प्रताप सिंह और महाराजी देवी के विधानसभा क्षेत्र से भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी के जिला पंचायत क्षेत्र से भी पार्टी को करारी हार मिली। चुनाव में अपने विधानसभा में बीजेपी के लिए लगातार कैम्पेन करने वाले तिलोई विधायक और प्रदेश के स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की विधानसभा में बीजेपी 18818 वोटों से पराजित हुई। सलोन विधानसभा में भाजपा विधायक अशोक कोरी ने भी कड़ी मेहनत की, लेकिन इस विधानसभा में भी भाजपा को सबसे बड़ी हार 52318 वोटों से मिली। जगदीशपुर विधानसभा में मौजूदा विधायक सुरेश पासी भी कोई कमाल नहीं कर सके। इस विधानसभा में स्मृति को 15425 वोटों से मात खानी पड़ी। गौरीगंज विधानसभा में सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह का जादू नहीं चला और यहां स्मृति ईरानी की 30318 वोटों से हार मिली। स्मृति ईरानी को सबसे बड़ी हार अमेठी में मिली जहां चुनाव के पहले बीजेपी का प्रचार करने वाली सपा विधायक महाराजी प्रजापति और उनके परिवार के बड़ा रिएक्शन देखने को मिले थे। इस विधानसभा सीट से स्मृति ईरानी को 46689 वोटों से बड़ी हार मिली। स्मृति ईरानी को सबसे बड़ी हार सलोन और अमेठी विधानसभा में मिली। पूरे चुनाव में बीजेपी के लिए सबसे ज्यादा मेहनत करने वाले जिला पंचायत अद्यक्ष राजेश अग्रहरी का भी जादू नहीं चला। उनके जिला पंचायत क्षेत्र में भी बीजेपी को बड़ी हार मिली। बीजेपी प्रत्याशी स्मृति ईरानी को मिली हार पूरे लोकसभा में चर्चा का विषय बानी हुई है। राजनीतिक पंडित बताते है कि स्मृति ईरानी के लिए अपने मन के व्यक्ति को रखकर जिले की कमान देना दुर्भाग्यपूर्ण रहा। इसके साथ जिले के अपराधी सेफ जोन की तलाश में बीजेपी में शामिल हो गए, जिन्हें बढ़ावा मिला।

### जनता को रास नहीं आया बागियों का साथ





राकेश प्रताप सिंह, महाराजी प्रजापति

राजनीतिक जानकर बताते हैं कि चुनाव के पहले गौरीगंज सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह और अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति को अपने पाले में लाना स्मृति ईरानी की सबसे बड़ी भूल साबित हुई। राकेश समेत उनका पूरा परिवार बीजेपी का प्रचार और वोट देने की अपील करता रहा, लेकिन लोगों ने पूरी तरह से उन्हें नकार दिया। ऐसा ही कुछ अमेठी विधानसभा में भी नहीं देखने को मिला, जहां जेल में बंद गायत्री प्रजापति की विधायक पत्नी महाराजी देवी और उनका पूरा परिवार भाजपा को वोट देने की अपील करता रहा, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया और अमेठी विधानसभा में स्मृति ईरानी को बड़ी हार मिली। 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन के प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा पर जातिगत समीकरण समीकरण भी रहा हावी रहा।

### पुराने कार्यकर्ताओं की अनदेखी भी पड़ी भारी

पार्टी के जो पुराने कार्यकर्ता थे उसको नजरअंदाज करके उनका मानमर्दन करना और पुराने भाजपा कार्यकर्ताओं का किनारा करना हार का प्रमुख कारण रहा। स्मृति ईरानी ने अपनों पर भरोसा नहीं किया। बाहर से आने वाले नेताओं की खूब आवभगत की लेकिन पुराने कार्यकर्ताओं की उपेक्षा कर बैठीं। इसी कारण पुराने और निष्ठावान कार्यकर्ता पार्टी से दूर होते गए। पार्टी ने इन कार्यकर्ताओं को एकजुट करने के बजाय बाहर से आये नेताओं को ज्यादा तवज्जो दिया, जो स्मृति ईरानी की हार का मुख्य कारण रहा।

# बिजली विभाग की मनमानी से लोग परेशान

## शहर व गांव में जमकर हो रही अघोषित कटौती, फाल्ट ठीक होने में लग जाता है पूरा दिन

शुकुल बाज़ार, अमेठी

अमृत विचार। जिले में भले ही 18 से 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जाता हो पर यहां की अधिकांश आबादी की उमस भरी रात अंधेरे में ही कट रही हैं। इतना ही नहीं हल्के फाल्ट को भी ठीक करने में विभाग को घंटों नहीं, कभी-कभी तो पूरा दिन लग जाता है। गांव से कस्बे तक बिजली की समस्या एक जैसी है। नगर व कस्बों में बिजली के अभाव में लोगों को पीने के पानी के लिए भी पसीना बहाना पड़ता है। इतना ही नहीं तेज हवा चली नहीं की जिले के तमाम गांवों व कस्बों की बत्ती गुल हो जाती है। कमीशन के खेल में पोल हवा को झोका नहीं सह पाते और तार भी जब-तब टूटते व गिरते रहते हैं।

जिले में गांव व कस्बों में बिजली सही तरीके से पहुंचाने के लिए 33/11 केवी के 35 बिजली घर बने हैं। इनमें एक एक सैकड़ा से अधिक फीडर बनाए गए हैं। इतना सब होने के बाद भी फाल्ट के नाम पर बिजली गुल रहती है। एक नया पावर हाऊस निर्माणाधीन है। जिले में 132 केवी के तीन पावर हाऊस गौरीगंज, जगदीशपुर व तिलोई के सिंहपुर ब्लाक में बने हुए हैं। 220 केवी का भी एक पावर गूगंवाछ अमेठी में है। इसके बाद भी बिजली पूरे जिले में अपना प्रकाश नहीं फैला पा रही है। इसके पीछे कारण कुछ भी हों पर गर्मी में आवाम बिजली के अभाव में बिलबिला रहे हैं। शुकुल बाजार में पुराने तारों के सहारे ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। दशकों पहले जो तार लगाए गए थे। उन्हें जोड़कर अब की जुगाड़ से काम चलाया जा रहा है। जिसके चलते हमेशा विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। जिले की सबसे पुरानी नगरीय बस्ती जायस में पानी खारा होने के चलते बिजली गुल होने के साथ पीने के पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मच जाती है। यहां बिजली कट जाने के बाद पानी की आपूर्ति भी बंद हो जाती है। औद्योगिक क्षेत्र के आस-पास के गांवों को भी दस घंटे अधिकतम बिजली मिल पाती है। जबकि दावा 18 घंटे का है। कुछ ऐसा ही हाल कमरौली का भी है।



बिजली लाइन को ठीक करते कर्मी।

### शुकुल बाजार में बिजली कटौती

विद्युत उपकेंद्र महोना, शुकुल बाजार और सतथिन से जुड़े गांवों में रोस्टिग, ब्रेक डाउन, फाल्ट, लो वोल्टेज व कर्मचारियों की लापरवाही से बिजली की किल्लत बढ़ गयी है। ग्रामीणों की माने तो हर रोज दोपहर में और रात में बिजली की कटौती की जा रही है। उमस भरी गर्मी में महज 6 से 7 घंटे ही बिजली मिल रही है। शिकायत करने पर विभाग 33 हजार लाइन की खराबी का रोना रो रहा है।

> तेज हवा के चलते बिजली के पोल टूट जाते हैं। जिससे आपूर्ति बाधित हो जाती है। जल्द बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए टीम को लगाया जाता है। अधिक संख्या में पोल टूटने के चलते कई बार आपूर्ति बहाल करने में समय लग जाता है। कठौरा लाइन को जल्द ही दुरुस्त कर लिया जाएगा।
>
> –अधीक्षण अभियंता–अमेठी

### जगदीशपुर, गौरीगंज व अमेठी को 24 घंटे बिजली

वैसे तो औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के साथ ही जिला मुख्यालय गौरीगंज व अमेठी शहर को 24 घंटे बिजली देने का आदेश है लेकिन इस पर वास्तव में अमल नहीं होता। कई घंटों की कटौती की जा रही है। मुसाफिरखाना व तिलोई को 22-22 घंटा बिजली देने का आदेश है तो ग्रामीण क्षेत्रों को केवल कागजों में ही 18 घंटे बिजली दी जा रही है।

# अमेठी में तैनात दीवान की बेटी ने नीट में पाई सफलता

संवाददाता, अमेठी



तंजीला ख़ान।

अमृत विचार। मुसाफिरखाना कोतवाली में डायल 112 में तैनात दीवान असलम खान की बेटी ने बड़ी कामयाबी हासिल कर मां-बाप का नाम रोशन किया है। दीवान असलम खान की बेटी तंजीला खान ने 2024 की नीट परीक्षा में 720 अंकों में से 675 अंक हासिल कर ऑल इंडिया जनरल रैंक 11,399वां स्थान प्राप्त किया है।

तंजीला खान ने इस सफलता का श्रेय अपने फैमिली को दिया है। तंजिला खान ने अपनी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई सुल्तानपुर के केएनआईसी से किया है। जिसके बाद वह कानपुर तैयारी करने के लिए चली गई और उन्होंने यह सफलता अपने चौथे प्रयास में हासिल किया है। तंजीला खान के पिता और अमेठी पुलिस के मुसाफिरखाना में तैनात दीवान असलम खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मूल रूप से गाजीपुर जनपद के फखनपुरा, मोहम्मदाबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया की बेटी के सफलता पर अपार खुशी है पूरे पुलिस परिवार की ओर से और मित्रों तथा रिश्तेदारों की ओर से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। वही अमेठी पुलिस में तैनात दीवान की बेटी के इस उपलब्धि पर अमेठी पुलिस के अधिकारियों ने भी अपनी शुभकामनाएं दिया है।

# वट वृक्ष की पूजा कर पति के लिए मांगी लंबी आयु

संवाददाता, सिंहपुर, अमेठी



वट वृक्ष की पूजा अर्चना करतीं सुहागिन महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचार। ब्लॉक क्षेत्र के जगह-जगह सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को सज-संवर कर वट सावित्री व्रत रखकर वट वृक्ष की पूजा की और पति की लंबी आयु का आशीर्वाद मांगा। पारंपरिक श्रृंगार के साथ सुहागिनों ने बांस की बनी डलिया में पूजन सामग्री लेकर वट सावित्री का विधि-विधान के साथ पूजन किया।

पूजन करने पहुंची संगीता पाल ने बताया कि आज ही के दिन देवी सावित्री ने बरगद पेड़ के नीचे अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से छुड़ा लिए थे। इसी मान्यता के मुताबिक महिलाएं अपने सुहाग की रक्षा और लम्बी उम्र के लिए करती हैं। कहा कि वट सावित्री व्रत पर्व परम्परा परिवार और प्रकृति प्रेम का पाठ पढ़ाता है। पुराणों में इसे सौभाग्य देने वाला और सन्तान की प्राप्ति में सहायक बताया गया है। पुराणों के अनुसार बरगद के पेड़ मे त्रिदेव का निवास होता है। वट कह जड़ भाग में ब्रम्हा और तना भाग में विष्णु और ऊपरी भाग में महेश जी का वाश रहता है। अमेठी कस्बे व क्षेत्र के विभिन्न गांवो में बड़ी संख्या में सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर वट वृक्षों के नीचे पूजा कर पति की लंबी आयु के लिए कामना की। वट सावित्री पूजा को लेकर नव विवाहिताओं में खास उत्साह दिखने को मिला है। संग्रामपुर के कालिकन धाम हनुमान मंदिर के पास स्थित वट वृक्ष की पूजा के लिए सुबह से दोपहर तक सुहागिन महिलाओं का जमावड़ा लग रहा। क्षेत्र के जरौटा गांव में शिव मंदिर के पास स्थित वटवृक्ष की दर्जनों महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा व परिक्रमा की।

### यह है मान्यता

मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि पर सावित्री वट वृक्ष पूजा का व्रत रखा जाता है। वट वृक्ष में भगवान विष्णु, महेश व ब्रह्मा का वास माना गया है। वट वृक्ष पूजा व्रत से पति के अकाल मृत्यु का खतरा टल जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस दिन व्रत रखकर वट वृक्ष के नीचे सावित्री, सत्यवान और यमराज की पूजा करने से पति की आयु लंबी होती है और संतान सुख प्राप्त होता है।

# करंट से दो नीलगायों की मौत में किसान पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। खेत के चारो ओर तार लगाकर प्रवाहित करंट की चपेट में आने से दो नील गायों की मौत के मामले में किसान पर केस दर्ज किया गया है। डीएम के निर्देश पर वन विभाग ने मिट्टी में दबाए गए नील गायों के शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम भी कराया।

मुंशीगंज कोतवाली क्षेत्र के पितम्बरपुर मजरे दुलापुर कला बीते 1 जून की सुबह एक किसान के खेत के चारों तरफ घेरे गए तार में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आने से दो नील गायों की मौत हो गई थी। जिसकी सूचना एक ग्रामीण द्वारा डीएम को दी गई थी। डीएम के निर्देश पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल की। रात में दोनों नील गायों के शव को जेसीबी से दफन करवा दिया गया। बुधवार को दुलापुर कला निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य ग्राम वासियों ने जिलाधिकार को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर डीएम निशा अनंत ने डीएफओ को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएफओ ने मिट्टी में दफन किए गए शवों को निकलवाकर पशु विभाग के डाक्टरों से पोस्टमार्टम कराया। डीएफओ रणवीर मिश्र ने बताया कि जिस किसान के खेत में तार लगा है उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लिए मांगे आवेदन

अमेठी, अमृत विचार। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि उ0प्र0 सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद अमेठी में 10 दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं टूलकिट वितरण के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं। बताया कि इच्छुक आवेदक 20 जून तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की पात्रता के साथ वांछित अभिलेखों यथा आवेदक का पासपोर्ट साइज फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र एससी, ओबीसी वर्ग के लिए आयु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए व आवेदनकर्ता जनपद का स्थाई निवासी होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित ट्रेड से जुड़े होने का प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान वार्ड मेम्बर से प्रमाणित हो तथा इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, अमेठी सुलतानपुर रोड, निकट पुराना आरटीओ आफिस, गौरीगंज से सम्पर्क कर सकते हैं।



चुनाव में मिली जीत पर खुशी का इजहार करते सपा कार्यकर्ता।

### सपा कार्यकर्ताओं ने चुनाव में मिली जीत पर बांटे लड्डू

अमेठी। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी की जीत पर सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। गुरुवार को अमेठी तहसील में सपा कार्यकर्ताओं ने लड्डू खिलाकर खुशी जताई, सपा नेता राजेश मिश्रा की मौजूदगी में तहसील परिसर में अधिवक्ताओं एवं फरियादियों को मिठाई बताकर खुशी मनाई। इस मौके पर अखिलेश मौर्या, सुदीप श्रीवास्तव, विकास शुक्ला, राजकुमार सिंह, पिंटू सिंह, संतोष शास्त्री सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



कथा सुनतीं महिला श्रद्धालु। अमृत विचार

### युगों तक याद की जाएगी कृष्ण-सुदामा की मित्रता

अमेठी, अमृत विचार। क्षेत्र के सेमरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास पं गंगा सागर तिवारी ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष की कथा का प्रसंग सुनाया। कथा में बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कथा के समापन दिवस पर कथा व्यास ने श्री कृष्ण और सुदामा के अद्भुत मिलन प्रसंग और मित्रता का वर्णन किया। कथा व्यास ने बताया कि मित्रता का अद्भुत उदाहरण जो भगवान श्री कृष्ण ने प्रस्तुत किया, आज भी उनकी जैसी मित्रता का दूसरा उदाहरण नहीं मिला। हम सबके लिए वो मित्रता आज भी अनुकरणीय है। राजा परीक्षित मोक्ष की कथा में व्यास ने कलियुग के प्रभाव से बचने के लिए लोभ को त्यागने के लिए बताया। कहा कि जिसके पास लोभ, मोह नहीं है उसके पास कलियुग आ नही सकता। कथा के अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओ ने कथा व्यास और संगीत टोली का स्वागत किया। इस मौके पर यजमान बाबूलाल तिवारी, राम राज त्रिपाठी के साथ मीना पांडेय, नीलम पांडेय, शीला त्रिपाठी, राम मणि त्रिपाठी, कामता मणि त्रिपाठी, अवधेश तिवारी, जगत नारायण, हरी राम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### पर्यावरण शुद्ध करने के लिए लगाये पौधे

संवाददाता, अमेठी। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत आज विश्व पर्यावरण दिवस द्वारा मनाया गया इसमें मरुस्थल भूमि पर पेड़ लगाकर पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए छायादार वृक्षारोपण पीपल बर्गद पाकण लगाना अनिवार्य है तभी हम प्रेक्टिस द्वारा बरसात का लाभ लेंगे साथ ही वातावरण भी शुद्ध रहेगा यह कार्यक्रम इंप्लीमेंट सपोर्ट एजेंसी सेंटर आफ टेक्नोलॉजी और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सीटेड द्वारा जनपद अमेठी के विकासखंड बाजार तो कल जगदीशपुर मुसाफिरखाना में किया गया जिसमें प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान से मिलकर वृछ लगाना एवं इससे होने वाले पर्यावरण का लाभ के बारे में विधिवत जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम प्रबंधक उदयनाथ मिश्र ने प्रदान किए इस समय सत्येंद्र सिंह राकेश शुक्ला संदीप ओझा आयुषी नेहा मधु अंजू अरविंद श्रीवास्तव महेंद्र रमेश अश्विनी सिंह आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं, दिए निर्देश

अमेठी, अमृत विचार। जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि शासन के निर्देशानुसार अपने-अपने कार्यालय में निर्धारित समय से आकर जनसामान्य की शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उनका प्राथमिकता पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।



### हर घर जल योजना को लेकर दिया प्रशिक्षण

गंजमुरादाबाद, उन्नाव। लखनऊ की प्योर लाइफ सोसायटी की टीम द्वारा ब्लाक कार्यालय में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सामाजिक मानचित्रण के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल व स्वच्छता के बारे में जागरूक करने को कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। राज्य प्रशिक्षक राम प्रकाश ने बताया कि यदि जल संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियां जल से वंचित हो जाएंगी।

# बाजार में महका दशहरी, चहके कारोबारी

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



शहर में डीएम आवास के पास लगीं आम की दुकानें। अमृत विचार

अमृत विचार। स्थानीय दशहरी आम की शहर के बाजार में इंट्री हो गई है। शुरुआत होने के कारण अच्छे दाम मिल रहे हैं, इससे कारोबारी खुश हैं। हालांकि, धूप व लू का प्रभाव बना रहने से बिक्री कम है। जानकारों का कहना है कि हल्की बारिश होने के साथ ही आम की आवक और मांग में वृद्धि हो जाएगी।

बता दें कि जिले के हसनगंज, सफीपुर, औरास व मियागंज आदि ब्लाक फल पट्टी क्षेत्र घोषित हैं। जहां बड़े भू-भाग पर लोगों ने आम बागान तैयार कर रखे हैं। माना जाता है कि मलिहाबादी दशहरी के नाम पर देश-दुनिया में बिकने वाले आम में जिले की उपज की खासी हिस्सेदारी रहती है। अब तक बाजार में गैर राज्यों से आने वाले आम की बिक्री हो रही थी। हालांकि तोतापरी आम मैंगो शेक तैयार करने के लिए ही उपयोगी रहता है। इधर, कुछ दिनों से इक्का-दुक्का फेरी वालों के पास अन्य प्रजातियों के आम भी दिख रहे थे, लेकिन अब स्थानीय बागान में तैयार दशहरी सहित अन्य किस्म के आम बाजार पहुंचना शुरू हो गए हैं। शहर में एसपी आफिस, बड़ा चौराहा व जिला अस्पताल के पास लगने वाली फुटकर फल मंडियों के अलावा डीएम आवास के पास भी गुरुवार को बड़ी संख्या में आम की दुकानें सजी रहीं। दुकानदारों के मुताबिक धूप व लू की वजह से सुबह से शाम तक लगातार सन्नाटा छाया है। हालांकि शाम के समय लोगों की आवक बढ़ने पर बिक्री बढ़ना निश्चित है। दुकानदारों ने बताया कि हल्की बारिश होने के बाद भी आम की डिमांड ही नहीं स्वाद व रंगत भी बढ़ जाएगी। अभी स्वाद के लिए लोग आम खरीदते हैं। जबकि, बारिश के साथ ही बड़ी संख्या में लोग भरपूर आम खाना शुरू कर देते हैं।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से अधेड़ व किशोर की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। अलग-अलग रेल रूटों पर मालगाड़ी की चपेट में आकर किशोर व वृद्ध की मौत हो गई। संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। हादसे की खबर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के ख्वाजगीपुर करोवन गांव निवासी राम प्रसाद (57) पुत्र स्व. मुली गुरुवार सुबह घर से कानपुर जाने की बात कह कर निकला था। उन्नाव रेलवे स्टेशन पर वह फुट ओवर ब्रिज से न जाकर प्लेटफार्म-तीन से ट्रैक पार कर रह था। तभी वह कानपुर से लखनऊ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। आरपीएफ व जीआरपी ने शव ट्रैक से हटवाकर रूट क्लियर कराया। उसके पास मिले पहचान पत्र से परिजनों को सूचना दी गई। खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराया। छोटे बेटे मुकेश ने बताया कि उसकी मां की मौत हो चुकी है और पिता को पिछले साल दाहिने अंग में पैरालेसिस का अटैक आया था। इसके बाद से वह घर पर ही रहते थे।

## एक नजर

### ट्रक चालक ने फंदे से लटक कर दी जान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कंधई थाना के नरसिंहपुर गांव निवासी 22 वर्षीय अवनीश कुमार वर्मा पुत्र लाल बहादुर वर्मा ट्रक चालक था। वह एक माह पूर्व घर आया था। बुधवार सुबह घर के कमरे में लोहे के एंगल से साड़ी के फंदे के सहारे लटक गया। घर वालों का शोर सुनकर आस - पास के लोग पहुंचे। उसे नीचे उतार कर उपचार के लिए राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले आये। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। गुरुवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत से पत्नी समेत परिजन बिलखते रहे।

### जिला कारागार में निष्प्रयोज्य वाहन की नीलामी 15 को

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** जिला कारागार अधीक्षक ऋषभ द्विवेदी ने बताया कि जिला कारागार में निष्प्रयोज्य सरकारी वाहन यूपी-32एन, 4653 महेन्द्रा जीप व सरकारी वाहन संख्या यूपी-72जी, 0017 मारूती ओमनी जहां है, जैसी है की नीलामी 15 जून को सुबह 11 बजे कार्यालय अधीक्षक जिला कारागार में की जायेगी। इस सम्बन्ध में किसी भी कार्य दिवस में अधीक्षक जिला कारागार से सम्पर्क कर इसकी विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

### कुत्तों के काटने से हिरन की मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कुत्तों के काटने से हिरन की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मियों ने शव का अंतिम संस्कार किया। सांगीपुर ब्लाक के रामनगर कोल मुस्तफाबाद में सई नदी किनारे गुरूवार को टहल रहे एक हिरण को देख कुत्तों के झुण्ड ने उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों के हमले से गंभीर रूप से घायल हिरन की मौत हो गयी। उधर से गुजर रहे कुछ चरवाहों ने कुत्तों द्वारा हिरन को नोंचते देखा तो उन्हें वहां से भगाया और इसकी सूचना गांव में दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी मृत हिरन के शव को लेकर चले गये। वन दरोगा रमेशचंद्र मिश्र ने बताया कि कुत्तों के काटने से हिरन की मौत हुई है। पीएम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

# गाने को लेकर बरातियों में मारपीट, युवक की मौत

## पिता की तहरीर पर चार नामजद सहित छह आरोपियों पर केस

संवाददाता, प्रतापगढ़



रोहित सरोज
(फाइल फोटो)

> द्वारपूजा के समय डीजे बजाने को लेकर बरातियों के दो पक्षों में कहासुनी हुई, इसी बात को लेकर मारपीट में युवक की मौत हो गई। मृतक के पिता की तहरीर पर चार नामजद सहित छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> -दुर्गेश कुमार सिंह,एएसपी पूर्वी

**अमृत विचार :** बरात में द्वारपूजा के दौरान दो पक्षों में कहासुनी हो गई। इसी बात को लेकर वापस जाते समय दोनों पक्ष में भिड़ गए। पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में चार नामजद सहित छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर पुलिस तलाश में जुटी है।

कोतवाली देहात के रायपुर कला निवासी राम प्रसाद सरोज उर्फ मल्लू की बेटी पिंकी की शादी कुआं गड़वारा निवासी जितेन्द्र के साथ तय थी। बुधवार को बरात रायपुर कला आयी द्वार पूजा के दौरान बरात आ रही थी तभी डीजे पर बज रहे गाने को लेकर बरातियों में कुआं गड़वारा के रोहित (22) सरोज पुत्र रामकुमार सरोज, नीरज सरोज पुत्र प्रेम कुमार सरोज व लड़का पक्ष के मामा के लड़कों से कहासुनी होने लगी। भोजन करने के बाद रात करीब 12 बजे बराती वापस जनवास में जाने लगे तभी फिर कहासुनी होने लगी। बात बढ़ने पर रोहित व नीरज से नगर कोतवाली के भंगवा के राहुल सरोज पुत्र अनिल कुमार, गोलू सरोज पुत्र अज्ञात, मोनू सरोज पुत्र सुनील सरोज एवं अज्ञात लोगों से मारपीट होने लगी। जिसमें बरात आये 22 वर्षीय रोहित सरोज पुत्र रामकुमार सरोज निवासी कुआ गड़वारा को बांस से पिटाई कर दिया। सिर पर चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। गम्भीर हालत में उसे राजा प्रताप बहादुर अस्पताल ले जाया गया। वहां से चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया। अस्पताल ले जाते समय उसने रास्ते दम तोड़ दिया। युवक की मौत की खबर से स्वजन बेहाल हो गए। सूचना पर एसओ विनीत उपाध्याय, चौकी इंचार्ज मृत्युंजय पांडेय मयफोर्स पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मृतक के पिता राम कुमार सरोज की तहरीर पर चार नामजद सहित चार आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

## नए सीएमएस ने अस्पताल के वार्डों की देखी हकीकत

**प्रतापगढ़, अमृत विचार:** मेडिकल कालेज से सम्बद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल के नये प्रभारी सीएमएस डा. शैलेंद्र कुशवाहा ने गुरुवार को अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर हकीकत देखी।

निरीक्षण के दौरान इमरजेंसी में डा. आशुतोष से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान मालूम हुआ कि कूलर में पानी नहीं डाला गया है। इस पर उन्होंने स्वीपर को हर चार घंटे में कूलर में पानी भरने और देखरेख को कहा। इमरजेंसी में सभी प्रकार के दवाओं के उपलब्धता की जानकारी ली। आयुष्मान वार्ड में एक मरीज की महिला तीमारदार ने कहा साहब हम कई दिन से यहां अपने मरीज के साथ हैं। भोजन नहीं दिया जाता। इस पर सीएमएस ने तत्काल भोजन प्रभारी को बुलाया और उसे भोजन दिलवाया। इस दौरान उनके साथ कार्यवाहक मैट्रन संतोष देवी, डाटा आपरेटर विनीत कुमार, स्टोर सहयोगी विजय कुमार यादव, गार्ड इंचार्ज दिनेश सिंह मौजूद रहे।

## नवनिर्वाचित सांसद पुष्पेंद्र पहुंचे बेंती, राजा भैया का जताया आभार



कुण्डा विधायक के साथ बेंती में पंचायत प्रतिनिधियों से मिलते सांसद पुष्पेंद्र सरोज।

संवाददाता, कुंडा, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन दल के सपा से कौशाम्बी संसदीय सीट नवनिर्वाचित युवा सांसद पुष्पेंद्र सरोज गुरुवार देर शाम जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुण्डा विधायक राजा भैया के आवास बेंती कोठी पहुंचे। उनसे मिलकर कार्यकर्ताओं से मिले सहयोग के प्रति आभार जताया। राजा भैया ने सांसद का स्वागत कर शुभकामनाएं दिया।

लोकसभा चुनाव में राजा भैया ने अपनी पार्टी का कोई उम्मीदवार नहीं उतारा था। उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं व समर्थकों से स्वतंत्र होकर मतदान की बात कही थी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने कौशाम्बी में सपा प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज, प्रतापगढ़ में डॉ. एसपी सिंह पटेल, इलाहाबाद में कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में प्रचार शुरू कर दिया। नतीजा यह रहा कि तीनों सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीत मिली। नवनिर्वाचित सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने राजा भैया के साथ पंचायत प्रतिनिधियों से मुलाकात कर सभी का आभार जताया। पुष्पेंद्र सरोज को बधाई देते हुए राजा भैया ने कहा कि युवा होने के नाते आपसे लोगों को बहुत सारी उम्मीदें हैं, हमारी शुभकामनाएं आपके साथ हैं। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष उमाशंकर यादव, पूर्व प्रमुख पंकज सिंह, बलबीर सिंह, शीतला सिंह, विनोद यादव समेत लोग मौजूद रहे।

## पट्टी में प्रधान व सचिव सहित 15 पर केस

**पट्टी, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** महदहा, पट्टी में वर्ष 2022 -23 में 13 लाभार्थियों को पात्र न होने के बावजूद भी ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया गया था। इसकी जानकारी होने पर गांव के ही करमचंद गुप्ता ने उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत की थी। उक्त शिकायत को लेकर बीडीओ द्वारा जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था।

जांच के दौरान मामला सही पाए जाने पर अधिकारियों के निर्देश पर बीडीओ पट्टी मधुकर शुक्ल ने 13 अपात्र लाभार्थियों समेत दो अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बीडीओ ने पट्टी कोतवाली में तहरीर देकर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया। जिसमें तत्कालीन ग्राम प्रधान मंजू देवी, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी अभिषेक रावत व लाभार्थी लाल जी, अनीता, गीता, कौशल्या, अनीता, किरण, गीता, शेर बहादुर, पुष्पा, हीरावती, प्रेमा, निशा, रमेश कुमार का नाम शामिल रहा। सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## डीएम, एसपी व सीडीओ को सम्मानित करेगा रूरल बार

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव व मतगणना निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न होने पर अधिवक्ताओं ने अफसरों की सराहना करते हुए आभार जताया।

कचहरी में गुरूवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के पदाधिकारियों की बैठक की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में प्रतापगढ़ के चुनाव के प्रशासनिक प्रबन्धों पर लोगों की नजर जमी हुई थी। ऐसे में लगातार तीन आम चुनाव में निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की हैट्रिक लगाने वाले डीएम संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल ने प्रतापगढ़ के लोगों की आकांक्षा के अनुरूप निष्पक्ष मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया में खरे साबित हुए। जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने कहा कि अधिवक्ताओं के परामर्श से शीघ्र ही डीएमज एसपी व सीडीओ को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में एसोशिएसन के महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश, अनुपम श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, मनोज कुमार, अमित दुबे, राहुल सिंह, वजीर खान, रजनीश मिश्र, सत्येन्द्र सिंह, विक्रम सिंह, शिवम सिंह, आसिफ सिददीकी, अमजद खान, मो. सददाम, गौरव सिंह, नरसिंह यादव, राहुल गुप्ता, आशीष श्रीवास्तव आदि अधिवक्ता रहे।

# जनपद का विकास व सभी का सम्मान ही प्राथमिकता : डॉ. एसपी सिंह

- सपा से नवनिर्वाचित सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल ने की अमृत विचार से विशेष बातचीत
- कहा-मूलभूत आवश्यकताओं के साथ शिक्षा, चिकित्सा की गुणवत्ता पर रहेगा विशेष फोकस

संवाददाता, प्रतापगढ़



नवनिर्वाचित सांसद डॉ. एसपी सिंह पटेल का स्वागत करते सपा कार्यकर्ता व समर्थक। अमृत विचार

**अमृत विचार :** इण्डिया गठबंधन के सपा से नव निर्वाचित सांसद डा. एसपी सिंह पटेल प्रतापगढ़ को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए विकास का बेहतर खाका तैयार करेंगे। बतौर सांसद जनपद का विकास और सभी का सम्मान ही उनकी प्राथमिकता है। अमृत विचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष जोर देते हुए शिक्षा, चिकित्सा की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्थानीय मुद्दों को सदन में उठाकर उसका समाधान कराया जाएगा। सहयोगी दलों के नेताओ से भी सलाह ली जाएगी।

डॉ. एसपी सिंह ने प्रतापगढ़ के मतदाताओं को आभार जताते हुए कहा कि विकास कार्यों के लिए समुचित योजना बनाकर उचित कदम उठाए जाएंगे। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा, विधानसभावार विकास कार्य कराए जाएंगे। बेरोजगारी के सवाल पर कहा कि यहां के युवा रोजगार के लिए पलायन न करें। इसके लिए सरकार से तालमेल कर कुछ बेहतर किया जाएगा।किसानों को बेसहारा मवेशियों से समस्या का समाधान मिले इसका शीघ्र समाधान कराएंगे। पिछड़े ग्रामीण क्षेत्रों के सवाल के जवाब में कहा कि ऐसे कई गांव हमारी प्राथमिकता में हैं। चुनाव प्रचार के दौरान गांवो को चिन्हित भी किया था। सभी गांवों का समग्र विकास हो, इसके लिए प्रशासन से तालमेल कर बेहतर कार्य कराएंगे। सरकारी योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचाना भी प्राथमिकता में है। संसदीय क्षेत्र में चल रहे बाईपास के काम को जल्द पूरा करने के लिए अधिकारियों के संग बैठक करेंगे। कहा कि विशेष विकास कार्यों में मेडिकल कालेज में उपलब्ध दवाओं, उपकरण और मशीनों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ मरीजों को उसका लाभ दिलवाना, मां बेल्हा देवी धाम मंदिर का हरिद्वार की तर्ज पर विकास और चिलबिला में जैव विविधता पार्क का काम घरातल पर दिखाई दे, इसको लेकर तेज काम किया जाएगा। शहर में लगने वाले जाम से लोगों को राहत मिले, भंगवा चुंगी पर शीघ्र रेलवे ओवर ब्रिज का काम चालू हो, इस पर फोकस किया जाएगा। सवाल के जवाब में कहा कि पेयजल, नदियों पर पुल का निर्माण और फायरब्रिगेड की उपलब्धता भी हमारी प्राथमिकता में है। पार्टी कार्यकर्ताओं, सहयोगी दल के नेताओं से भी विकास कार्यों के लिए सलाह ली जाएगी।



नास्ति विद्यासमो बन्धुर्नास्ति विद्यासम: सुहृत्।
नास्ति विद्यासमं वित्तं नास्ति विद्यासमं सुखम्॥

किसी के लिए विद्या के समान बन्धु नहीं होता, किसी के लिए विद्या के समान सुहृद् नहीं होता। धन के समान विद्या नहीं होती, सुख के समान विद्या नहीं होती।

## संपादकीय

# शुरुआत से पहले ही दबाव

केंद्र में सरकार गठन की कवायद के बीच शुरूआत से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी दलों ने दबाव की राजनीति शुरु दी है। सत्ता की बिसात पर सहयोगी दल अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। इससे आने वाले समय में नरेंद्र मोदी के लिए पहली बार गठबंधन सरकार चलाने में ज्यादा मेहनत करने की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता। गौरतलब है 543 सीटों पर हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए ने 293 सीटें जीतीं हैं। भाजपा ने 240, तेलगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने 16 और जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) ने 12 सीटें जीती हैं। ऐसे में नीतीश कुमार की जेडीयू और चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी प्रमुख भूमिका में आ गए हैं। गुरुवार को जेडीयू ने अग्निवीर योजना की समीक्षा करने की बात सार्वजनिक तौर पर कही है। जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर विचार करने की जरूरत है। इसके बाद बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने जेडीयू की इस मांग के प्रति अपना विरोध जताया है। उन्होंने कहा अग्निवीर योजना की समीक्षा की बात करनी ही थी तो एनडीए की बैठक में ही की जानी चाहिए थी। इस तरह से सार्वजनिक बात करना गठबंधन धर्म के खिलाफ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कथित तौर पर अपनी पार्टी के लिए दो मंत्रालयों की मांग कर रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के बाद महाराष्ट्र ही वह राज्य है, जहां पर भाजपा को चुनाव में बड़े झटके का सामना करना पड़ा है। भाजपा को इस बार महाराष्ट्र में कांग्रेस से भी कम सीटें मिली हैं। भाजपा को नौ सीटों पर ही संतोष करना पड़ा है। वहीं कांग्रेस को 13 सीटों पर जीत हासिल हुई है। साफ हो गया है कि स्पष्ट बहुमत न मिलने की वजह से सरकार चलाने के लिए भाजपा को अपने सहयोगियों पर काफी हद तक निर्भर रहना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा को राष्ट्र के प्रति अपने दृष्टिकोण में अधिक समावेशी और रचनात्मक होने की आवश्यकता है। मतदाताओं के फैसले से भी यही संकेत मिल रहे हैं। समान नागरिक संहिता समेत कोई भी नीति लाने से पहले तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री को अपने सहयोगियों के साथ सामाजिक-आर्थिक एजेंडा को ध्यान में रखते हुए सहमति बनानी होगी। चुनाव परिणाम भाजपा को जवाबदेह बनाता है और मांग करता है कि वह और अधिक रचनात्मक हो। भाजपा को लोकतांत्रिक भावना से उस संदेश पर ध्यान देना चाहिए। लोगों का फैसला इससे अधिक स्पष्ट नहीं हो सकता कि भाजपा भारत के विभिन्न समुदायों और क्षेत्रों की राजनीतिक आकांक्षाओं के प्रति अधिक सौहार्दपूर्ण और कम टकराव वाली हो।

# प्रवृत्ति के कारण ही अपराध और उद्योग हो गया है गर्भपात



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

**देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं।**

एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित जर्नल 'कॉण्ट्रासेप्शन-एक्स' के सन् 2022 में प्रकाशित एक अंक में दिए गए लेख 'ड्रग्स यूज्ड टु इंड्यूस फीटल डीमायीज़ प्रायर टु गर्भपात: ए सिस्टेमेटिक रिव्यु' में दिए गए आंकड़ों के अनुसार विश्व में हर साल सात करोड़ 33 लाख भ्रूण और गर्भस्थ शिशु जन्म से पहले ही समाप्त कर दिए जाते हैं। पूरी तरह से विकसित शिशु तक को गर्भ में ही मार दिया जाता है। कुछ रासायनिक यौगिक या दवा तो ऐसी हैं जिनसे गर्भस्थ शिशु के हृदय की गति को रोक दिया जाता है।

हिंदुस्तान में सन् 1971 में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी एक्ट पास करके लागू किया गया था। इसके बाद सन 2003 में इससे संबंद्ध 'रेगुलेशंस' लागू किए गए। सन् 2021 में इसमें फिर से संशोधन करके कुछ ढील दी गई। इस एक्ट और रेगुलेशंस को बनाने के पीछे की मंशा बहुआयामी रही। यह कि अगर गर्भवती स्त्री की खुद की जान पर जोखिम पैदा हो जाए, नाबालिक कन्या के साथ दुष्टता करने से वह गर्भवती हो जाए या अविवाहिता होने पर गर्भवती हो जाए या फिर विवाहिता होने पर भी और संतान की इच्छुक न होने या किसी भी कारण से गर्भ को पूरा करके बच्चे को जन्म न देने की स्थिति हो तो कानूनन ऐसे गर्भ से छुटकारा पाने के लिए प्रशिक्षित स्त्री-रोग विशेषज्ञ की सलाह पर और देखरेख में गर्भपात किया जा सकता है, लेकिन इस एक्ट का पालन न करने का बड़ा कारण सामजिक तौर से लांछन है।

देश में लोगों की बड़ी संख्या ऐसी ही जो इसके बारे में अपरिचित है। इसलिए लोग चोरी-छिपे गर्भपात करवाते हैं, जहां मेडिकल प्रोसीजर्स का इस्तेमाल नहीं होता। इस एक्ट के प्रावधानों के प्रति जागरूकता न होने से गैर कानूनी गर्भपात करने वाले धंधेबाज स्थिति का बड़ा दुरुपयोग करते हैं। लांछन से बचने के लिए अविवाहित स्त्री और इसका साथी पुरुष या घरवाले गैर कानूनी तरीके से अप्रशिक्षित दाईयों या अप्रशिक्षित और गैर-रजिस्टर्ड धंधेबाजों के चंगुल में फंस कर बहुत नुकसान उठाते हैं। भारत में इस समय एमटीपी एक्ट की सन 2021 की संशोधन की अधिसूचना के अंतर्गत अधिकतम 24 सप्ताह तक के भ्रूण को निकालने की इज़ाज़त है। गर्भपात के दौरान सभी शरीर क्रियाएं नार्मल होनी चाहिएं। ब्लीडिंग होने की स्थिति में ब्लड ग्रुप की अतिरिक्त थैलियां रखने का प्रावधान अनिवार्य हैं। अगर गर्भपात लीगल है और घरवालों की सहमति से या फिर दूसरी स्थिति में न्यायालय की अनुमति से है या गर्भवती की जान बचाने का मामला ही क्यों न हो, गर्भस्थ भ्रूण या शिशु को एबॉर्ट किया जा सकता है। लीगल मामलों में सारा खर्चा सरकार वहन करती है। एमटीपी लागू होने से पहले गर्भपात को इंडियन पीनल कोड की धारा 312 के तहद अपराध की श्रेणी में रखा गया था।

**ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है।**

गर्भपात एक उद्योग नहीं है फिर भी भारत में सन 2015 के आंकड़ों के मुताबिक़ एक करोड़ 80 लाख के आसपास लीगल और न जाने कितनी संख्या में आपराधिक तरीके से गर्भपात किए गए। गर्भपात के बारे में लोगों की भिन्न राय हो सकती है, लेकिन बड़ी बात होती है इसे सही पद्धति से प्रशिक्षित डॉक्टर्स की निगरानी में कानून-सम्मत तरीके से करवाने की ताकि गर्भवती स्त्री की जान पर कोई जोखिम न आए। गर्भपात के इकॉनोमिक, सोशल, धार्मिक आस्था, भावात्मक, शारीरिक और पारिवारिक असर क्या होते हैं, इससे बहुत लोग वास्ता नहीं रखते लेकिन यह कहां तक और कितना नैतिक कर्म है यह तो परिस्थिति पर निर्भर करता है। फिर भी गर्भपात एक ऐसा काम है जो परेशानी का सबब तो है ही, नैतिक पतन से भी जुड़ा हुआ मामला है। एमटीपी एक्ट की जानकारी देश में सभी को, खासतौर से युवाओं अवश्य होनी चाहिए। खतरनाक स्थिति तब उत्पन्न होती है जब इधर-उधर से जानकारी लेकर और कानून के दायरे में काम करने वाले सरकारी अस्पताल या रेफेरल सेंटर, जैसे कि पीजीआई, के एक्सपर्ट ग्यनेकोलोजिस्ट (स्त्री रोग विशेषज्ञ) की सलाह और सहायता के बिना बाज़ार से गर्भपात की गोली लेकर महिला इसे खुद ही इस्तेमाल कर लेती है और मुसीबत में पड़ती है।

ड्रग स्टोर को गर्भपात की दवा क्वालिफाइड डॉक्टर की सलाह और पर्ची के बिना नहीं देनी चाहिए। क्योंकि यह शेड्यूल्ड ड्रग होती है और इसके रेपर पर लाल लाइन लगी होती है। मिफेप्रिस्टोन और मिसोप्रोस्टल ही गर्भपात की गोलियां हैं जो एक कार्टन में पैक होती हैं। ये गर्भ निरोधक गोलियों से अलग केमिकल फार्मूले वाले यौगिक होते हैं। इसके डिब्बे पर 'सेफ एबॉर्ट किट' लिखा होता है। मार्किट में पांच गोलियों का यह पैक अनेक ब्रांड नाम से मिलता है। युवा लोग सामाजिक स्टेटस के गैर कानूनी होने की वजह से अनसेफ सेक्स करके साथी महिला को प्रेग्नेंट करते हैं या रेप होने के बाद गर्भवती हुई बालिग अविवाहिता या विवाहिता या नाबालिक लड़की इस किट को खुद ही इस्तेमाल करने का प्रयास करते हैं, तब अत्यधिक ब्लीडिंग के कारण मामला बिगड़ जाता है और वे सरकारी अस्पताल या किसी नामी प्राइवेट क्लिनिक के डॉक्टर के पास न जाकर नीम-हकीम के पास जाते हैं। राज खुलने पर शर्मिंदगी झेलते हुए भी इन युवजनों को गर्भपात के बुरे नतीजे से बचकर एक्सपर्ट डॉक्टरी मदद बाद में लेनी ही पड़ती है। ऐसे में प्राइवेट क्लिनिक वाले बहुत पैसा लेते हैं। कुछेक बार तो छोटे शहरों में गर्भपात किट की शॉर्ट सप्लाई की ख़बरें भी सुनी गई हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन और इसके सदस्य भारत देश में गर्भपात को सुरक्षित करने के वास्ते यौन-सक्रिय और संतान पैदा करने की क्षमता की 15 से 58 वर्ष के बीच की उम्र वाली महिलाओं को कानून की ही नहीं बल्कि सेफ गर्भपात के प्रोसीजर्स की जानकारी होनी ही चाहिए। भारत की कुल महिला आबादी में से 66. 4 प्रतिशत महिलाएं अभी रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप में आती हैं। मिनिस्ट्री ऑफ़ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के सोशल स्टेटिस्टिक्स डिवीज़न द्वारा सन् 2022 में प्रस्तुत 203 पन्नों की 'वीमेन एंड मेन इन इंडिया' रिपोर्ट से जाहिर होता है। बेहद गंभीर बात है कि भारत में गर्भपात के दौरान 67 प्रतिशत महिलाओं की मौत हो जाती है जैसाकि ब्रिटिश मेडिकल जर्नल (ग्लोबल हेल्थ) के मार्च 2019 के अंक में प्रकाशित पेपर 'अनसेफ गर्भपात एंड गर्भपात रिलेटेड डेथ अमंग 1. 8 मिलियन वीमेन इन इंडिया' के माध्यम से रयो योके, राचेल रोवी, शास्वती सान्याल चौधरी, अंजलि रानी और इनके दो साथियों ने मालूम किया। यह पर्चा भारत की स्वास्थ्य संबंधी 2010 से 2013 की सालाना सर्वे रिपोर्ट्स से लिया गया है। सन् 2007 से 2011 के दौरान जिन 18 लाख, 76 हज़ार 462 गर्भवती महिलाओं में गर्भावस्था के दौरान विषमताओं के कारण महिलाओं की मृत्यु हुई इनमें वे 253 महिलाएं भी शामिल थीं जिनकी मृत्यु गर्भपात के कारण हुई थी। इस अवधि में कुल 89 हज़ार 447 गर्भपात होने की बात रिपोर्ट में दर्ज है। हमारे देश में स्त्री और शिशु स्वास्थ्य संबंधी रिसर्च रिपोर्ट्स और डेटा की कमी नहीं बल्कि कमी है जानकारी को प्राप्त करने के जज्बे की।

गर्भपात के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा में सेफ्टी का तत्व कितना बड़ा है, पूछेंगे तो प्रश्न ठीक नहीं बनेगा। क्योंकि देश में कोई भी दवा क्लिनिकल ट्रायल्स का डेटा देखने के बाद ही ड्रग रेगुलेटर की इज़ाज़त से बाजार में उतारी जाती है। चोरी या स्मगलिंग से देश में दवाएं नहीं आतीं। प्रश्न यह होना चाहिए कि गर्भपात करने से पहले सही प्रोसीजर्स अपनाए गए या नहीं और एमटीपी एक्ट के अनुसार ऐसा करना सही भी था या नहीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी सेफ गर्भपात गाइड लाइंस देश में ही नहीं, बल्कि 181 और सदस्य देशों में भी उपलब्ध हैं।

## प्रसंगवश

# पर्यावरण संरक्षण में सुप्रीम कोर्ट के प्रमुख निर्णय



साहिल अहमद
अधिवक्ता हाईकोर्ट, नई दिल्ली

जून का महीना चल रहा है। पूरा उत्तर भारत भीषण गर्मी की चपेट में है। वर्तमान में शहरों में भी पानी की कमी हो रही है। इसके कई कारण हैं जिनमें सबसे महत्वपूर्ण जलवायु परिवर्तन है। जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से मुक्त रहना मौलिक मानव अधिकार है। विश्व पर्यावरण दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हमारे पास सीमित समय है और हमें तुरंत कार्रवाई करनी होगी। सतत भविष्य के लिए हरित बदलाव आवश्यक है जिसके लिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास करने होंगे। पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है तथा इसे गंभीरता से लेना जरूरी है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कई महत्वपूर्ण निर्णय दिए हैं। इन निर्णयों में न केवल पर्यावरणीय कानून को परिभाषित किया गया है, बल्कि भारत में पर्यावरण संरक्षण के उपायों को भी सुदृढ़ किया है। यहां सर्वोच्च न्यायालय के प्रमुख निर्णयों पर प्रकाश डाल रहे हैं: रुरल लिटिगेशन एंड एंटाइटेलमेंट केंद्र बनाम स्टेट ऑफ उत्तर प्रदेश (1985): इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने देहरादून के पर्यावरण को बचाने के लिए चूना पत्थर की खदानों पर प्रतिबंध लगाया। न्यायालय ने माना कि पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के लिए खनन गतिविधियों को रोकना आवश्यक है। एम.सी. मेहता बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (गंगा जल प्रदूषण मामला) (1987): इस मामले में न्यायालय ने गंगा में अपशिष्ट पदार्थ डालने पर प्रतिबंध लगाया और गंदगी फैलाने वाली फैक्ट्रियों को बंद करने का आदेश दिया। एम.सी. मेहता बनाम कमलनाथ (1997): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि पर्यावरणीय संसाधन सार्वजनिक संपत्ति हैं और इनका संरक्षण सरकार की जिम्मेदारी है। यह निर्णय पर्यावरणीय कानून के 'लोक न्यासी सिद्धांत' को मान्यता देता है। ताज त्रिपेजियम मामला (1996): इस मामले में ताजमहल के आसपास के क्षेत्र को प्रदूषण से बचाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय ने कठोर निर्देश जारी किए। इसमें आसपास की औद्योगिक इकाइयों को गैस आधारित ईंधन का उपयोग करने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। गोदावर्मन थिरुमुलपाड बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1996): इस मामले में न्यायालय ने देश के वन क्षेत्रों के संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। न्यायालय ने वनों की अवैध कटाई पर रोक लगाने और वन संरक्षण अधिनियम, 1980 को सख्ती से लागू करने का आदेश दिया। नर्मदा बचाओ आंदोलन बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2000): इस मामले में नर्मदा बांध परियोजना पर पर्यावरणीय चिंताओं को लेकर निर्णय दिया गया। न्यायालय ने परियोजना को मंजूरी दी, लेकिन प्रभावित लोगों के पुनर्वास और पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन पर जोर दिया।

वीलर फोरम ऑफ इंडिया बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997): इस मामले में न्यायालय ने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए दिल्ली में चलने वाले 15 साल पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाया। यह निर्णय वायु गुणवत्ता सुधारने के उद्देश्य से लिया गया था। लेसी विलेज बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1999): इस मामले में न्यायालय ने ओडिशा के लेसी गांव में जैव विविधता हॉटस्पॉट की रक्षा के लिए निर्णय दिया। न्यायालय ने इस क्षेत्र में खनन गतिविधियों पर रोक लगाई। सुभाष कुमार बनाम स्टेट ऑफ बिहार (1991): इस मामले में न्यायालय ने कहा कि साफ और स्वस्थ पर्यावरण में जीना मौलिक अधिकार है, जो अनुच्छेद-21 के अंतर्गत आता है। यह निर्णय पर्यावरण संरक्षण के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता देता है। एमके रंजीतसिंह बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2024): मामले में न्यायालय ने जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और इसे नियंत्रित करने के लिए भारत की प्रतिबद्धताओं और प्रयासों पर भी चर्चा की। न्यायालय ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जिससे सामाजिक समानता और समावेशी विकास को बढ़ावा मिले। न्यायालय ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21 और 14 से इन कर्तव्यों को जोड़ते हुए घोषित किया कि स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के विरुद्ध अधिकार अनुच्छेद-21 और अनुच्छेद 14 के तहत आते हैं। ये निर्णय भारतीय पर्यावरण संरक्षण के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुए हैं और भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे।

# भाजपा को दक्षिण से मिले संकेत आश्वस्तिदायक



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

**उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए।**

समूचे भारत में एक वैचारिक झंझावात उठ खड़ा हुआ है कि आखिर लगातार दो टर्म में अपने अकेले दम पर बहुमत हासिल कर लेने वाली भाजपा इस बार बैसाखियों पर क्यों आ टिकी? किंतु ध्यान देने वाली बात है कि बस तीनेक राज्यों को छोड़ दीजिए तो भाजपा का परचम खूब लहराया है। यहां तक कि धुर दक्षिण केरल में भी उसका खाता खुला और तमिलनाडु में उसके वोट प्रतिशत में बड़ा इजाफा हुआ है। आंध्र प्रदेश ने उसका भरपूर साथ दिया। इससे क्या संकेत मिलता है?

संकेत आश्वस्तिदायक है। भारत के हृदय प्रदेश मध्य प्रदेश ने हिन्दू अस्मिता का मुखर संदेश दे दिया है। विगत दशक के शासनकाल में तमाम बाह्य और अंतर्विरोधों के बावजूद, पार्टी की नाकामियों, जन संवादहीनता, बढ़ते भ्रष्टाचार के बावजूद हिंदुओं के एक बड़े हिस्से के मोदी में अटूट विश्वास का ही यह प्रतिफल है कि भाजपा अपने चुनावपूर्व के गठबंधन सहयोगियों के साथ तिबारा सरकार बनाने जा रही है। यह हिंदू गौरव की विजय है।

उत्तर प्रदेश में भी भाजपा को जो जोर का धक्का लगा है उसके एक नहीं दर्जन भर कारण हैं, जिन्हें अब बिना संकोच के और लाग लपेट के स्वीकारा जाना चाहिए। इस बेहद अप्रत्याशित और घटिया प्रदर्शन की जिम्मेदारी तो लेनी होगी। पहले कारणों पर चल रहे चर्चा बिंदुओं को रेखांकित कर लिया जाए तो नेतृत्व और भाजपा कैडर की नाकामी है। इसके नेतागण का आम जनता/मतदाता से कनेक्ट पूरी तरह विच्छेदित हो चुका है। आम भाजपाई नेतागण ही नहीं इनके चुने हुए प्रतिनिधि, विधायक और सांसद जीतने या हारने के बाद कुंभकर्णी निद्रा में चले जाते हैं। कभी क्षेत्र में नहीं जाते। आखिर मोदी का चेहरा कब तक इन्हें बचाता? दूसरे शीर्ष कमान को समाजवादी पार्टी की नई और बेहतरीन सोशल इंजीनियरिंग का तनिक भान तक नहीं रहा और ये आत्ममुग्धता में हवाई किले बनाते रहे, जबकि इनके पास इंटेलिजेंस से लेकर सारी मशीनरी थी। या तो इन्हें निरंतर ठकुरसुहाती फीडबैक मिलता रहा और ये गुमराह होते रहे।

यह चुनाव भाजपा के चाणक्य का वाटरलू बन गया और विपक्ष ने उधर एक चतुरतापूर्ण समीकरण तैयार किया। कांग्रेस के पक्ष में वोट जिहाद के गुपचुप नारे के साथ मुस्लिम शत प्रतिशत एकजुट हुए और समाजवादी यादवों की एकजुटता तो जानी पहचानी है ही। इसमें सपा सुप्रीमो का लोकसभावार लगभग सभी जगह ऐसे प्रत्याशियों का उतारना जो दलित या अन्य पिछड़ी जाति के वोट बटोर सकें, इनके लिए सोने में सुहागा बन गया। समीकरण हिट हो गया। भाजपा प्रत्याशी आत्मश्लाघा और आत्ममुग्धता में मतदान की तिथि तक डूबे रहे। न तो क्षेत्र में गहन भ्रमण किया न ही प्रचार किया। इसके बावजूद भाजपा और कमल को समर्पित मतदाता एकजुट रहा। अन्यथा तो और भी शर्मनाक स्थिति होती। हां स्वजाति के प्रत्याशी के नाम पर पिछड़ी जातियां लोकसभावार लामबंद हुईं। पिछड़ी और अति पिछड़ी तथा दलित वोटों में चालाकी भरी सेंध भाजपा पर भारी पड़ गई। तो अब क्या? अब विधानसभा चुनाव सामने हैं। दिन बीतते देर नहीं लगती। भाजपा को तैयारियों के लिहाज से, यहां अपने सेटअप की जबर्दस्त ओवरहॉलिंग करनी होगी। पराजय की जिम्मेदारी लेनी होगी और विभिन्न स्तरों के पदाधिकारियों से सख्त जवाबदेही करनी होगी।

अनावश्यक बोझ बने पदाधिकारियों को चलता करके जनप्रिय और ऊर्जावान नेतृत्व देने वालों को जिम्मेदारी देनी होगी। योगी को संगठन में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद देकर सारे भारत में हिंदुत्व की पताका फहराने का जिम्मा मिले और यहां मध्य प्रदेश के ही हिट फार्मूले के अनुसार सुयोग्य बैकवर्ड/दलित मुख्यमंत्री लाना होगा, जो विधानसभा चुनावों को सबल नेतृत्व दे सके। साथ ही भ्रष्टाचार के विरुद्ध कुंद पड़ती धार में तीव्रता लाने, छुट्टा गोवंश की चिरस्थाई हो चुकी समस्या का समाधान करने की परिणामी कार्रवाई भी इसी बीच करनी होगी। नाराज क्षत्रिय क्षत्रपों को भी मनाना समझाना बुझाना होगा जिनका सहयोग भी अन्यान्य कारणों से भरपूर नहीं मिल पाया। ब्राह्मणों का आदर सम्मान करना होगा, क्योंकि भैय्या जी की नजर इस बड़े वोट बैंक की ओर बस उठने ही वाली है। मुझे लगता है कि इन तैयारियों के साथ भाजपा यदि उप्र के आगामी विधानसभा चुनावों में उतरती है तो वह मौकापरस्त गठबंधन को माकूल चुनौती देगी।

## सोशल फोरम

# नकार दिया अहंकारी भाव



डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

इस बार जनता ने अहंकारी भाव खारिज कर दिया कि हम जिसे चाहेंगे टिकट देंगे और जिसे टिकट देंगे वह जीतकर ही आएगा। 2019 की तुलना में इस बार सातों चरण मिलकर लगभग तीन प्रतिशत मतदान कम हुआ। यह कौन लोग थे, जो वोट डालने नहीं निकले, यह प्रश्न भाजपा को मध्य आय वर्ग के बीच ले जाना चाहिए कि क्यों वोटरों में चुनाव के प्रति कोई आकर्षण नहीं रह गया था।

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों के प्रति नाराजगी चारों ओर मुखर थी और उसके साथ ही हर वर्ग के मतदाता को यह बात भी घर कर गई थी कि नीचे से लेकर ऊपर तक नेताओं में अहंकार बहुत है। सभी के इस अहंकार ने बड़ा अंतर पैदा कर दिया। पूरे उत्तर प्रदेश में उदाहरण भरे पड़े हैं, जो बाहर से आए और यहां उनको टिकट दे दिया गया, जिन्हें जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने स्वीकार ही नहीं किया। इसका एक चिंतन-मंथन होना चाहिए। पूरे उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ का कुशल प्रशासन व प्रभाव होने के बावजूद उनके सुझाव को भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में स्वीकार क्यों नहीं किया? सूत्रों के हवाले से कहा जाता है कि उन्होंने 34 ऐसे नाम की सूची भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपी थी जिसमें उन्होंने कहा था कि यह प्रत्याशी उत्तर प्रदेश में जीतने की स्थिति में नहीं हैं। उनको दरकिनार व विश्वास में न लेकर टिकट वितरण किए गए जिसका परिणाम यह हुआ कि उस सूची के 30 प्रत्याशी हार गए।

अभी समय है पैरासूट कल्चर नहीं रुका तो परिणाम और भी खराब हो सकते हैं। इस दल का जो मूल विचार है-अंत्योदय, एकात्म मानवदर्शन उस विचार को पोषित करने का कार्य कीजिए, अगर ऐसा न हुआ तो यह भारतीय जनता पार्टी का मात्र नुकसान नहीं है। यह इस हम सबका नुकसान है, जो सांस्कृतिक राष्ट्र बनाने का सपना हम सब देखते थे या देखते हैं, वह अधूरा रह ही रह जाएगा। आजकल कुशल संगठनकर्ता, राजनीति के चाणक्य, शिल्पकार और सौर मंडल में उभरे सूर्य, आजकल ऐसे शुभकामना संदेश व फोटो खिंचवा नेता सोशल मीडिया से गायब हैं। हम सब भावनात्मक रूप से 'राष्ट्रीयता के विचार से जुड़े हैं' व्यक्ति से नहीं।

**-फेसबुक वॉल से**

# केर बेर का संग



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

लोकसभा चुनाव परिणाम आ गए। मोदी नीत सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी बहुमत के जादुई आंकड़े 272 से पीछे 240 पर ठिठक गई। भाजपा ने यह चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा था। यह कहा गया था कि 'समझो हर सीट पर मोदी खड़े हैं'। यही नहीं, पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र पर 'मोदी की गारंटी' का लेबल लगाया गया था। ऐसे में 303 सीटों वाली भाजपा का 240 पर सिमट जाना और काम चलाऊ बहुमत भी न पाना, अयोध्या में पराजय, वाराणसी में जीत का अंतर काफी कम होना।

सरासर मोदी के विरुद्ध भारत की जनता का आदेश है और पार्टी को जनता की आवाज सुनते हुए, चाहिए कि राजनीतिक शुचिता और नैतिकता के सु-स्थापित मानदंडों का पालन करते हुए अपने संसदीय दल का नेता किसी अन्य को चुने। यह नेता चयन शुक्रवार को होना है। मोदी राजग गठबंधन के शीर्ष नेताओं द्वारा 5 जून की बैठक में नेता चुन लिए गए हैं तथापि अभी सांविधानिक औपचारिकता शेष है जिसके अनुसार सभी घटक अपने-अपने संसदीय दल का नेता चुनेंगे और भाजपा संसदीय दल के नेता के समर्थन में पत्र राष्ट्रपति को देंगे। भाजपा संसदीय दल का नेता सरकार बनाने का दावा पेश करेगा, जिस पर राष्ट्रपति निर्णय लेंगी।

खैर! आज के युग में राजनीति में नैतिकता गायब है और सिद्धांत शब्द सियासी शब्दकोश में है ही नहीं। अतः एक बेमेल गठबंधन की सरकार झेलना ही संप्रति देश की नियति है। नरेंद्र मोदी 16 सांसदों वाली तेलगू देशम् पार्टी व 12 वाली जनता दल यूनाइटेड तथा कुछ अन्य की मदद से सरकार बनाएंगे। अब कैसे चलाएंगे यह देखना दिलचस्प होगा। इन दोनों दलों के नेताओं से तालमेल बैठाना बड़ी टेढ़ी खीर होगी। चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार, जो किंग मेकर की भूमिका में हैं। दोनों पीएम बनने के महत्वाकांक्षी रहे हैं। नायडू वही हैं जिन्होंने 2002 के गुजरात दंगों के समय, राजग में रहते हुए, सबसे पहले गुजरात के मुख्यमंत्री मोदी का इस्तीफा मांगा था और उनकी पार्टी ने मोदी के खिलाफ प्रस्ताव भी पास किया था। यही नहीं, मोदी अपनी चुनावी सभावों में नायडू को, "ससुर की पीठ में छुरा भोंकने वाला" तथा दल बदलने में माहिर कहते रहे हैं और नायडू मोदी पर योजनाबद्ध तरीके से प्रतिष्ठित संस्थानों को नष्ट और विरूपित करने का आरोप लगाते रहे हैं। वे कहते रहे हैं कि मोदी ने संस्थाओं की स्वायत्तता और लोकतंत्र पर हमला किया है। सीबीआई और आरबीआई व चुनाव आयोग तक को नहीं बख्शा। नायडू 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण के प्रबल समर्थक हैं और अपने राज्य में प्रवर्तित भी किए हैं। अब किंग मेकर होकर क्या इसे देश में नहीं लागू कराएंगे? तब भाजपा क्या करेगी? आरएसएस के हिंदुत्व एजेंडे का क्या होगा? क्या तीसरे टर्म वाले मोदी, जिन्हें मिली जुली सरकार चलाने का कोई अनुभव नहीं है, विसंगति झेल पाएंगे! शायद नहीं।

यह केर बेर का संग है। अब मथुरा और काशी वाले ईदगाह व ज्ञानवापी प्रकरण को क्या मोदी और संघ आगे बढ़ा पाएंगे? नीतीश पर अधिक लिखना बेकार है। वे क्षण भर में पाला बदलते हैं। किसी से कभी भी मिल सकते हैं। आइएनडीआइए गठबंधन की नींव इन्होंने ही डाली थी। संयोजक/पीएम प्रत्याशी नहीं बनाए गए तो विरोधी पलड़े में बैठ गए। कभी मोदी के साथ मंच साझा करने से परहेज था। अब उनके पैर छू चुके हैं। उनकी जाति वार जनगणना कराने की मांग और तदानुसार राष्ट्रीय संसाधनों, सुविधाओं में भागीदारी भाजपा कैसे सुनिश्चित करेगी? इंडी गठबंधन से कोई बड़ा लाभ ऑफर होने पर वे रातों-रात पाला बदल नहीं करेंगे, इसकी क्या गारंटी है? कुल मिलाकर सरकार रूपी सर्कस देखने लायक होगा। विकास आधारित जन उन्नयन भले ही न हो पर मुफ्त का मनोरंजन जरूर होगा।

# संकट में पानी



राज नारायण
बरेली

जल ही जीवन है, यह कहना ही पर्याप्त नहीं है। अपने तथा आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल को संरक्षित करने के बारे में अनुसंधान, चिंतन तथा परिश्रम करना होगा। जल का प्रमुख स्रोत वर्षा है। वर्षा का अधिकांश जल जो हम उपयोग नहीं कर पाते, नदियों-नालों के द्वारा वापस समुद्र में चला जाता है, बहुत थोड़ा सा हिस्सा ही कच्ची जमीन के माध्यम से पृथ्वी की कोख में जमा होता रहता है।

जैसे-जैसे विज्ञान ने विकास की सीढ़ियां चढ़ी, प्रकृति के अन्य संसाधनों की तरह हजारों वर्षों से भूगर्भ में संरक्षित जल का एक बहुत बड़ा हिस्सा हमने कुछ ही वर्षों में समाप्त कर दिया है। यही नहीं विकास के नाम पर हर स्थान को सीमेंटेड पक्का कर देने के कारण हमने वर्षा के जल को भूगर्भ में जाने के लगभग हर रास्ते को बंद कर दिए। अगर भूगर्भ जल प्रबंधन के बारे में गंभीरता से प्रयत्न नहीं किए गए तथा भूगर्भ के जल को इस्तेमाल करने की यही गति रही तो निश्चित मानिए, आने वाली पीढ़ियां प्यासी रहने के लिए बाध्य होंगी। भूगर्भ जल को बिना किसी प्रदूषण के संचित करने का एकमात्र साधन हमारे तालाब थे, जो कब्जे या फिर मात्र मनोरंजन के साधन बनकर रह गए। यद्यपि सरकार ने इसका संज्ञान लिया है, परंतु इतना ही पर्याप्त नहीं है। सामाजिक संगठनों एवं युवा शक्ति को स्वयं फावड़ा उठाकर मैदानों की और कूच करना होगा।

वृक्षारोपण की तरह ही जहां कहीं भी स्थान मिले, बरसात से पहले ही छोटे-छोटे तालाब खोद लेने चाहिए। गांवों में भी बड़ी जोत के किसानों को अपने खेत का एक हिस्सा छोटे तालाब में बदल देना चाहिए। तालाब खोदते समय सिर्फ इतना ध्यान रखना है कि हम खुदाई रेत निकलने तक करें, बीच में न छोड़े, उसके बाद धरती मां शेष काम स्वयं कर लेंगी। हमारे पूर्वज लोक कल्याण के लिए तालाब, कुएं, बावड़ी आदि का निर्माण कराते थे, जगह-जगह प्याऊ और नल लगवाते थे।

अभी भी अगर हम चाहें, तो बिना अधिक संसाधन लगाए, तालाबों के पुनर्जीवन के लिए चल रहे श्रमदान कार्यक्रमों से जुड़कर इस पुण्य का लाभ उठा सकते हैं।

# सुहागिनों ने वट वृक्ष की पूजा कर मांगी पति की लंबी उम्र

## ज्येष्ठ माह की अमावस्या को वट सावित्री व्रत रखने की है परम्परा

संवाददाता, प्रयागराज



वट सावित्री व्रत पर सुहागिनो ने की वट वृक्ष की पूजा। अमृत विचार

**अमृत विचार:** वट सावित्री का व्रत प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि के दिन मनाया जाता है। इस पूजा के दिन सुहागिनें अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए व्रत रखती है। महिलाएं वट वृक्ष के नीचे बैठकर पूजा करती है।

ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि को वट सावित्री व्रत रखने की परम्परा है। गुरुवार को वट सावित्री व्रत के दिन सुहागिनों ने गंगा स्नान किया। इसके बाद वट वृक्ष की पूजा की। पति की लंबी उम्र के लिए वट वृक्ष के कच्चे सूत के धागों से फेरे भी लिए। मान्यताओं के अनुसार यह वट सावित्री का व्रत करवा चौथ की तरह ही है। इस व्रत बड़ा कुछ सुहागिनों निर्जला उपवास रखती है और शाम को जल से व्रत का पारण करती है। वट सावित्री व्रत के दिन अगर शुभ मुहूर्त पर वट वृक्ष की पूजा करती है तो वैवाहिक जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का वास बना रहता है।

### व्रत की पौराणिक मान्यता

इस व्रत की पौराणिक मान्यता है कि इस व्रत को करने से पति की आयु लम्बी होने के साथ जीवन रोगमुक्त हो जाता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। वट सावित्री व्रत पर सुहागिनें अखंड सौभाग्य के लिए व्रत रखकर वट वृक्ष करती है और की कथा का श्रवण भी करती है।

## झूंसी में आज तीन घंटे गुल रहेगी बिजली

**झूंसी, प्रयागराज। अमृत विचार:** हनुमानगंज बिजली उपकेंद्र में बृहस्पतिवार और शुक्रवार को कार्य होने के कारण झूंसी में सुबह तीन घंटे बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। त्रिवेणीपुरम बिजली उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेश गुप्ता ने बताया कि 13 2 केवीए हनुमानगंज उपकेंद्र में दो दिनों तक कार्य चलेगा। इस वजह से त्रिवेणीपुरम बिजली उपकेंद्र से सुबह छह से नौ बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। इसी प्रकार 33/11केवी, 3/5 उस्तापुर म हमूदाबाद बिजली उपकेंद्र में गंगादीप और पाठशाला फीडर की बि जली आपूर्ति बृहस्पतिवार से अगले 25 दिनों तक आपूर्ति सुबह 11 से शाम पांच बजे तक कार्य के हिसाब से बंद रहेगी। अवर अभियंता जेपी पाठक ने बताया कि महाकुंभ के लिए छतनाग रोड के सड़क चौ ड़ीकरण के सा थ ही बिजली के तार और पोल भी शिफ्ट किए जाएंगे। इस वजह से बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# विरोध के बीच चला पीडीए का ध्वस्तीकरण अभियान



ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करता पीडीए का बुलडोजर। अमृत विचार

संवाददाता, नैनी,प्रयागराज

**अमृत विचार :** जेल रोड नैनी के चौड़ीकरण कार्य को लेकर गुरुवार को पीडीए ने ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। इससे स्थानीय निवासियों में हड़कंप मचा रहा। अभियान के दौरान पीडीए टीम को लोगों के जबरदस्त विरोध का भी सामना करना पड़ा।

पीडीए के जोनल अधिकारी संजीव कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में जेल रोड नैनी पर टीम पहुंची और दो जेसीबी से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की गई। अचानक शुरू हुई कार्रवाई से स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने इसका विरोध करना शुरू किया तो नैनी पुलिस बुला ली गई। लोगों का आरोप था कि एक तो बिना पूर्व सूचना दिए कार्रवाई की गई और दूसरी ओर भेदभाव किया गया। एक और अधिक भूमि ली जा रही हैं तो दूसरी ओर कम। इसको लेकर लोगों ने हंगामा किया। मौके पर रहे पूर्व पार्षद विनय जायसवाल बाबा ने पीडीए पर मनमानी का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत मेलाधिकारी एवं पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह से करने की बात कही है।

## सार-संक्षेप

### 44356 छात्रों ने कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए किया आदेवन

**संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार :** यूपी बोर्ड हाई स्कूल की कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट और इंटर की कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी हो गई है। बोर्ड सचिव ने प्रदेश के सभी डीआईओएस को जिलावार परीक्षार्थियों की संख्या भेजते हुए केंद्र निर्धारण का प्रस्ताव मांगा है। सचिव दिव्यकांत शुक्ल की ओर से जारी पत्र के अनुसार जनपद मुख्यालय स्थिति राजकीय विद्यालय और जिन मुख्यालय पर राजकीय विद्यालय नहीं है, वहां ख्याति प्राप्त अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाने का प्रस्ताव आठ जून तक भेजना होगा। परीक्षा के लिए 90 जिलों से 44356 छात्रों ने आवेदन किया है। इसमें हाईस्कूल के 20729 और इंटर के 23627 परीक्षार्थी पंजीकृत है।

### नवनिर्वाचित सांसद का हुआ भव्य स्वागत



जीत के बाद कार्यकर्ताओं के साथ नव निर्वाचित सांसद उज्ज्वल रमण सिंह।

**संवाददाता, नैनी। अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह का गुरुवार को नैनी में भव्य स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित सांसद गुरुवार को अपने मूल निवास बरांव जा रहे थे। इससे पहले नैनी में कई स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। नैनी में पार्टी कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उज्ज्वल रमण सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि इलाहाबाद का गर्व और अस्मिता को बनाए रखने के साथ हर संभव विकास करूंगा। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, शहर उपाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, राकेश श्रीवास्तव, शहर महासचिव अंजुम नाज, विरेंद शर्मा, प्रदीप वर्मा, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित रहे। इसी प्रकार। शंकरढाल पर मंटू सिंह, शशि शर्मा, छोटू केसरवानी आदि ने उज्ज्वल रमण सिंह को माला पहनाकर स्वागत किया।

### पुलिस ने तीन वांछितों को किया गिरफ्तार

**संवाददाता, जौनपुर। अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक डॉ. अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध व अपराधियों एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में स्थानीय कोतवाली पुलिस चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन कर रही थी। वांछित सूरज गौंड पुत्र राजेन्द्र गौंड, रोहित उर्फ राहुल बिन्द पुत्र रामबचन एवं सत्येन्द्र यादव पुत्र सेवा लाल यादव निवासीगण ग्राम सुरिस थाना शाहगंज को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये चालान न्यायालय भेज दिया गया।

### हर घर नल जल योजना के पानी का हो रहा दुरूपयोग

**संवाददाता, हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में हर घर नल जल योजना के अंतर्गत टोटी के माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है, लेकिन लोगों द्वारा नल से टोंटी निकालकर पानी का दुरपयोग कर जेसीबी मशीन व गाड़ी का धुलाई किया जा रहा। कर्मचारी के मना करने पर मारपीट की धमकी दिया जा रहा है। कार्यदाई संस्था के दिनेश मौर्य ने गुरुवार की शाम थाने में पहुंचकर पेयजल का दुरपयोग करने की तहरीर देकर दुरपयोग करने से लोगों को मना करने की मांग किया है। थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष समेत चार पर मुकदमा दर्ज

**संवाददाता, मिर्जापुर। अमृत विचार :** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी समेत 4 लोगों पर लालगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की है। जानकारी के अनुसार सोमवार को पंचायत मित्र की अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने पूर्व जिलाध्यक्ष समेत 4 लोगों के खिलाफ 3041, 120 बी, 427 और 279 जे तहत मुदकमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज होने पर पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा राजनैतिक द्वेषवश उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुझे जिलाध्यक्ष पद से हटाने में भी मेरे विरोधियों का हाथ रहा है, पुलिस मामले की जांच कर न्यायोचित कार्यवाही करे।

# यमुना में कूदे अधिवक्ता का दूसरे दिन मिला शव

संवाददाता, नैनी,प्रयागराज।

**अमृत विचार :** बुधवार रात पत्नी और बच्ची के सामने नए पुल से छलांग लगाने वाले अधिवक्ता की लाश दूसरे दिन गुरुवार को यमुना नदी से बरामद कर ली गई। पुलिस ने शव को औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

औद्योगिक क्षेत्र थानांतर्गत मवैया गांव निवासी सालिक निषाद का 30 वर्षीय पुत्र धीरज निषाद अधिवक्ता हैं। बुधवार शाम कोर्ट से लौटने के बाद धीरज अपनी पत्नी लक्ष्मी और चार माह की बच्ची को लेकर यमुना पुल पर गया था। इसके बाद उसने देर रात नैनी की ओर आने वाली लेन से रेलिंग को फांदकर यमुना नदी में छलांग लगा दिया था। सूचना पर पुलिस भी वहां पहुंच गई। अधिवक्ता की पत्नी और उसके बहनोई से पूछताछ की गई तो पता चला कि धीरज किसी बात से नाराज होकर पत्नी और बच्ची के साथ आत्महत्या करने आया था। कई घंटे समझाने के बावजूद धीरज यमुना में कूद गया। वहां मौजूद लोगों ने पत्नी और बच्ची को कूदने से बचा लिया था। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से पुल के नीचे तलाश कराई, लेकिन अंधेरा होने के कारण उसका कुछ पता नहीं चल सका तो दूसरे दिन पुनः खोजबीन शुरू की गई। दोपहर तीन बजे लगभग यमुना नदी में धीरज का शव बरामद हो गया। मौत की जानकारी होने पर पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# समय से हो समस्याओं का निस्तारण : डीएम

- विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

संवाददाता, जौनपुर।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा राजस्व तथा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि अब नियमित इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे कार्यालय में समय से उपस्थित रहकर शिकायतकर्ता की शिकायत को दर्ज कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शुक्रवार व शनिवार को स्वच्छता अभियान चला कर कार्यालयों की सफाई कराई जाए, फर्नीचर, आलमारी, बिल्डिंग सब सही होनी चाहिए। आलमारी में दस्तावेजों की लिस्ट आलमारी के ऊपर चस्पा होना चाहिए। कर्मचारियों को बैठने के लिए कुर्सी तथा पेयजल की व्यवस्था भी होनी चाहिए।

जिलाधिकारी द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता से बात कर ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्थिति में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा न होने पाए और सोमवार से अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया जाए। शासकीय संपत्तियों पर भी अवैध कब्जा न होने पाए, तालाबों के जमीनों से अवैध कब्जे हटवाए जाए। वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण का स्लोगन गावों में बनवाया जाए, जिससे लोग इसके प्रति जागरूक हो सके। डीएफओ को निर्देशित किया कि पौधरोपण हेतु एक कार्ययोजना तैयार करें। कृषि विभाग को निर्देशित किया कि कृषकों में पौधों का वितरण किया जाए। तालाब खुदाई समय से कर लिए जाए। राजस्व विभाग से संबंधित 1 साल से अधिक के वादों का निस्तारण किया जाए। प्रतिदिन तहसीलदार, नायब तहसीलदार कोर्ट में बैठ कर वादों का निस्तारण कराएं। 1 साल से अधिक के मामलों को डिस्पोज किया जाए। धारा 24 के केसों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि 90 दिन के अंदर निस्तारण किया जाए। कोर्ट केसेज का निस्तारण निर्धारित समय के अंदर पूर्ण कर लिया जाए। पीएम व सीएम आवास योजना के संदर्भ में पीडी जयकेश त्रिपाठी से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा डीआईओएस एवं एक्सईएन विद्युत हाइडिल के बैठक में अनुपस्थित होने के कारण स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए।

# एलएलबी की परीक्षा में पकड़े गए चार नकलची

- एमडीपीजी कालेज में आंतरिक सचल दल ने नकल करते पकड़ा

संवाददाता, प्रतापगढ़



एमडीपीजी कॉलेज में एलएलबी की परीक्षा में देते परीक्षार्थी।

**अमृत विचार :** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज की एलएलबी की सम सेमेस्टर परीक्षाएं गुरुवार से एमडीपीजी कालेज व पीबीपीजी कालेज में शुरू हुईं। परीक्षा के पहले ही दिन चार परीक्षार्थियों को एमडीपीजी में महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल ने नकल करते हुए पकड़ा। प्राचार्य के निर्देश पर उनकी उत्तर पुस्तिकाऐं नकल सामग्री के साथ सील कर दी गईं।

शहर के एमडीपीजी कालेज में गुरुवार से विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाएं शुरू हुईं। प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र के निर्देश पर परिसर के मुख्य गेट पर ही सघन तलाशी के उपरांत छात्र-छात्राओं को प्रवेश करने दिया गया।

परीक्षा कक्षों में भी महाविद्यालय के आंतरिक सचल दल द्वारा आवश्यक तलाशी ली गई। द्वितीय पाली की परीक्षा में तलाशी के दौरान कक्ष संख्या एक, कक्ष संख्या पांच,कक्ष संख्या 17 एवं कक्ष संख्या 23 में एक-एक नकलची नकल सामग्री के साथ नकल करते पकड़े गए। प्राचार्य के निर्देश पर परीक्षा समिति ने नकलचियों की उत्तर-पुस्तिका नकल सामग्री के साथ सील कर दी। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ. सीएन पांडेय ने बताया की प्रथम पाली में एलएलबी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षाएं आठ से 10 बजे तक, द्वितीय पाली में एलएलबी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 11:30 बजे से 1:30 बजे तक तथा तृतीय पाली में षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं तीन बजे से पांच तक हुईं। प्रथम पाली में 329 परीक्षार्थियों में से 317 ने परीक्षा दी और 12 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। द्वितीय पाली में 320 परीक्षार्थियों में से 314 ने परीक्षा दी और छह अनुपस्थित रहे। तृतीय पाली में भी छह परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और 314 ने परीक्षा दी। आंतरिक सचल दल में प्रो. प्रदीप कुमार सिंह, डा. डीके पांडेय, डा. राजेंद्र प्रसाद मिश्र आदि शामिल रहे। पीबीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रो. अमित कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पहली पाली में 229 में 10, दूसरी में 137 में दो तथा तृतीय पाली में 162 में दो परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी।

# कक्षा एक व दो के पाठ्यक्रम में बदलाव

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कक्षा एक और दो के पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है। पूर्व में कक्षा एक और दो में कलरव किताब चलती थी। इसमें एक ही किताब में हिंदी, अंग्रेजी, गणित और संस्कृत विषय की सामग्री होती थी। पहले एक किताब में चार विषय होते थे, अब तीन किताबें होंगी।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी की किताबों को पढ़ाया जाना है। अब हिंदी, अंग्रेजी और गणित समेत कुल तीन किताबें हो गई हैं, जबकि संस्कृत को पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है। अब कक्षा तीन से बच्चे संस्कृत पढ़ेंगे। जिले में कुल 2372 परिषदीय स्कूलों में दो लाख 85 हजार बच्चे पंजीकृत हैं। इन बच्चों में कक्षा तीन से आठ तक की सारी किताबें वितरित कर दी गई हैं। विभाग का दावा है कि कक्षा तीन से आठ तक कुल 12 लाख 95 हजार पाठ्य पुस्तकें आईं थीं, जिनका वितरण बच्चों में कर दिया गया है। अभी तक कक्षा एक व दो की किताबें नहीं आ सकी हैं। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि पाठ्यक्रम में बदलाव छात्र हित में किया गया है। जल्द ही पुस्तकें आनी हैं। स्कूल खुलने पर इनका वितरण कराया जाएगा।

### 15037 मतदाताओं को नहीं पसंद आया प्रत्याशी

**हलिया (मिर्जापुर)। अमृत विचार :** मिर्जापुर लोकसभा सीट पर दस प्रत्याशियों ने अपनी किस्मत आजमाई। इस दौरान एक चकित करने वाला आंकड़ा सामने आया है। इसमें छह प्रत्याशियों को अकेले नोटा (इनमें से कोई नहीं) ने पटखनी दिया है। मतदाताओं ने ताल ठोंक रहे सात प्रत्याशियों से ज्यादा नोटा का बटन दबाया है और मतदान में 15037 मतों के साथ नोटा चौथे स्थान पर रहा। मिर्जापुर जिले के 15037 मतदाता ऐसे रहे जिन्होंने सभी प्रत्याशियों को सिरे से खारिज कर दिया और नोटा का बटन दबाया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लगाया विवादित पोस्टर

संवाददाता, प्रयागराज




शहर के चौक पर भाजपा के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा लगाया गया विवादित पोस्टर।

**अमृत विचार:** इलाहाबाद लोकसभा सीट पर कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद गुरूवार को कांग्रेस नेता इरशाद उल्लाह और अब्दुल कलाम ने शहर के चौक में भाजपा के विरोध में एक विवादित पोस्टर लगाकर खलबली मचा दी। पोस्टर में एनडीए गठबंधन में शामिल दलों को भाजपा से सावधान रहने की बात को दर्शाया गया है।

कांग्रेस पार्टी के नेता इरशाद उल्लाह और अब्दुल कलाम ने गुरूवार को शहर के चौक इलाके में भाजपा के खिलाफ एक विवादित पोस्टर लगा दिया। विवादित पोस्टर लगने के बाद तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। कांग्रेस नेता ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए अन्य दलों को सावधान रहने के लिए आगाह किया है। शहर में लगाये गये विवादित पोस्टर के माध्यम से एनडीए एलायंस में शामिल दलों को आगाह किया है। पोस्टर में दर्शाया गया है कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। होशियार रहिए, इन पार्टियों को खा गई भाजपा।

लगाए गये पोस्टर में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की फोटो भी लगाई गयी है। पोस्टर में लिखा गया है कि सावधानी हटी, दुर्घटना घटी। उसमें लिखा गया है कि भाजपा जिस पार्टियों से गठबंधन करती है उसका नमोनिशान मिट जाता है। जिसका जीता जागता उदाहरण शरद पवार की एनसीपी, उद्धव ठाकरे की शिवसेना, नवीन पटनायक की बीजेडी और मायावती की बसपा, जयललिता की एआईएडीएमके, दुष्यंत चौटाला की जेजेपी, प्रकाश सिंह बादल का अकाली दल और महबूबा मुफ्ती की पीडीपी पार्टी है। जिसको भारतीय जनता पार्टी ने समाप्त करने का काम किया है।


# कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज-प्रतापगढ़



मा0 योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र.

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024
स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर
प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें।
उचित विकल्प अपनाएं जैसे
स्वच्छता को अपनाएं, न.पं. रानीगंज को स्वच्छ बनाएं



मा. ए.के. शर्मा
कैबिनेट मंत्री,
नगर विकास, उ.प्र. सरकार

## पंचायत रानीगंज-प्रतापगढ़ द्वारा कराये जा रहे डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य

- नगर नगर पंचायत रानीगंज-प्रतापगढ़ द्वारा 16 वार्डों में शत् प्रतिशत डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य कराये जाने हेतु नगर पंचायत द्वारा निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।
- शहरवासियो एवं समस्त व्यवसायियों से अपील है कि घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कूड़े को सेग्रीगेशन करते हुए नगर पंचायत कर्मचारियों को देना सुनिश्चित करें। कर्मचारियों को कूड़ा उपलब्ध न कराने की दशा में 200 रू0 प्रतिदिन की दर से जुर्माना वसूला जायेगा।
- किसी भी गृहस्वामी/प्रतिष्ठान द्वारा कूड़े को न0पं0 कर्मचारी को न देकर खाली प्लाटों, सड़क एवं नालियों में फेका जाता है, तो ऐसे व्यक्तियों/प्रतिष्ठानों के विरूद्ध सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली-2021) में वर्णित प्राविधानों के अनुसार 100 रू0 प्रतिदिन का जुर्माना वसूला जायेगा।

## वल्क वेस्ट जनरेटर (ठोस अपशिष्ट उत्सर्जक) इकाईयों/प्रतिष्ठानों द्वारा कम्पोस्टिंग कराये जाने हेतु

- सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 के अन्तर्गत एक दिन में 100 कि0ग्रा0 व अधिक ठोस अपशिष्ठ कचरा उत्सार्जित/उत्पन्न करने वाली संस्थाये व इकाईयो जैसे होटल/रेस्टोरेंट/विवाह घर/हास्पिटल/कालेज/विश्वविद्यालय/कैन्टीन/रेजिडेंस वेल्फेयर ऐसोसिएशन /सब्जी मंडी इत्यादि को ठोस अपशिष्ट अपने परिसर में किया जाना आवश्यक है।
- सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के प्रावधानो व नगर पंचायत द्वारा अधिसूचित उपनियमों (By-laws) का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाना है। इस संबंध में अपनाये जाने वाले प्राविधानो को सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 त नगर निकाय द्वारा प्रख्यापित उपनियमों को नगर पंचायत कार्यालय से या नगर पालिका की बेवसाईट से प्राप्त कर सकते है।
- समस्त प्रतिष्ठानो के प्रबन्धको से अपेक्षा की जाती है कि अपने प्रतिष्ठान में सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के अन्तर्गत आवश्यक क्षमता की कम्पोस्ट/आर्गेनिक कम्पोस्टिंग मशीन लगाया जाना सुनिश्चित करें। नगर पंचायत द्वारा निरीक्षण के दौरान यदि उक्त सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 का अनुपालन नही पाया जाता है, तो नगर पंचायत द्वारा सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपिशष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) में वार्णित प्राविधानो के अनुसार 500 रू0 प्रतिदिन की दर से जुर्माना वसूला जायेगा।

## खुले में शौच /यूरिनल न करें

- स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नगर पंचायत क्षेत्र को अधिकारिक रूप से ODF+ घोषित किया जा चुका है। नगर क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिको से अपील है कि व शौच/यूरिनल के लिए घरो में स्थित शौचालय / यूरिनल अथवा नगर पंचायत द्वारा निर्मित शौचालय / यूरिनल का उपयोग करेंगे। खुले में कदापि शौच / यूरिनल न किया जाए।
- नगर क्षेत्र के अन्तर्गत किसी व्यक्ति द्वारा खुले में शौच/यूरिनल किया जाता है तो ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश ठोस अपिशष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) में वार्णित प्राविधानों के अनुसार जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी। खुले में/सार्वजनिक स्थान पर शौच करने पर 100 रू0 प्रतिदिन एवं खुले में/सार्वजनिक स्थान पर मूत्र विसर्जन करने या थूकने पर 50 रू0 प्रति प्रकरण का जुर्माना और यदि उक्त कृत्य दोबारा करते हुए कोई व्यक्ति पाया जाता है तो दोगुने जुर्माने की राशि वसूली जायेगी।

## सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट के अन्तर्गत मलवा निस्तारण का कार्य

- नगर पंचायत रानीगंज प्रतापगढ द्वारा सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मलवा के कलेक्शन एवं निस्तारण हेतु स्वयं कार्यालय द्वारा किया जाता है।
- नगर क्षेत्र के समस्त भवन एवं भू-स्वामियों से अपील की जाती है कि वे अपने भवनों की मरम्मत अथवा नये भवन के निर्माण के दौरान निकलने वाले मलवा (सी0एण्ड0डी0वेस्ट) को सार्वजनिक स्थलो पर न फेंके।
- मलवे के निस्तारण हेतु उपरोक्त कार्यालय नगर पंचायत रानीगंज प्रतापगढ़ में सम्पर्क करें, जिसका यूजर चार्ज 500 रू0 प्रति ट्राली की दर से लिया जायेगा। नगर क्षेत्र के किसी भू-स्वामी/ठेकेदार द्वारा खुले में मलवा फेका जाता है तो यह कृत्य सी0एण्ड0डी0 वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 Environmental Protection Act एवं मा0 राष्ट्रीय हरित प्राधिकारण, नई दिल्ली द्वारा पारित दिशा-निर्देश/आदेश का उल्लंघन है, जिस हेतु नगर पालिका अधिनियम-1916 की सुसंगत धाराओ, सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट रूल्स-2016 एवं उत्तर प्रदेश ठोस अपिशष्ट (प्रबंधन, संचालन एवं स्वच्छता नियमावली 2021) के अन्तर्गत 1500 रू0 तक जुर्माना एवं विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिराका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित सी0एण्ड0डी0 बेस्ट जेनरेटर का होगा।



महेन्द्र कुमार सिंह
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत रानीगंज, प्रतापगढ़



संजीव रंजन
जिलाधिकारी
प्रतापगढ़



मीरा गुप्ता
अध्यक्ष, नगर पंचायत
रानीगंज, प्रतापगढ़

पत्रांक- 53/न0पं0रानीगंज-2024 दिनांक- 05/06/2024

# स्ट्रेचर पर कराह रहे मरीज, असहाय नजर आए तीमारदार

## पेयजल के लिए भटकते दिखे तीमारदार, मेडिकल कालेज का दावा आठ जगह रखे हैं ओआरएस घोल

संवाददाता, सुलतानपुर


मेडिकल वार्ड में बेड न मिलने पर स्ट्रेचर पर हो रहा इलाज।


ईएनटी की ओपीडी के सामने गली में ही लगा दिया गया बेड।


पैथोलॉजी के पास आरओ की सूखी टोटियां।

**अमृत विचारः** जिले स्वशासी राजकीय मेडिकल कॉलेज में गुरुवार को इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के साथ-साथ तीमारदार भी असहाय नजर आए। डॉक्टर बातचीत में मशगूल दिखे, तो मरीजों के कराहने से उनके परिजन इलाज करने की दुहाई देते रहे।

गुरुवार की दोपहर दो बजे तक करीब सौ मरीज इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे। इस दौरान मेडिकल वार्ड में बेड कम होने पर स्ट्रेचर पर ही डॉक्टर इलाज करने लगे। वही ओपीडी में करीब साढ़े नौ सौ मरीज पहुंचे इनमे से कुछ मरीज भर्ती होने के लिए स्ट्रेचर पर ही बेड का इंतजार करते नजर आए। लंभुआ से आई शकुंतला के तीमारदार ने बताया कि सांस लेने में दिक्कत होने की वजह से मेडिकल कॉलेज आए हैं। इमरजेंसी में करीब दो घंटे हो गया डॉक्टर इंजेक्शन दे दिया है अभी न तो आराम हुआ है न ही बेड मिला है। राम गंज निवासी सीतापति के पैर में दिक्कत है। पट्टी बांध उन्हे भर्ती कराने के लिए वार्ड में भेजा है। इनको भी बेड नहीं मिल रहा है। स्ट्रेचर पर ही असहाय पड़ी रहीं। परिजन साक्षी को धम्मौर से लेकर आए हैं। इनके पूरे बदन में दर्द है और तेज बुखार भी है। कई बार शिकायत के बाद उसका इलाज शुरू हो सका। डॉक्टर आए और इंजेक्शन देने के बाद चले गए। परिजनों ने कहा कि दो घंटे बीच चुके हैं, न डॉक्टर मिले न ही बेड मिल रहा है स्ट्रेचर पर ही पड़ी है।

> सड़क दुर्घटना में घायलों की संख्या अधिक होने से इमरजेंसी वार्ड भरा है। फिलहाल बीमारों का इलाज किया जा रहा है। सभी दवाएं उपलब्ध है ओआरएस घोल रखवाया गया है, हो सकता है कही का खाली हुआ हो। पेयजल परिसर में उपलब्ध हैं। कुछ ऐसे मरीज भर्ती हैं, जिन्हें अब इलाज की जरूरत नहीं है। फिर भी भर्ती हैं। इस वजह से बेड कम पड़ जाते हैं। **-डॉ.एसके गोयल**, सीएससी राजकीय मेडिकल कॉलेज

### गैलरी में भी लगवाया गया है बेड

बढते मरीजों की संख्या को देखते हुए मेडिकल कालेज प्रशासन ने गैलरी में बेड लगवा दिया है। फिर भी मरीजों को बेड मिलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सभी वार्डो के बेड मरीजों से भरे पड़े हैं। स्ट्रेचर पर लेटे मरीज बेड खाली होने का इंतजार कर रहे हैं।

### बंद पड़े हैं प्याऊ, खोखला साबित ओआरएस घोल

राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। अस्पताल का दावा है कि आठ जगह ओ आर एस का घोल रखवाया गया है। इमरजेंसी वार्ड में रखा ओ आर एस घोल का डिब्बा खाली नजर आया वही अन्य स्थानों पर ओआरएस घोल नजर ही नहीं आया।

## एक नजर

### कोर्ट ने जेल प्रशासन से रिपोर्ट की तलब

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौनाडीह भटपुरा निवासी शुभम वर्मा की 3 जून को जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु के मामले में दाखिल याचिका पर प्रभारी सीजेएम मुक्ता त्यागी ने जेल प्रशासन से 7 जून को रिपोर्ट तलब की है। मृतक के भाई शिवम वर्मा ने अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए याचिका दाखिल कर सीसीटीवी फुटेज तलब कर जेल प्रशासन समेत अन्य पर कार्रवाई की मांग की है।

### रेलवे कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शुक्रवार को उत्तर रेलवे स्वास्थ्य केंद्र सुलतानपुर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उत्तर रेलवे स्वास्थ्य केंद्र सुलतानपुर के सीएमपी डा. इला पांडेय ने बताया कि शिविर में जांच हेतु मंडल चिकित्सालय लखनऊ से पैथोलॉजी की टीम, फिजिशियन व जनरल सर्जन आ रहे हैं। उत्तर रेलवे स्वास्थ्य केंद्र सुलतानपुर प्रभारी ने अपील की है कि रेल कर्मचारी व उनके परिजन अधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच कराएं।

### लावारिस बालिका के लिए दावा आमंत्रित

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला बाल संरक्षण अधिकारी वीपी वर्मा ने बताया कि 12 अप्रैल को एक लावारिस शिशु (बालिका), थाना गोसाईगंज क्षेत्र में मिली थी, जो वर्तमान में राजकीय बाल गृह शिशु, प्राग नारायण रोड, लखनऊ में संरक्षित है। उन्होंने कहा कि बालिका का कोई जैविक माता-पिता या विधिक संरक्षक है तो वे अपना दावा 15 दिन के अन्दर जिला प्रोबेशन कार्यालय, विकास भवन या जिला बाल संरक्षण इकाई कार्यालय, विकास भवन अथवा बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत कर सकते हैं।

# ठगी के शिकार लोगों को साइबर टीम ने दिलाया पैसा

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों को पुलिस टीम ने ठगी के पैसे वापस दिलाए।

धनपतगंज थाना क्षेत्र के चरथई गांव निवासी ज्ञानेन्द्र मिश्रा को पार्ट टाइम जॉब के लिए टेलीग्राम पर साइबर अपराधियों द्वारा लिंक भेजा गया था। उन्होंने जब लिंक पर क्लिक किया तो खाते से एक लाख 46 हजार रुपए निकल गए। साइबर थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर अपराधी के खाते को फ्रीज कर दिया। न्यायालय के आदेश पर साइबर ठग के खाते से अस्सी हजार पीड़ित के खाते में वापस किया गया। वहीं नगर कोतवाली के विवेकनगर निवासी पीड़ित मुनीब कुशवाहा ने बताया कि साइबर ठगों ने 24 फरवरी को उनके मोबाइल पर पैसे का लिंक भेजा था। लिंक क्लिक करने पर उसके खाते से 99 हजार रुपए साइबर ठगों ने उड़ा दिया। तहरीर मिलने पर साइबर टीम ने ठग के खाते से 25 हजार दो सौ 69 रुपए वापस कराया। तीसरे मामले में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के निवासी प्रवीन्द्र कुमार से ठगों ओटीपी पूछकर खाते से 84 हजार सात सौ आठ रुपये निकाल लिए। साइबर पुलिस ने पीड़ित के खाते में पूरी धनराशि वापस कराई।

# अप्राकृतिक दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 10 साल की कैद

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

## अदालत से

▸▸ न्यायालय ने लगाया 15 हजार रुपये का अर्थदंड



**अमृत विचारः** नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में चार साल पहले ट्यूशन पढ़ने गये 13 वर्षीय किशोर के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का प्रयास करने के दोषी शिक्षक मनोज कुमार पांडेय को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने गुरुवार को 10 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। साथ ही अदालत ने दोषी पर 15 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत ने अर्थदण्ड की 50 फीसदी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति पीड़ित किशोर को देने का आदेश भी दिया है।

एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 7 दिसंबर 2020 को किशोर शाम लगभग छह बजे ट्यूशन पढ़ने आरोपी के यहां गया था। जहां ट्यूशन टीचर ने ही उसके साथ आप्रकृतिक दुष्कर्म करने के प्रयास जैसी वारदात को अंजाम दिया। सफल न होने किसी को भी बताने पर हत्या की धमकी भी दिया। किशोर घर पहुंच अपने साथ घटित घटना की जानकारी परिवार वालों को दी। किशोर के परिजन की तहरीर पर कोतवाली नगर थाने में रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी। जांच पड़ताल कर पुलिस ने आरोपी मनोज पांडेय के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय भेजा। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष से मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर दोषी को 10 साल के कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। साथ ही 15 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

### अधिवक्ता हत्याकांड में टली सुनवाई

**सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में गुरुवार को वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। मामले में अभियोजन साक्ष्य में वादी से जिरह की प्रक्रिया में चल रहा है। वादी पक्ष के वकील शेख नजर अहमद ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 18 जून की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाने के अलहदादपुर गांव निवासी अधिवक्ता आजाद अहमद की बीते साल छह अगस्त को भुलकी चौराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जबकि उनके भाई मुनव्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक के पिता मो. सलीम ने कोतवाली नगर के लोलेपुर गांव निवासी सिराज अहमद उर्फ पप्पू, घरहा निवासी इस्माइल उर्फ प्रिंस, सोहराब, मेराज, सलमान समेत कई आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

### सांसद संजय सिंह के मामले में सुनवाई 10 जून को

**सुलतानपुर :** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के आचार संहिता उल्लंघन के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने उपस्थिति के लिए अंतिम अवसर देते हुए 10 जून की तारीख नियत की है। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह व 13 नामजद के खिलाफ 13 अप्रैल 2021 को बंधुआ कला थाने में आचार संहिता की उल्लंघन के आरोप में तत्कालीन एसओ प्रवीण कुमार यादव ने केस दर्ज किया था। केस में अन्य आरोपी जमानत करा चुके है जबकि आप सांसद संजय सिंह के खिलाफ जमानतीय वारंट जारी है।

# सुहागिनों ने की वट सावित्री पूजा

● बरगद की पूजा कर पति के लिये लम्बी उम्र का मांगा वरदान

धनपतगंज, सुलतानपुर


चकिया गांव मे वट सावित्री पूजन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गांवों के देव स्थालों पर वट सावित्री पूजा को लेकर सुहागिनों ने बरगद की पूजा कर पति के लिये लम्बी उम्र की कामना की।

गुरुवार को ज्येष्ठ माह के अमावस्या को पड़ने वाले वट सावित्री पूजन के लिए कई तरह के पकवान और पूजन सामाग्रियों को थाल मे सजा कर सुहागिने आस पास के बरगद के पेड़ के पास एकत्रित हुई। सुहागिनों ने विधि विधान से वट सावित्री का पूजन किया। मान्यता है कि यह पूजा युगों युगों से चली आ रही है। जब सत्यवान का प्राण हरण कर यमराज ले जा रहे थे तो सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण को निवेदन के साथ सहज भाव से पूजा अर्चना कर यमराज से पति का प्राण वापस प्राप्त कर लिया था। सावित्री के सहज भाव से प्रसन्न होकर यमराज ने पूरी सृष्टि को यह आशिर्वाद दिया था कि जो भी सुहागिन ज्येष्ठ मास के अमावस्या को यह पूजन करेंगी तो उनके पति दीर्घ जीवी होगें। और इस व्रत का नाम सावित्री के नाम पर वट सावित्री व्रत कहा जाएगा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर आज भी सुहागिन इस व्रत को करके अपने पति के दीर्घायु की प्रार्थना करती हैं। पूजा के दौरान सुहागिनें सती सावित्री की कथा भी कहती और सुनती हैं।

# करंट की चपेट में आया लाइनमैन झुलसा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** गुरुवार की सुबह आई आधी व बरसात से स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवारी गांव की आपूर्ति बाधित हो गई। ग्रामीणों की शिकायत पर विद्युत उपकेंद्र दियरा के मोतिगरपुर फीडर पर तैनात बतौर लाइनमैन छेदुवारी निवासी अरविंद नागर पुत्र हंसराज फाल्ट ठीक करने पहुँचा। मोतिगरपुर थाने के बगल एचटी लाइन ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से झुलस गया। मौजूद लोगों ने उसे तत्काल सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद वहां बर्निंग यूनिट न होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया।

# भाजपा नेता व परिजनों से मारपीट में चार गिरफ्तार

कादीपुर, सुलतानपुर

▸▸ भाजपा नेता की दुकान के सामने पटाखा फोड़ने का मामला

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा नेता की दुकान के सामने पटाखा फोड़ने एवं मारपीट करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया हैं।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद स्थानीय कस्बे के जवाहर नगर मोहल्ले में भाजपा के जिला महामंत्री घनश्याम चौहान के आवास एवं दुकान के सामने कुछ लोग गोले पटाखे फोड़ रहे थे। आरोप था कि पटाखे की चिंगारी दुकान की तरफ जा रही थी। मना करने पर विपक्षियों ने महामंत्री घनश्याम चौहान उनके बड़े बेटे कृष्ण कुमार चौहान छोटे बेटे बृजेश सिंह चौहान व पुत्री रचना सिंह चौहान को मारा पीटा था ।मामले को लेकर व्यापारियों में आक्रोश देखते उनके घर एवं दुकान के सामने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। भाजपा नेता के बेटे बृजेश सिंह चौहान की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि इसी मामले में कस्बे के रेहान, इमरान, सलमान एवं उस्मान को गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

## सार-संक्षेप

### रास्ते के विवाद को लेकर एसडीएम से मिले ग्रामीण


एसडीएम कार्यालय पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले के जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के सिसौड़ा गांव के दर्जनों ग्रामीण गुरुवार को तहसील पहुंच गए। ग्रामीणों की भीड़ देख एसडीएम जयसिंहपुर ने उनसे बात की। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव को जाने वाला चकमार्ग हैं, जिससे करीब 60 परिवार आते जाते हैं। आरोप है कि गांव के ही रवींद्र यादव ने चकमार्ग पर कब्जा कर लिया है। लेखपाल कई बार पैमाइश कर चुके हैं, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं है। तीन जून को लेखपाल ने पैमाइश कर डा. एचसी गुप्ता के खेत से चकमार्ग बताया है। लेकिन डा. एचसी गुप्ता चकमार्ग पर मिट्टी नहीं डालने दे रहें हैं। एसडीएम जयसिंहपुर ग्रामीणों को आश्वासन देकर वापस भेज दिया है।

### कार में ठोकर मारने वाले अज्ञात ट्रक चालक पर केस दर्ज

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बुधवार की देर शाम सुलतानपुर से दवा लेकर घर आ रहे कार को सामने से आ रही ट्रक ने ठोकर मारी थी। जिसमें कार सवार अखण्ड नगर थाना क्षेत्र के मुन्नी देवी व अमित श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। गुरुवार को अखंड नगर थाने के बरामदपुर गांव के स्वदेश दीपक ने अज्ञात ट्रक के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर पर कादीपुर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### आंधी के चलते चरमराई बल्दीराय उपकेंद्र की विद्युत व्यवस्था

▸▸ फाल्ट ढूंढ़ने में लगे हैं लाइनमैन, जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने का दावा

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** गुरुवार की सुबह आई आधी से बल्दीराय उपकेंद्र की विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। लोगों को गर्मी से राहत तो मिली लेकिन लोग अन्य जरूरतों के लिए बिजली के संकट से जूझ रहे हैं। बल्दीराय तहसील अंतर्गत उपकेन्द्र बल्दीराय की विद्युत व्यवस्था आंधी के चलते सुबह चार बजे फेल हो गई। तेज आंधी से 33 हजार की सप्लाई भी फाल्ट हो गई। दोपहर बाद 33 हजार का फाल्ट ठीक हो गया। साथ ही बल्दीराय उपकेंद्र को विधुत आपूर्ति भी मिल गई। वहीं, बल्दीराय से चलने वाले फीडर देहली बाजार, वल्लीपुर, डीह,गौरा फीडर आदि की सप्लाई अभी भी बाधित है। बताते चलें कि इस उपकेंद्र से चलने वाले फीडरों से लगभग 50 हजार की आबादी विद्युत संकट झेलना पड़ रहा है। सप्लाई बहाल न हो पाने के कारण विद्युत से चलने वाले उपकरण भी बंद है। जेई आनंद भारती ने बताया कि सभी लाइनमैन को निर्देशित किया गया है कि अपने अपने क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था दुरस्त कर आपूर्ति बहाल कराएं। एसडीओ बल्दीराय अरुण कुमार यादव ने बताया कि आंधी के चलते विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है, सभी क्षेत्रों के फाल्ट को ठीक कर जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल की जाएगी।

### पौधरोपण कर दिया हरियाली का संदेश


होलिका दहन स्थल पर किया गया पौधरोपण।

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के होलिका दहन स्थल पर स्थानीय लोगों द्वारा पौधारोपण कर लोगों को हरियाली का संदेश दिया। लोगों को संबोधित करते हुए संत तुलसीदास पीजी कालेज के भूगोल विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ इंदु शेखर उपाध्याय ने कहा कि पौधरोपण कर इस धरती पर हरियाली लाने का प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम शिव की आराधना करना चाह रहे हैं तो प्रकृति की भी पूजा करें। इसके लिए सबसे अच्छा माध्यम है हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं, जिससे प्रकृति के साथ साथ हम सब का भी कल्याण होगा। नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर पंचायत को हरा भरा बनाने में आप सब सहयोग करें और अधिक से अधिक पौधारोपण करें। इस अवसर पर सूर्य लाल गुप्ता, शिवमंगल सिंह, राकेश कुमार बृजेश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### नव विवाहिता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** बीते दिनों संदिग्ध परिस्थितियों में कूरेभार थाना क्षेत्र धनजई गांव में नव विवाहिता का लटकता हुआ शव मिला आई। नवविवाहिता के पिता ने दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराली जनों पर केस दर्ज कराया था। गुरुवार को कूरेभार पुलिस मामले में वांछित नव विवाहिता के पति राहुल अग्रहरि ने पटना चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

# मारपीट में महिला सहित चार चोटिल

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट में एक महिला सहित चार लोग चोटिल हो गए है। चोटिल लोगों ने कोतवाली में तहरीर दी है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सराय कल्याण गांव निवासी राकेश कुमार की विपक्षियों से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। आरोप है कि बुधवार की देर रात विपक्षीगण लाठी डंडे से लैस होकर राकेश पर टूट पड़े। जिसमें राकेश एवं उनके पिता राम प्रसाद तथा माता सीता एवं भाई राजन को गम्भीर चोटे आई। पीड़ित राकेश ने तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही रमेश कुमार, विपुल, कमलेश कुमारी व गुड्डू के खिलाफ़ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चुनाव के बाद दफ्तरों में कामकाज शुरू, लौटी रौनक

● डीएम ने की योजनाओं की समीक्षा फाइलों को पलटते दिखे कर्मचारी

संवाददाता, सुलतानपुर


एसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र लेकर पहुंचे फरियादी। फोटो : अमृत विचार

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के बाद सरकारी दफ्तरों में गुरुवार को रौनक लौट आई। अधिकारियों व कर्मचारियों ने दफ्तरों में बैठकर काम-काज शुरू कर दिया। चुनावी चर्चा के साथ विभागीय कार्यों को भी निपटाने में अधिकारी व कर्मचारी जुट गए हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद चार जून तक अधिकारी व कर्मचारी चुनाव कराने व मतगणना में लगे रहे। कलेक्ट्रेट व विकास भवन में स्थित सभी विभागों में बुधवार को अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी रही, अपनी समस्या को लेकर फरियादी भी आए।

### कलेक्ट्रेट में आयोजित हुआ डीएम का जनता दर्शन

मंगलवार को मतगणना के बाद कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में डीएम कृत्तिका ज्योत्स्ना ने गुरुवार को जनता दर्शन आयोजित किया। जो अधिसूचना से पहले भी जारी था। हालांकि फरियादियों की संख्या कम ही नजर आई। कैंप कार्यालय पर अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं की भी समीक्षा की।

### सीडीओ ने की विकास कार्यों की समीक्षा

सीडीओ अंकुर कौशिक ने विकास भवन स्थित अपने कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करके विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि अब अपने-अपने विभागों के कार्यों को पूरा कराने में जुट जाएं। जनहित के कार्यों का निस्तारण में कोई कोताही न बरतें।

### एसपी और एएसपी ऑफिस पहुंचे फरियादी

गुरुवार की सुबह एसपी सोमेन बर्मा का कार्यालय पर फरियादी पहुंच एसपी का इंतजार कर रहे थे। वही एएसपी अरुण चन्द के कार्यालय में कुछ सम्मानित लोग सकुशल लोकसभा चुनाव संपन्न कराने की बधाई देने आए थे।

### सभी विभागों में रही चहल-पहल

लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सभी विभागों में कार्यों के निस्तारण को लेकर रौनक दिखी। विकास भवन परिसर स्थित जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला ने मातहतो लें साथ बैठक कर विकास कार्यों पर फोकस करने का निर्देश दिया। वहीं, समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने जल्द से जल्द विधवा व बुजुर्ग पेंशन सत्यापन के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट में भी सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने विभागीय कार्यों का निस्तारण कराया।

## मौका — जल्द करा लें ई-केवाईसी नहीं तो 17वीं किस्त से भी होंगे वंचित

# ई-केवाईसी न कराने पर 16वीं किस्त से 10 हजार किसान वंचित

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के जिन किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है, वह किसान ई-केवाईसी कराकर 17 वीं किस्त जारी होने पर उसका भी लाभ ले सकते हैं। ई-केवाईसी से वंचित किसानों के लिए एक बार फिर से ई-केवाईसी कराने का मौका दिया गया है। वर्तमान में जिले के दस हजार किसान ई-केवाईसी से वंचित हैं। किसान सम्मान निधि की कुल पहली से लेकर 16 किस्त जारी हो चुकी हैं। लेकिन 16 वीं किस्त का लाभ मिलने से जिले के दस हजार किसान इसलिए वंचित रह गये क्योंकि उन किसानों ने ई-केवाईसी नहीं कराई थी।

किसान सम्मान निधि से वंचित किसान अब सम्मान निधि के लिए विभाग के चक्कर काट रहे हैं। ई-केवाईसी से वंचित किसानों से विभाग द्वारा ई-केवाईसी कराने के लिए कहा जा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ई-केवाईसी कराने पर जब भी सम्मान निधि की किस्त जारी होगी तो लाभ मिलेगा।



कार्यालय उप कृषि निदेशक पहुंचे अधिकारी।

> जिन किसानों ने अभी तक ई-केवाईसी नहीं करायी है वह ई-केवाईसी जल्द करा लें। ताकि उन्हे योजना का लाभ मिल सके। नया रजिस्ट्रेशन भी हुआ है, उनकी भी जांच पड़ताल चल रही है वह लोग भी ई-केवाईसी करा लें। **-रामाश्रय यादव**, उप कृषि निदेशक सुलतानपुर

### ई-केवाईसी के लिए आधार है जरूरी

ई-केवाईसी कराना बेहद आसान है। किसान मोबाइल से लिंक आधार कार्ड और मोबाइल के साथ जनसेवा केंद्र पर संपर्क कर ई-केवाईसी करा सकते हैं। ई-केवाईसी के दौरान मोबाइल पर ओटीपी आएगा जो कि जनसेवा केंद्र संचालक से साझा करना पड़ेगा।

### पोर्टल पर रजिस्टर्ड किसानों का डाटा

- 16वीं किस्त पाने वाले किसान- 167940
- जिनकी हो चुकी है ई-केवाईसी - 371014
- जिनकी बाकी है ई-केवाईसी - 43830

### अकाउंट में है दिक्कत तो डाकघर में खाता खुलवाएं

अगर अकाउंट में किसी प्रकार की दिक्कत आ रही है तो किसान डाक विभाग में खाता खुलवा सकते हैं। डाक विभाग में खाता 100 रुपये से खुलेगा। खाता खुलने के बाद तुरंत ही ई-केवाईसी एवं अन्य प्रक्रिया पूर्ण कर दी जाएगी। जिससे किसान को दिक्कत न हो।

# रेलवे ट्रैक पर मिला महिला का शव

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** लखनऊ वाराणसी रेलखंड पर रवनिया पूरब गांव के पास दोपहर में ट्रेन से कटी महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। गुरुवार को कुड़वार थाना क्षेत्र के पूरे जगदत्त का पुरवा रवनिया पश्चिम गांव निवासी बबिता (36) पत्नी मंजीत यादव का शव दोपहर में गांव के बगल गुजरी रेलवे लाइन पर क्षत विक्षत अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के चचिया ससुर शारदा प्रसाद यादव की तहरीर पर शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की करीब सात आठ साल पहले शादी हुई थी। जिसकी बड़े पुत्र शिवा सहित तीन संताने है। घटना के बाद परिवार वाले फरार बताए जा रहे हैं।

## एक नजर

### आज नाका में दो घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

अयोध्या। अमृत विचार : लोक निर्माण विभाग द्वारा सात से नौ जून के बीच नाका हाईवे से नाका चुंगी तक चौड़ीकरण के कार्य के दौरान विद्युत तंत्रों के विस्थापन का कार्य किया जाना है। इसलिए सुबह 9 से 11 बजे तक शट डाउन लिया जाना है। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशाषी अभियंता प्रदीप वर्मा ने बताया कि दो घंटे के आपूर्ति पूर्ण व आंशिक रूप से बाधित रहेगी।



### बकरीद को लेकर बैठक 10 को

अयोध्या। अमृत विचार : ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में मुस्लिम संप्रदाय के धार्मिक और प्रबुद्ध नागरिकों, पुलिस व कार्यदायी विभाग के अधिकारियों के साथ डीएम नितीश कुमार बैठक करेंगे। बैठक 10 जून को शाम चार बजे होगी। बकरीद 17/18 जून को संभावित है। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) सलिल पटेल ने दी।

# आंधी-बारिश, कई गांवों में बत्ती गुल

## भोर में बारिश से सुहाना हुआ मौसम, तापमान में भी आई गिरावट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार को भोर में करीब चार बजे आंधी और बारिश के बाद शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक की बत्ती गुल हो गई। कई गांवों में दोपहर बाद तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई। बारिश से मौसम सुहाना हो गया। तापमान में भी गिरावट आ गई, लेकिन आंधी के कारण बागानों में लगे आम गिर गए।

रुदौली प्रतिनिधि के अनुसार बारिश और आंधी ने आम के बागानों को नुकसान पहुंचाया। व्यवसायी हाजी मुबीन, जान मोहम्मद, अशोक चौहान, राम कारण लोधी ने बताया कि आंधी पानी के कारण पेड़ पर लगे काफी आम गिर गए। कई जगह पेड़ों की डाल टूटने व पेड़ गिरने की घटनाएं घटीं। बिजली के तार पर पेड़ गिरने, डाल टूटने से आपूर्ति बाधित रही। सुबह नौ बजे बहाल हो सकी।



रुदौली में मेन लाइन पर गिरा पेड़।

पूराबाजार प्रतिनिधि के अनुसार आंधी के चलते विद्युत आपूर्ति आठ घंटे के लिए ठप हो गई थी। नारायनपुर फीडर के लक्ष्मीदासपुर के रामनारायण पांडे, गुड्डू पांडे, मोहनलाल पांडे, सुरेंद्र पांडे, अंकित दुबे, मुकेश दुबे, सियाराम, शिवराम, गिरिजा प्रसाद, शिव शंकर, बिंदेश्वरी, कप्तान ने बताया कि भोर में चार बजे के आसपास आंधी आई तब से बिजली गायब हो गई थी। सुबह 10 बजे आई। रसूलाबाद उप केंद्र के अवर अभियंता राकेश प्रसाद बताया कि तेज आंधी के चलते कुछ खराबी आई थी। जिसे ठीक करके फिर विद्युत आपूर्ति बाहर कर दी गई है।

सोहावल प्रतिनिधि के अनुसार क्षेत्र में 10 घंटे आपूर्ति ठप रही। सबसे ज्यादा नुकसान आम की फलत को हुआ। बागान मालिक मंगलसी के राम सिंह, राम गनेश वर्मा ने बताया कि कच्चे आम टूटने से नुकसान लाखों का हुआ। उप मंडलीय अभियंता एम के यादव ने बताया आंधी के चलते कुछ घंटे आपूर्ति ठप की गई थी। अब सभी फीडरों और क्षेत्रों में आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

### सात लाख की आबादी हुई प्रभावित

मिल्कीपुर प्रतिनिधि के अनुसार विद्युत उपकेन्द्र हैरिंग्टनगंज, मिल्कीपुर, कुमारगंज, खड़भड़िया आदि विद्युत वितरण केंद्र से मिलने वाली बिजली सप्लाई बंद रहने से सात लाख आबादी प्रभावित रही। कुमारगंज मेन लाइन पर भी फाल्ट हुआ है। इसके अलावा कई जगह ग्रामीण क्षेत्रों की लाइनें क्षतिग्रस्त हुई हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि पॉवर कॉर्पोरेशन की उदासीनता के चलते फाल्ट ठीक करने में समय लगा। लोगों ने बताया कि बिजली के अभाव में सारे बिजली संयंत्र बंद हो गए। घरों पर रखी पानी की टंकियां खाली हो गईं। इन्वर्टर बंद हो गए हैं। दोपहर के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी।

## अब शुरू होगी विकास कार्यों की समीक्षा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव संपन्न हो गया। अब प्रशासन और विकास विभाग की नजर विकास कार्यों की ओर घूम रही है। जल्द ही इनकी समीक्षा शुरू होगी। लोकसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने बाद नई परियोजनाओं पर काम नहीं शुरू किया गया। जिले में अब भी कई हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। चुनाव घोषणा के बाद पूरी सरकारी मशीनरी चुनाव कराने में व्यस्त हो गई। मनरेगा से लेकर परियोजनाओं की निगरानी लगभग ठहर सी गई। काम प्रभावित हुए।

चुनाव समाप्त होने के बाद फिर से बड़ी से छोटी परियोजनाओं पर फोकस शुरू हो गया है। अफसरों ने फाइले तलब करनी शुरू कर दी है। एक अफसर का कहना है कि विभाग के अंदर कार्यों की समीक्षा शुरू हो गई है। जल्द ही प्रशासन के बड़े अफसर भी विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे।

# फंदे से लटका मिला किसान का शव

तारुन अयोध्या

▶▶ कर्ज के चलते मानसिक अवसाद का था शिकार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के परसावां महोला गांव के निकट बाग में एक आम के पेड़ की डाल से गमछे के फंदे से लटका एक किसान मिला है। परिवार ने कर्ज के चलते उसके मानसिक अवसाद में रहने की बात कही है।

थाना क्षेत्र के ग्राम परसावां महोला निवासी किसान नंद किशोर वर्मा (52) पुत्र रामतेज रोज की तरह बुधवार शाम अपने खेत की रखवाली के लिए गांव के बाहर अपने ट्यूबवेल पर गया था। देर रात्रि गांव के लोग अपने खेतों का जायजा लेने निकले तो देखा कि किसान गांव के बाहर स्थित बाग़ में एक आम की पेड़ की डाल से अपने ही गमछे के फंदे के सहारे लटका हुआ है। मामले की जानकारी परिवार को दी और परिजनों की मौजूदगी में उसे फंदे से उतार रात लगभग 11 बजे सीएचसी तारुन पहुंचाया। जहां डॉ. नन्हकू राम ने परीक्षण के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि उन्होंने कृषि के लिए केसीसी सहित कई समूह से ऋण लिया था। वर्तमान में आर्थिक स्थिति ठीक न होने के चलते तनाव और मानसिक अवसाद में रह रहे थे। वहीं क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि इसी के चलते उन्होंने नशा करना शुरू कर दिया था।

प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश राय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का है। चौकी प्रभारी रामपुर भगन सत्य प्रकाश यादव की टीम ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

# 5000 मीटर रेस वॉक में निरंजन, वसंथी, सुखबीर व गंपा विजेता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** डाभासेमर के अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में गुरुवार को हुई प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5000 मीटर रेस वॉक 75-79 पुरुष में वेस्ट बंगाल के निरंजन सरकार प्रथम, मानिक लाल द्वितीय, महिला में केरल की वसंथी प्रथम व छत्तीसगढ़ की कमला द्वितीय रहीं। 80-84 पुरुष वर्ग में हरियाणा के सुखबीर प्रथम, यूपी के हरवीर द्वितीय रहे। 85-89 पुरुष वर्ग में तेलंगाना के गंपा कैलासम प्रथम रहे।

मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन उप्र के महासचिव कृष्णानंद उपाध्याय ने बताया कि प्रतियोगिता में श्रीलंका, सिंगापुर, बंग्लादेश, व नेपाल सहित भारत के विभिन्न प्रांतों की महिला व पुरुष टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। 5000 मीटर रेस वॉक 30-34 आयु वर्ग के पुरुष वर्ग में उप्र के चंचल कुमार प्रथम, एमपी के सनत मेहरा द्वितीय और महिला वर्ग में उप्र की आरती पांडेय प्रथम, मोहिनी द्वितीय स्थान पर रहीं।





अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पैदल चाल प्रतियोगिता के विजेता। अमृत विचार

▶▶ प्रथम अंतरराष्ट्रीय आमंत्रण मास्टर्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता

35- 39 पुरुष वर्ग में एमपी के राजाराम प्रथम, हरियाणा के इकलास जुबेर द्वितीय व महिला वर्ग में छत्तीसगढ़ की सुनीता प्रथम व बिन्दु द्वितीय रहीं। 40-44 महिला वर्ग में केरल की लिन्सी प्रथम, वेस्ट बंगाल की सुप्रिया द्वितीय रहीं। 45-49 पुरुष वर्ग में एमपी के रवि प्रथम, वेस्ट बंगाल के सगोर द्वितीय और महिला वर्ग में केरल की लीथा प्रथम, आन्ध्र प्रदेश की एनवी ऊषा द्वितीय रहीं। 50-54 पुरुष वर्ग में झारखंड के संजीब प्रथम, छत्तीसगढ़ के जगेश्वर द्वितीय व महिला में उड़ीसा की बबिता प्रथम व छत्तीसगढ़ की पुष्पलता द्वितीय रहीं। 55-59 पुरुष वर्ग में यूपी के हरविन्द प्रथम, झारखंड के महेश द्वितीय तथा महिला में केरल की सरोजनी प्रथम व वेस्ट बंगाल की दीप्ति द्वितीय रहीं।

60-64 पुरुष में वेस्ट बंगाल के जिबन कृष्ण प्रथम, उत्तराखंड के अशोक द्वितीय और महिला में केरल की ब्रिदगीथा प्रथम व छत्तीसगढ़ की संध्या द्वितीय रहीं। 65-69 पुरुष में वेस्ट बंगाल के बिरेन्द्र प्रथम, तेलंगाना के मणिपल्ली द्वितीय, महिला में महाराष्ट्र की सुषमा प्रथम, कल्पना द्वितीय रहीं। 70-74 पुरुष वर्ग में यूपी के सर्वेश प्रथम, वेस्ट बंगाल के प्राणबल्लव द्वितीय, महिला में केरल की चंद्रिका प्रथम व अरहिना द्वितीय रहीं।

## जमीन पर कब्जे के प्रयास का आरोप, शिकायत

**अयोध्या, अमृत विचार।** रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र के चक्रतीर्थ शेरगंज बाजार निवासी रोशन ने एसएसपी और जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की है। उनका कहना है कि गाटा संख्या 342 पर उनका कई पीढ़ियों से कब्जा है। जमीन का उनका परिवार इस्तेमाल करता आ रहा है। कुछ लोग इस जमीन पर जबरिया कब्जे का प्रयास कर रहे हैं। उनको तथा परिवार को डराया-धमकाया जा रहा है। ऐसे में पूरे मामले की जाँच करवा कार्रवाई की जाए। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मामला नजूल की जमीन से जुड़ा है। भूमि के जमींदार ने जमीन बेच दी है। क्रेता की ओर से खरीदी गई जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। थाना प्रभारी देवेंद्र पांडेय का कहना है कि मामला सिविल प्रकृति का है। किसी को कानून व्यवस्था से खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

# रामनगरी के लोगों ने जताई लोकतंत्र और संविधान में आस्था : गुर्जर



राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करते जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** फैजाबाद लोकसभा की जनता ने गठबंधन प्रत्याशी को जिताकर यह साबित कर दिया की मर्यादा पुरुषोत्तम राम की नगरी के आम आदमी को लोकतंत्र और संविधान में पूरी आस्था है। वह धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे को बरकरार रखना चाहते है। ये बातें गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर ने कही। वो श्री राम जन्मभूमि और हनुमानगढ़ी में दर्शन पूजन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।जिले की सीमा पर पहुंचने पर जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह आदि ने फूल मालाओं से स्वागत किया।

# 10 लाख के जेवरात व 25 हजार की नकदी उड़ाई

अयोध्या कार्यालय

▶▶ बिजली कर्मी के घर के टूटे मिले मुख्य गेट समेत तीन कमरे और पांच आलमारी के ताले

▶▶ लखनऊ से वापस लौटने के बाद हुई वारदात की जानकारी

**अमृत विचार :** शहर की पॉश कॉलोनी कौशलपुरी निवासी बिजली कर्मी के घर से चोरों ने जेवरात समेत नकदी पर हाथ साफ कर दिया। थोड़ी दूर पर रुदौली के भाजपा विधायक का आवास है। परिवार गुरुवार को लखनऊ से लौटा तो वारदात की जानकारी मिली। घर के मुख्य द्वार समेत सभी तीन कमरों और घर में रखी पांच आलमारी के ताले टूटे मिले हैं। सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला। पुलिस जांच कर रही है।

मूल रूप से खंडासा थाना क्षेत्र के डूंडी अमानीगंज निवासी निवासी गिरिराज दूबे यहां बिजली विभाग में तैनात थे। उन्होंने कैंट थाना क्षेत्र स्थित कौशलपुरी कॉलोनी के फेज दो में एमआईजी 84 मकान बनवाया था। गिरिराज की मौत के बाद वर्तमान में मकान में उनकी पत्नी मिथिलेश दुबे, उनकी जगह विभाग में लालबाग उपकेंद्र पर टीजी टू के पद पर तैनात पुत्र दुर्गेश कुमार द्विवेदी व उनकी पत्नी आदि निवास कर रहे हैं। परिवार के लोग चार जून की शाम करीब चार बजे लखनऊ चले गए थे।



वारदात के बाद टूटा लॉकर, बक्सा व बिखरा पड़ा सामान।

पीड़ित बिजली कर्मी दुर्गेश ने बताया कि गुरुवार को वापस आने पर मुख्य गेट समेत सभी कमरों और पांचों आलमारी का ताला टूटा मिला। बॉक्स खुले हुए थे और सारा सामान बिखरा हुआ था। मामले की जानकारी पुलिस को दी। बताया कि भीतर के कमरे में रखी आलमारी का लॉकर तोड़ चोर उसमें रखे सोने और चांदी का लगभग 10 लाख के जेवरात व 25 हजार नकदी ले गए हैं। मां की ओर से तहरीर पुलिस को दी गई है। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन कराई जा रही है। पुलिस ने विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम के साथ मौका-मुआयना का साक्ष्य संकलन किया है। आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज की पड़ताल कराई जा रही है।

# शारदा सहायक नहर में उड़ रही धूल, किसान परेशान

सोहावल(अयोध्या) कार्यालय

**अमृत विचार :** लगभग 25 फीसदी किसानों की खेती का आधार शारदा सहायक नहर में धूल उड़ रही है। अब तक पानी न आने से किसानों की बेचैनी बढ़ गई है। इस पर आश्रित किसानों की खेती पिछड़ रही है।

यही नहीं सरकारी हो या निजी बीज गोदामों पर बिक्री प्रभावित है। जब तक बेहन के लिए खेत की तैयारी और पानी का प्रबंध पूरा न हो जाय किसान धान का बीज खरीद कर घर ले जाना घाटे का सौदा मान रहे है। यही नहीं करोड़ों की लागत से विकसित किये जा रहे समदा पक्षी विहार के वन्य जीव और आकर्षण का केंद्र बनी मछलियों का जीवन भी इसी नहर के पानी भर पर निर्भर है। झील में पानी कम हो जाने से वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर संकट पैदा हो गया है। किसानों व स्थानीय ग्रामीणों ने झील में पानी छोड़ने की गुहार की है।



सोहावल में सूखी पड़ी शारदा सहायक नहर।

> 20 जून तक नहर में पानी आ जाने की उम्मीद है। किसानों की मांग को लेकर जल्दी से जल्दी चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है। - **अनुज कुमार यादव, जेई, नहर विभाग**

## वर्ग पहेली-93

**बाएं से दाएं**

3. अवसर के अनुकूल, अवसरोचित, मौके के मुताबिक।
5. 1. धोखेबाज़ी, वंचकता 2. छल-कपट।
6. 1. दूसरा, अन्य और, भिन्न 2. फिर, दुबारा, पुन:।

**ऊपर से नीचे**

1. पुरालेखभवन, वह कक्ष या स्थान जहां पुराने अभिलेख संगृहीत कर रखे जाते हैं, (आर्काइव्ज़)।
2. 1. चंचलता, चपलता 2. चुलबुलाने की क्रिया
3. 1. यातना देने की क्रिया 2. किसी के साथ कष्टदायक व्यवहार।
4. 1. ब्रह्मा 2. बृहस्पति 3. कवि 4. वक्ता।
5. 1. धोखे या चालाकी से दूसरों की धन-संपत्ति या माल हड़प जाने वाला व्यक्ति, छली व्यक्ति, धूर्त व्यक्ति 2. दलाल 3. अठारहवीं-उन्नीसवीं शताब्दी में राहगीरों को बहला-फुसलाकर उनका माल छीन लेने वाले लोग तथा उनका कुख्यात गिरोह 4. ठगों के गिरोह का सदस्य 5. कम तौलने और अधिक कीमत लेने वाला दुकानदार 6. धोखेबाज़।





### वर्ग पहेली -92 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 वि | दे | श | | | | |
| | | | 2 सं | पो | ष | ण |
| | 3 गुं | | स् | | | |
| 4 दं | डा | धि | का | री | | 5 दा |
| | शा | | री | | | दृ |
| 6 तौ | ही | न | | | | पं |
| | | | 7 वा | म | पं | थी |

## सुडोकू -6

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 3 | | 2 | | | |
| | 4 | | | | | 6 | | |
| | | 7 | | | | | 9 | |
| | | 3 | | 9 | | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| | 5 | | | 6 | | 4 | | |
| | 6 | | | | | 5 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| 2 | | | 7 | | 4 | | | |

### सुडोकू - 5 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 7 | 6 | 4 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 2 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 1 | 3 | 5 | 6 | 7 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 5 | 9 | 8 | 2 |
| 4 | 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 2 | 4 | 1 | 5 | 9 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 7 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 16.44 तक तत्पश्चात द्वितीया।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 19.43 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज दूसरों के सामने ज्यादा बातें करने से बचें। आप यात्राओं पर जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सामाजिक सम्मान बढ़ सकता है। काल्पनिक बातों में आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**वृष** — आज आपके भाव कुछ नकारात्मक हो सकते हैं, लेकिन आपको धैर्यवान होना चाहिए। आप धन को लेकर कुछ संकोच में आ सकते हैं। मित्रों के प्रति भोजन में शुद्धता का ध्यान रखें। कानूनी मामलों को आप अपने पक्ष में कर सकते हैं।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में लोग आपका अनहित करने की सोच सकते हैं। यद्यपि वे सफल नहीं होंगे, किंतु किसी पर ज्यादा विश्वास न करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए शुभ नहीं है। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। शांत रहें और परिस्थितियों का अवलोकन करें। सेहत नरम होने की आशंका है। आपको पेट में सूजन और अपच की समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श ले लें।

**सिंह** — आज साइबर ठगी को लेकर सावधान रहें। व्यवसाय में धन लाभ हो सकता है, किंतु कई अच्छे मौके भी आपके हाथ से छूट सकते हैं। धन कमाने के लिए गलत मार्गों का चुनाव न करें। अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**कन्या** — आज दिन की शुरुआत किसी शुभ सूचना से होगी। कारोबार में कुछ बदलाव करने का विचार कर सकते हैं। दूसरों के ऊपर निर्भर रहने से आपको नुकसान होगा। व्यवसाय में सहयोगियों के ऊपर आपको शंका हो सकती है।

**तुला** — आज उच्च अधिकारियों के साथ तालमेल में कमी महसूस करेंगे। आप स्थान-परिवर्तन को आतुर हो सकते हैं। एकतरफा होकर कोई भी निर्णय न लें। आप आसपास की परिस्थितियों का अच्छी तरह से मूल्यांकन करेंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी नए कार्य की शुरुआत न करें। स्वास्थ्य कमजोर रहने की संभावना है। परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। आपके ऊपर गलत आरोप लग सकते हैं। प्रेम संबंधों को लेकर आपकी अपेक्षा गलत सिद्ध हो सकती है।

**धनु** — आज नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा है। दांपत्य संबंधों में आकर्षण भाव बढ़ेगा। व्यापार से जुड़े लोगों धन के हिसाब-किताब में सावधानी रखें। सभी कार्य आपकी अपेक्षा के अनुरूप ही होंगे। कारोबार में विस्तार कर सकते हैं।

**मकर** — आज पिता के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। मित्रों के साथ कहीं घूमने और मनोरंजन के लिए जा सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश से धन लाभ होगा। बीमार लोगों की सेहत में सुधार होगा। आप अपने घर के उपकरणों की मरम्मत आदि करवा सकते हैं।

**कुंभ** — आज धन को लेकर भाग्य साथ नहीं है। अनावश्यक विचारों के कारण आप कुछ परेशान हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर लापरवाह रहेंगे। ऐसे कार्यों से बचें जिनको लेकर आपके मन में आत्मविश्वास का भाव न हो।

**मीन** — आज प्रेम संबंधों को लेकर जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं। नौकरीपेशा अपने काम की गुणवत्ता से प्रसन्न नहीं रहेंगे। घर को लेकर आप कुछ परेशान रहेंगे। आप लोगों से सलाह की अपेक्षा रखेंगे, लेकिन उचित सलाह मिलना कुछ कठिन है।

## आज की फिल्में

B4U Movies
मि. नटवरलाल — सुबह : 10.32
देवता — रात : 07.00

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.24
ड्रीम गर्ल — रात : 08.00

Sony Pix
जस्टिस लीग — सुबह : 11.03
द मास्क — रात : 09.00

Zee Cinema
तारे जमीन पर — सुबह : 09.50
प्यार झुकता नहीं — रात : 07.30

Colors Cineplex
रफू चक्कर — सुबह : 10.22
भागम भाग — शाम : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पार्टी में सुंदर लड़की से पति हंस हंस कर बातें कर रहा था।
पति के पास पत्नी आई और बोली- चलिए, घर चल कर में आपकी चोट पर आयोडेक्स लगा दूं।
पति- पर मुझे चोट कहां लगी है?
पत्नी-अभी हम घर भी कहां पहुंचे हैं?
पति की बात सुनकर पत्नी को अभी से दर्द महसूस होने लगा है।

बेटा- पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी- वो कैसे बेटा?
बेटा- क्योंकि मैं फेल हो गया हूं, आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेगी।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,074.51 | 22,821.40 |
| बढ़त | 692.27 | 201.05 |
| प्रतिशत में | 0.93 | 0.89 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 7 जून 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 970 फ्लैग 1080 बोल्ड 1130 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–13000 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# भारत में 500 अरब डॉलर के निवेश के अवसर

## स्वच्छ ऊर्जा, अन्य क्षेत्रों को लेकर आईपीईएफ की बैठक में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल बोले

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के अवसर मौजूद हैं। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉसपेरिटी (आईपीईएफ) के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम की दो दिवसीय बैठक में भाग लेने के लिए सिंगापुर में मौजूद वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह बात कही।

बर्थवाल ने आईपीईएफ स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक फोरम के उद्घाटन में इसे एक अद्वितीय मंच करार दिया जो वैश्विक निवेशकों, नीति निर्माताओं और शिक्षाविदों को



एक साथ लाया है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने में सहायक होगा। सचिव ने फोरम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में 2030 तक 500 अरब डॉलर से अधिक के निवेश के बड़े अवसर मौजूद हैं, खासकर नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रिक वाहन सहित स्वच्छ ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में...। बर्थवाल ने पिछले दशक में भारत में कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कारोबार को सुगम बनाने के लिए किए गए प्रमुख सुधारों के बारे में भी बताया। इसके अलावा, मंत्रालय ने कहा कि इस फोरम के परिणामस्वरूप हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टिकाऊ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 23 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश के अवसर उत्पन्न हुए। आईपीईएफ की बैठक बुधवार को शुरू हुई। यह क्षेत्र के शीर्ष निवेशकों, स्वच्छ अर्थव्यवस्था कंपनियों व स्टार्ट-अप को बुनियादी ढांचे, जलवायु प्रौद्योगिकी तथा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश जुटाने में एकसाथ लाती है।

### बैठक में आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, बहुपक्षीय विकास बैंकों, उद्यम पूंजी कोषों, परियोजना मालिकों, उद्यमियों तथा आईपीईएफ भागीदारों की सरकारी एजेंसियों के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सतत बुनियादी ढांचे और जलवायु प्रौद्योगिकी जुड़ाव के तहत सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। आईपीईएफ के 14 सदस्य हैं। अमेरिका और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अन्य साझेदार देशों द्वारा संयुक्त रूप से 23 मई 2022 को तोक्यो में इसकी शुरुआती की गई थी। इसके सदस्य देश दुनिया के आर्थिक उत्पादन का 40 प्रतिशत और व्यापार का 28 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करते हैं। यह ढांचा व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, स्वच्छ अर्थव्यवस्था और निष्पक्ष अर्थव्यवस्था से संबंधित चार स्तंभों के इर्द-गिर्द बना है। भारत व्यापार को छोड़कर बाकी सभी स्तंभों में शामिल है।

# मई में शाकाहार थाली नौ प्रतिशत महंगी

**मुंबई, एजेंसी**

- प्याज, टमाटर की कीमतों में उछाल और मांसाहारी भोजन की लागत में आई कमी



मई महीने में शाकाहारी थाली की औसत लागत नौ प्रतिशत तक बढ़ गई। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतों में आई तेजी को इसकी वजह बताया गया।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट में शाकाहारी थाली महंगी होने की बात कही गई। हालांकि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमत में गिरावट से मांसाहारी भोजन की लागत में कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी भोजन की कीमत मई में बढ़कर 27.8 रुपये प्रति थाली हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। वहीं एक महीने पहले अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की थी। इस थाली में मुख्य रूप से रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद शामिल होते हैं। रिपोर्ट में शाकाहारी थाली की कीमत में कुल वृद्धि का कारण टमाटर की कीमतों में 39 प्रतिशत, आलू में 41 प्रतिशत और प्याज में 43 प्रतिशत की वृद्धि को बताया गया है।

क्रिसिल की रिपोर्ट के मुताबिक-रबी की फसल के रकबे में भारी कमी के कारण प्याज की कम आवक तथा पश्चिम बंगाल में फसल खराब होने से आलू की आवक कम होने से इन सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी हुई। इसके अलावा चावल और दालों की कीमतों में भी क्रमशः 13 प्रतिशत और 21 प्रतिशत की वृद्धि हुई। हालांकि जीरा, मिर्च और वनस्पति तेल की कीमतों में क्रमशः 37 प्रतिशत, 25 प्रतिशत और आठ प्रतिशत की गिरावट आने से शाकाहारी थाली की लागत में और वृद्धि नहीं देखी गई। इसके उलट मांसाहारी थाली की लागत मई में घटकर 55.9 रुपये रह गई, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 59.9 रुपये थी। यह अप्रैल, 2024 में 56.3 रुपये प्रति थाली की कीमत से भी कम है। मासाहारी थाली में अन्य सभी सामग्री समान होती है, लेकिन दाल की जगह मुर्गे का मांस होता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट का मुख्य कारण है। ब्रॉयलर का मांसाहारी थाली की कुल कीमत में 50 प्रतिशत हिस्सा होता है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 93,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 74,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,700–55,900 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,550 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,400 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,800 |
| चांदी तैयार | 88,900 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,700 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,700 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,050 |
| चांदी आभूषण | 90,500। |

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में 5.1% बढ़कर 13.89 करोड़ पर

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या मई में सालाना आधार पर 5.1 प्रतिशत बढ़कर 13.89 करोड़ रही। कोविड महामारी से पहले के स्तर से यह लगभग 14 प्रतिशत अधिक है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया।

इक्रा ने बृहस्पतिवार को अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि स्थिर लागत परिवेश के बीच घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय हवाई यातायात में निरंतर सुधार के बीच भारतीय विमानन उद्योग का दृष्टिकोण स्थिर है। चालू वित्त वर्ष (2024-25) में भी यह रुझान जारी रहने की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया कि पिछले महीने एयरलाइन की क्षमता सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़ी और अप्रैल, 2024 की तुलना में लगभग दो प्रतिशत अधिक रही। रेटिंग एजेंसी के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष में घरेलू हवाई यात्री यातायात लगभग 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ करीब 15.4 करोड़ था। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि इस प्रकार यह वित्त वर्ष 2019-20 में लगभग 14.2 करोड़ के कोविड-19 से पहले के स्तर को पार कर गया। एजेंसी ने कहा कि कंपनियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों में लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर लगभग 2.96 करोड़ था।

## एसी बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की संभावना

**नई दिल्ली।** इस साल भीषण गर्मी के कारण देश भर में एयर कंडीशनर की मांग में भारी वृद्धि हुई है। इससे इस साल एसी की बिक्री 1.4 करोड़ इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर रहने की संभावना है। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और एप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा-एसी उद्योग में मई में बिक्री रिकॉर्ड स्तर पर रहे। गर्मी के इस मौसम में बिक्री में 30 से 40 प्रतिशत की वृद्धि की संभावना है। उन्होंने कहा कि बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत'बना दिया है।

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 692 अंक उछला

**मुंबई, एजेंसी**

केंद्र में अगली सरकार की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ही पास रहने की संभावना से उत्साहित घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 75,000 के स्तर को एक बार फिर हासिल करते हुए 692.27 अंक यानी 0.93 प्रतिशत उछलकर 75,074.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 915.49 अंक तक बढ़कर 75,297.73 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 201.05 अंक यानी 0.89 प्रतिशत चढ़कर 22,821.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं शेयर बाजार में तेजी और उछाल के चलते निवेशकों की पूंजी 13.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक बढ़ गई।

कारोबार के दौरान यह 289.8 अंक यानी 1.28 प्रतिशत बढ़कर 22,910.15 अंक तक पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारतीय स्टेट बैंक, एनटीपीसी, इन्फोसिस, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और विप्रो के शेयरों में सर्वाधिक बढ़त दर्ज की गई।

## सोने की कीमत में 680 और चांदी में 1,400 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 680 रुपये की तेजी के साथ 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,400 रुपये बढ़कर 93,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।



## एक नजर

### धनशोधन मामले में सुपरटेक के प्रमुख की जमानत मंजूर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में बृहस्पतिवार को सुपरटेक के चेयरमैन आर.के. अरोड़ा को जमानत दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश देवेन्द्र कुमार जांगला ने अरोड़ा को राहत प्रदान करते हुए कहा कि उनके मुकदमे से भागने या जांच को प्रभावित करने की कोई आशंका नहीं है। अरोड़ा को पिछले साल जून में गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू), हरियाणा पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुपरटेक लिमिटेड व अरोड़ा के खिलाफ 26 प्राथमिकी दर्ज की थीं।

### सिलेंडर में विस्फोट होने से नौ लोग घायल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के चेंबूर इलाके में बृहस्पतिवार को सुबह तरल पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडर में विस्फोट होने से कम से कम नौ लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि चेंबूर के सी जी गिडवानी मार्ग पर स्थित एक मंजिला मकान में सुबह करीब साढ़े सात बजे यह घटना हुई थी। उन्होंने बताया कि रसोई गैस के सिलेंडर में विस्फोट होने से वहां आग लग गई, जिससे मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारी ने बताया कि घायलों में दो नाबालिग हैं। बताया कि सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## एडीआर ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामे के विश्लेषण के आधार पर दी जानकारी

# लोकसभा में चुनकर आए 93 प्रतिशत माननीय करोड़पति

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आम चुनाव-2024 में चुन कर आए 93 प्रतिशत उम्मीदवार करोड़पति हैं जो 2019 के 88 प्रतिशत के मुकाबले पांच प्रतिशत अधिक है। चुनाव अधिकार निकाय एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) ने उम्मीदवारों के नामांकन के साथ दाखिल हलफनामा के विश्लेषण के आधार पर यह जानकारी दी है।

एडीआर के मुताबिक अगली लोकसभा में शीर्ष तीन अमीर सदस्यों में 5,705 करोड़ की संपत्ति के साथ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के चंद्र शेखर पेम्मासानी, 4,568 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी और 1,241 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ भाजपा नेता नवीन जिंदल शामिल हैं। पेम्मासानी आंध्र प्रदेश के गुंटुर से जीत कर आए हैं वहीं विश्वेश्वर रेड्डी तेलंगाना में चेवल्ला से और नवीन जिंदल हरियाणा के कुरुक्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं। विश्लेषण के मुताबिक लोकसभा के लिए निर्वाचित 543 सदस्यों में से 504 करोड़पति हैं।

एडीआर के मुताबिक 2019 की लोकसभा में 475 (88 प्रतिशत) और 2014 की लोकसभा में 443 (82 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। संसद के निचले सदन में करोड़पतियों के बढ़ने की परिपाटी 2009 से देखी जा रही है, तब 315 (58 प्रतिशत) सदस्य करोड़पति थे। विश्लेषण के अनुसार, भाजपा के 240 विजयी उम्मीदवारों में से 227 (95 प्रतिशत), कांग्रेस के 99 में से 92 (93 प्रतिशत), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रविड़) के 22 में से 21 (95 प्रतिशत), तृणमूल कांग्रेस के 29 में से 27 (93 प्रतिशत) और समाजवादी पार्टी के 37 उम्मीदवारों में से 34 (92 प्रतिशत) ने एक करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति घोषित की है। एडीआर के आंकड़ों के मुताबिक आम आदमी पार्टी के सभी तीन, जनता दल यूनाइटेड के सभी 12 और तेदेपा के सभी 16 विजयी उम्मीदवार करोड़पति हैं। एडीआर ने उम्मीदवारों की वित्तीय पृष्ठभूमि के आधार पर उनकी जीत की संभावनाओं का भी विश्लेषण किया है।

### लोस सदस्यों में से 46% के खिलाफ आपराधिक मामले

लोकसभा के नवनिर्वाचित 543 सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। चुनाव विश्लेषण करने वाली संस्था एडीआर ने यह बात कही। यह निचले सदन में आपराधिक आरोपों का सामना करने वाले सदस्यों की पिछले कई दशकों की सबसे अधिक संख्या है। साल 2019 में कुल 233 नवनिर्वाचित सांसदों (43 प्रतिशत) ने अपने विरुद्ध आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की थी, 2014 में 185 (34 प्रतिशत), 2009 में 162 (30 प्रतिशत) तथा 2004 में 125 (23 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की थी। विश्लेषण के मुताबिक 2009 के बाद से आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा करने वाले सांसदों की संख्या में 55 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। नवनिर्वाचित हुए 251 सदस्यों में से 170 (31 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले हैं जिनमें दुष्कर्म, हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले हैं। गंभीर अपराध के मामलों वाले सदस्यों की संख्या 2009 से 124 प्रतिशत बढ़ गई है। इस बार चार उम्मीदवारों ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 के तहत अपने ऊपर हत्या से संबंधित मामले दर्ज होने की जानकारी दी है›

# 85 साल में पहली बार सीआरपीएफ के खानसामों–जलवाहकों की पदोन्नति

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अधिकारी के अनुसार 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को मिला लाभ

देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार कुल 2,600 खानसामों और जल वाहकों को पदोन्नत किया गया है। सीआरपीएफ की स्थापना 1939 में हुई थी और इसके पास दो विशेष वर्ग के कुल 12,250 कर्मी हैं जो बल के लगभग 3.25 लाख पुरुष एवं महिला कर्मियों के लिए रसोई, कैंटीन और अन्य प्रशासनिक कार्यों के व्यापक नेटवर्क को संभालते हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बुधवार को एक आदेश के जरिए 1,700 खानसामों और 900 जलवाहक कर्मियों को उनके कांस्टेबल पद से पदोन्नत कर हेड कांस्टेबल नियुक्त किया गया है।

सीआरपीएफ के 85 वर्ष के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है। इस पद के कर्मी तब से इस बल का हिस्सा हैं जब से इसकी स्थापना हुई है। अधिकारी ने बताया कि 2016 में जब केंद्र सरकार ने सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू की थीं तब उन्हें कुक और वाटर कैरियर का विशिष्ट काडर नाम दिया गया था। केंद्रीय सशस्त्र बल पुलिस (सीएपीएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि इन कर्मियों को पदानुक्रम में सबसे निचले पायदान पर भर्ती किया गया था और इन्हें कभी पदोन्नत नहीं किया गया और औसतन लगभग 30-35 वर्षों की सेवा के बाद भी वे उसी पद से सेवानिवृत्त होते थे।

## मोदी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए माफी मांगें, शीर्ष अदालत करे कार्रवाई

**नई दिल्ली।** संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आदर्श आचार संहिता का लगातार उल्लंघन करने के लिए बृहस्पतिवार को माफी की मांग की और उच्चतम न्यायालय से चुनाव के दौरान कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया। एसकेएम ने यह भी कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते। एसकेएम ने एक बयान में कहा-एसकेएम मांग करता है कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नवनिर्वाचित नेता नरेन्द्र मोदी आदर्श आचार संहिता के लगातार उल्लंघन के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगें या फिर कानून के अनुसार मुकदमे का सामना करें। कानून के सामने सभी समान हैं और मोदी अपवाद नहीं हो सकते हैं।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे कर्नाटक के मंत्री देंगे इस्तीफा

**बेंगलुरु, एजेंसी**

- बी नागेंद्र पर अवैध धन हस्तांतरण घोटाले से जुड़े होने के लगे हैं आरोप

कर्नाटक के अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री बी नागेंद्र ने अवैध धन हस्तांतरण घोटाले से जुड़े आरोपों के बीच गुरुवार को इस्तीफा देने का फैसला किया।

यह खुलासा कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के लिए भी आश्चर्य की बात है, जिन्होंने मीडिया से कहा, हमने उनके इस्तीफे की मांग नहीं की है, न ही मुख्यमंत्री ने इस मामले में कोई निर्देश जारी किया है। मुख्यमंत्री (सिद्धारमैया) से संपर्क करने और इस्तीफा देने का कदम उठाने का फैसला उनका अपना था। वह पार्टी की अखंडता को बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और किसी भी परेशानी से बचने के लिए उन्होंने स्वेच्छा से यह कदम उठाया है। नागेंद्र के इस्तीफे की वजह भाजपा द्वारा लगातार किये गये विरोध प्रदर्शन रहे, जिसमें इस मामले को बड़ा भ्रष्टाचार घोटाला करार दिया गया और तत्काल जवाबदेही की मांग की गई। इस राजनीतिक तमाशे के लिए भाजपा द्वारा विधान सौध से राजभवन तक एक नाटकीय मार्च आयोजित किया गया था। इस मामले में सबसे आगे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक थे।

## पंजाब में ऑपरेशन ब्लूस्टार की बरसी पर खालिस्तान के समर्थन में लगे नारे

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में ऑपरेशन ब्लूस्टार की 40वीं बरसी पर बृहस्पतिवार को कट्टरपंथी सिख संगठनों के समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए। सिमरनजीत सिंह मान के नेतृत्व वाले शिरोमणि अकाली दल और पूर्व सांसद ध्यान सिंह मंड के गुट समेत विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने, सिखों की सर्वोच्च संस्था अकाल तख्त में ये नारे लगाए। हाल ही में संगरूर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले मान भी इस दौरान मौजूद थे। कट्टरपंथी संगठन दल खालसा के नेतृत्व में कुछ सिख युवा हाथों में खालिस्तानी झंडे और क्षतिग्रस्त अकाल तख्त की तस्वीरें लिए हुए नजर आए। वहीं कार्यकर्ताओं ने मारे गए चरमपंथी जरनैल सिंह भिंडरावाले और खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की फोटो वाली तख्तियां हाथों में ली हुई थीं।

# कोर्ट ने कहा–दिल्ली को 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दे हिमाचल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**दिल्ली जल संकट**

- हरियाणा को मदद करने के निर्देश, 5 दिन में मांगी रिपोर्ट



राष्ट्रीय राजधानी में जारी जल संकट के बीच उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिए कि हिमाचल प्रदेश 137 क्यूसेक अतिरिक्त जल छोड़े और हरियाणा दिल्ली की तरफ पानी के प्रवाह को सुगम बनाए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि पानी को लेकर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार उसके पास उपलब्ध 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़ने को तैयार है। एक क्यूसेक (घन फुट प्रति सेकंड) प्रति सेकंड 28.317 लीटर तरल प्रवाह के बराबर होता है। पीठ ने कहा-क्योंकि हिमाचल प्रदेश को कोई आपत्ति नहीं है और वह उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी छोड़ने के लिए तैयार है, इसलिए हम निर्देश देते हैं कि हिमाचल प्रदेश उसके पास उपलब्ध अतिरिक्त पानी में से 137 क्यूसेक पानी छोड़े, ताकि पानी हथिनीकुंड बैराज और फिर वहां से दिल्ली पहुंच सके। मामले की गंभीरता को देखते हुए पीठ ने हिमाचल प्रदेश को निर्देश दिया कि वह हरियाणा को पूर्व सूचना देकर सात जून को पानी छोड़े। इसने कहा है कि ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) हथिनीकुंड में आने वाले अतिरिक्त पानी को मापेगा ताकि इसे वजीराबाद और दिल्ली तक पहुंचाया जा सके। पीठ ने आदेश दिया, जब भी हिमाचल प्रदेश पूर्व सूचना के साथ हरियाणा की तरफ अतिरिक्त पानी छोड़ेगा तो हरियाणा अतिरिक्त पानी के प्रावह को हथिनीकुंड और वजीराबाद तक सुगम बनाए रखने में मदद करेगा ताकि यह निर्बाध रूप से दिल्ली तक पहुंचे और दिल्ली के लोगों को पेयजल के लिए पानी उपलब्ध कराया जा सके। इसने कहा-सोमवार को इस अदालत के समक्ष एक स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को मिलने वाला पानी व्यर्थ न हो। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार और हरियाणा तथा हिमाचल प्रदेश सहित प्रतिवादी सोमवार तक अपना अनुपालन हलफनामा दाखिल करेंगे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जून की तारीख तय की।

## 5.45 करोड़ रु के सोने की तस्करी में दो चीनी नागरिक सहित चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मंगलवार को हांगकांग से आने पर आरोपियों को हवाई अड्डे पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आरोपियों के सामान की गहन तलाशी के साथ ही उनकी जामा तलाशी भी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ जिसका मूल्य 5.45 करोड़ रुपये है।



तमिलनाडु के नीलगिरी जिले के उधगमंडलम (ऊटी) में हुई भारी बारिश के दौरान पानी से भरी सड़क पर फंसी अपनी कार को धक्का लगाते लोग। ● एजेंसी



# नासाउ की पिच खिलाड़ियों के लिए खतरा

## ड्रॉप इन पिच की हो रही है आलोचना, आयरलैंड के खिलाफ मैच में रोहित को लगी चोट गंभीर नहीं, आईसीसी मौन

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की बाजू पर लगी चोट पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले मैच से पहले ठीक होने की उम्मीद है लेकिन अमेरिका में क्रिकेट के प्रचार के लिए अहम माने जा रहे टी-20 विश्व कप के इस मुकाबले से पहले नासाउ काउंटी की खुली दरारों वाली खतरनाक पिच सभी के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन समेत कई दिग्गजों ने पिच पर सवाल उठाए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि विश्व कप मैच कराने से पहले इस पर कुछ अभ्यास मैच क्यों नहीं खेले गए। रोहित को आयरलैंड के खिलाफ मैच के दौरान तेज गेंदबाज जोश लिटिल की गेंद दाहिनी बाजू के ऊपरी हिस्से में लगी थी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। ऋषभ पंत को भी बायीं कोहनी में बाउंसर लगा था।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया रोहित की चोट गंभीर नहीं है। उन्होंने खुद कहा है कि यह मामूली घाव है। वह पाकिस्तान के खिलाफ मैच तक ठीक हो जाएंगे। उससे पहले दो अभ्यास सत्र भी खेले जाने हैं। एडीलेड से खास विश्व कप के लिए यहां लाई गई पिच की काफी आलोचना हो रही है। भारत को इस स्टेडियम में दो मैच और खेलने हैं। भारत की टी-20 विश्व कप में खिताबी जीत में फाइनल में 'प्लेयर आफ द मैच' रहे इरफान पठान ने पिच को असुरक्षित बताया। उन्होंने कहा हम अमेरिका में क्रिकेट को बढ़ावा देना चाहते हैं लेकिन यह पिच खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित नहीं है। अगर भारत में इस तरह की पिच होती तो लंबे समय तक वहां दोबारा मैच नहीं खेला जाता। हम विश्व कप की बात कर रहे हैं, किसी द्विपक्षीय श्रृंखला की नहीं।

वहीं भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने कहा कि हम उसी पर नियंत्रण कर सकते हैं जो हमारे बस में है। यह चुनौतीपूर्ण विकेट है और हमें ऐसी ही आशा थी क्योंकि हमने यहां अभ्यास मैच खेला था। हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। टीम में कौशल की कमी नहीं है और पर्याप्त अनुभव भी है। हमें कोई दिक्कत नहीं होगी। आईसीसी ने अभी तक पिच की आलोचना को लेकर कोई बयान नहीं दिया है।

भारतीय टीम प्रबंधन कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं करने वाला लेकिन पिच को लेकर नाराजगी जाहिर है। सूत्र ने कहा यह ताजा पिच है। इस पिच पर कुछ अभ्यास मैच होने चाहिए थे। यह टी-20 की विकेट नहीं है और चारों पिचें ऐसी ही है। शुक्र है कि रोहित या ऋषभ पंत को गंभीर चोट नहीं लगी और वे ठीक हैं। आयरलैंड के हैरी टेक्टर को जसप्रीत बुमराह की गेंद दस्तानों से होकर हेलमेट पर लगने के कारण कनकशन टेस्ट से गुजरना पड़ा। पिच की गुणवत्ता को लेकर आईसीसी के नियम स्पष्ट हैं। टूर्नामेंट के बाद समीक्षा की जाएगी। जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान और मशहूर कोच एंडी फ्लावर ने भी पिच की आलोचना करते हुए कहा मुझे कहना ही होगा कि अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए यह पिच सही नहीं है। भारत के पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने कहा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहले भी खतरनाक पिचें देखी है लेकिन यहां तैयारी में कुछ गड़बड़ हुई है। पिच या तो तैयार नहीं थी या कुछ ऐसा है जो उनके काबू में नहीं है।



### पाकिस्तान के खिलाफ क्या अपेक्षा की जाए: वॉन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा अमेरिका में क्रिकेट का प्रचार अच्छी बात है लेकिन इसके लिएए खिलाड़ियों को इस तरह की पिच पर खिलाना अस्वीकार्य है। आप विश्व कप खेलने के लिए काफी मेहनत करते हैं और फिर इस तरह की पिच पर खेलना पड़ता है। पिच के स्वभाव से रोहित हैरान हैं और उन्होंने स्वीकार किया कि वह नहीं जानते कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में इससे क्या अपेक्षा की जाए।

### बीसीसीआई के पूर्व क्यूरेटर ने न्यूयॉर्क की पिचों की आलोचना की

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के पूर्व मुख्य क्यूरेटर दलजीत सिंह टी-20 विश्व कप के लिए न्यूयॉर्क में उपयोग लाई जा रही ड्रॉप इन पिचों की खराब स्थिति से हैरान हैं। भारत को न्यूयॉर्क में विश्व कप के तीन मैच खेलने हैं जिनमें पाकिस्तान के खिलाफ 9 जून को होने वाला मैच भी शामिल है। भारत और आयरलैंड के बीच खेले गए मैच के दौरान पिच से मिल रही असमान उछाल और दरारों ने लोगों का ध्यान खींचा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को जोश लिटिल की तेजी से उठती गेंद पर घायल होने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। ऐसे में खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही है। बीसीसीआई के साथ दो दशक से भी अधिक समय तक काम करने वाले दलजीत ने कहा पिच बेहद खराब हैं। ड्रॉप इन पिच को काफी पहले लगाया जाना चाहिए। इस पर अलग-अलग तरह के रोलर का उपयोग किया जाना चाहिए था। ऐसा लगता है कि पिच को अच्छी तरह से तैयार नहीं किया गया। यह खराब गुणवत्ता वाली पिच हैं जिन्हें तैयार नहीं किया गया। आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में बनी 10 ड्रॉप इन पिच को मई के पहले सप्ताह में न्यूयॉर्क पहुंचाया था। इन सभी पिच को एडिलेड ओवल के क्यूरेटर डेमियन हाफ ने तैयार किया था। दलजीत ने कहा इन पिचों को तीन महीने पहले ही स्थापित किया जाना चाहिए था। इसके बाद उनमें अलग-अलग तरह से रोलिंग की जानी चाहिए थी। कुछ दिन का ब्रेक लेकर इसी प्रक्रिया को दोहराया जाना चाहिए था। इन पिच में असमान उछाल है जो टी20 के लिए आदर्श नहीं है।

### हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे: रोहित



**न्यूयॉर्क।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित ने शर्मा ने कहा कि मैच में लगी चोट मामूली है और हम पाकिस्तान के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आयरलैंड पर आठ विकेट से जीत के बाद रोहित शर्मा अपनी चोट के बारे में कहा यह मामूली चोट है। यह एक नया मैदान है। हम यह देखना चाह रहे थे कि यह यह पिच कैसी है। मुझे नहीं लगता है कि दूसरी पारी में पिच आसान हो गई थी। पिच पर गेंदबाजो के लिए काफी मदद थी। अर्शदीप दाएं हाथ के बल्लेबाजो के लिए गेंद को अंदर ला सकते हैं। वहीं से हमें एक अच्छी लय मिल गई। ऐसी परिस्थितियों में आपको अपने बेसिक्स पर कायम रहना चाहिए। मुझे नहीं लगता कि हम इस मैदान पर कभी भी चार स्पिनर के साथ उतरेंगे। अगर पिच में तेज गेंदबाजों के लिए मदद रहेगी तो हम उन्हें टीम में शामिल करेंगे। यह टूर्नमेंट जैसे-जैसे आगे बढ़ता जाएगा, हमारे स्पिनर गेम में आएंगे। मुझे उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ भी हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

## खेल डायरी

### इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य



**जकार्ता।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन जापान के केंता निशिमोतो को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के पुरूष एकल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सेन ने प्री क्वार्टर फाइनल में 21-9, 21-15 से जीत दर्ज की। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हालांकि महिला युगल में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें जापान की मायु मत्सुमोतो और वाकाना नागाहारा के हाथों 21-19, 19-21, 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को दक्षिण कोरिया की हा ना बाएक और सो ही ली ने 21-13, 19-21, 21-13 से हराया जिससे महिला युगल में भारत की चुनौती खत्म हो गई। मिश्रित युगल में बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी की टक्कर चीन की सिवेइ झेंग और याकिओंग हुआंग से होगी। पुरूष एकल में प्रियांश राजावत का सामना थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न से होगा।

### प्रज्ञानानंदा का सामना नौवे दौर में कारूआना से



**स्टावेंजर (नॉर्वे)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवे दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से खेलेंगे। भारत के प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल से दो मैच और आर्मागेडोन से दो मैच जीते और वह तीसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के दो ही दौर बाकी हैं। आर्मागेडोन में हालांकि उन्हें तीन पराजय भी झेलनी पड़ी। कार्लसन 14 .5 अंक लेकर शीर्ष पर हैं जबकि अमेरिका के हिकारू नकामूरा उनसे एक अंक पीछे दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा 12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा उनसे एक अंक पीछे हैं। आखिरी दौर में उनका सामना नकामूरा से होगा और दो ड्रॉ से उनका दसवें स्थान पर बने रहना तय हो जाएगा। कार्लसन का सामना अगले दौर में अलीरजा से और फिर कारूआना से होगा। महिला वर्ग में वेंजुन जू 14 .5 अंक लेकर यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक से डेढ अंक आगे हैं। भारत की आर वैशाली और चीन की तिंगजी लेइ तीसरे स्थान पर हैं जिनके 11 .5 अंक हैं। कोनेरू हम्पी 8 .5 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वैशाली का सामना नौवे दौर में लेइ से होगा जबकि हम्पी जू से खेलेगी।

### सरबजोत ने निशानेबाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण

**म्यूनिख।** सरबजोत सिंह ने गत विश्व चैंपियन और चार बार के ओलंपियन की मौजूदगी वाली पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में भारत के पदक का खाता खोला। भारत के 22 साल के सरबजोत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 242 .7 अंक जुटाए। उन्होंने चीन के अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी चीन के बू शुआईहेंग को 0 .2 अंक से पछाड़ा। जर्मनी के रोबिन वाल्टर ने कांस्य पदक जीता। सरबजोत ने बुधवार को क्वालीफाइंग में 588 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल में गत विश्व चैंपियन चीन के बोवेन झेंग और तुर्की के चार बार के ओलंपिक यूसुफ डिकेक भी चुनौती पेश कर रहे थे। सरबजोत ने हालांकि फाइनल में लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए आईएसएसएफ विश्व कप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीता।

# स्वियातेक फ्रेंच ओपन के फाइनल में

पेरिस, एजेंसी



विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना विजय अभियान जारी रखते हुए कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

फ्रेंच ओपन में अपना चौथा खिताब जीतने की कवायद में लगी स्वियातेक ने तीसरी वरीयता प्राप्त गॉफ को 6-2, 6-4 से पराजित किया। इस तरह से वह जस्टिन हेनिन (2007 से 2009) के बाद रोलां गैरा पर लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से अब केवल एक कदम दूर है। अब तक चार ग्रैंड स्लैम जीत चुकी स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 20 मैच तक पहुंचा दिया है। शनिवार को होने वाले फाइनल में उनका मुकाबला रूस की गैरवरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाओलिनी के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा। स्वियातेक ने गॉफ के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 11-1 कर दिया है। उन्होंने इस क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार अमेरिकी खिलाड़ी को हराया। इनमें 2022 के फाइनल और पिछले साल के क्वार्टर फाइनल में दर्ज की गई जीत भी शामिल हैं।

### रोजर-वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने जीता मिश्रित युगल खिताब

**पेरिस।** एडवर्ड रोजर- वेसेलिन और लॉरा सिगेमुंड ने गुरुवार को यहां नील स्कुपस्की और डिजायर क्रॉजिक की जोड़ी को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट का मिश्रित युगल का खिताब जीता। पहली बार किसी टूर्नामेंट में जोड़ी बनाकर खेल रहे फ्रांस के रोजर-वेसेलिन और जर्मनी की सिगेमुंड ने स्कुपस्की और क्रॉजिक की जोड़ी को 6-4, 7-5 से हराया। चालीस साल के रोजर-वेसेलिन का यह पहला मिश्रित युगल खिताब है। अमेरिका की क्रॉजिक और ब्रिटेन के स्कुपस्की एक साथ मिलकर 2021 और 2022 में दो विंबलडन मिश्रित युगल खिताब जीत चुके हैं। पुरुष युगल फाइनल शनिवार को जबकि महिला युगल फाइनल रविवार को खेला जाएगा। वहीं, एक अन्य मुकाबले में भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन गुरुवार को सेमीफाइनल में इटली के सिमोन बोलेली और एंड्रिया वावस्सोरी की जोड़ी से हारकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# स्टोइनिस के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को 39 रन से हराया

ब्रिजटाउन, एजेंसी



मार्कस स्टोइनिस के आक्रामक अर्धशतक और तीन विकेट की बदौलत गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने अपने अभियान का आगाज ओमान पर 39 रन की जीत के साथ किया। स्टोइनिस ने 36 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए जिसकी मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर 164 का स्कोर बनाया। डेविड वॉर्नर ने भी 56 रन की पारी खेली। इसके बाद स्टोइनिस ने तीन ओवर में 19 रन देकर तीन विकेट चटकाए। ओमान की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथन एलिस ने 28 रन देकर और आईपीएल स्टार मिचेल स्टार्क ने 20 रन देकर दो-दो विकेट लिए। स्टार्क ने ओमान की पारी की तीसरी गेंद पर प्रतीक अठावले (0) को आउट कर दिया। मैदानी अंपायर द्वारा नॉट आउट दिये जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया जिसमें फैसला उसके पक्ष में रहा। अयान खान ने 30 गेंद में दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 36 रन बनाए और सातवें विकेट के लिए 37 रन की साझेदारी की।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 164 रन बनाए। हेड (12) और कप्तान मार्श (14) सस्ते में आउट हो गए। अनुभवी हरफनमौला ग्लेन मैक्सवेल का खराब फॉर्म जारी रहा जो खाता भी नहीं खोल सके। स्टोइनिस और वॉर्नर ने चौथे विकेट के लिए 64 गेंद में 102 रन जोड़े। वॉर्नर 56 रन की पारी के साथ ही टी-20 क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सर्वाधिक रन (3,120) बनाने वाले बल्लेबाज हो गए जिन्होंने आरोन फिंच को पछाड़ा।

# कनाडा के खिलाफ आयरलैंड को अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

न्यूयॉर्क, एजेंसी



भारत के खिलाफ पहले मैच में मिली हार के बाद आयरलैंड को कनाडा जैसी खतरनाक टीम के खिलाफ शुक्रवार को अपने अभियान को ढर्रे पर लाना है तो एंडी बालबर्नी, पॉल स्टर्लिंग और हैरी टेक्टर जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आयरलैंड को पहले मैच में भारत ने आठ विकेट से हराया जबकि कनाडा को सह मेजबान अमेरिका ने सात विकेट से मात दी।

आठवीं बार टी-20 विश्व कप खेल रही आयरलैंड टीम अपना प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही है हालांकि उसके कई प्रमुख खिलाड़ी इंग्लिश काउंटी क्रिकेट खेलते हैं। अभी तक आयरलैंड एक ही बार 2009 में सुपर 8 चरण में पहुंचा। बालबर्नी और कप्तान स्टर्लिंग के पास कुल मिलाकर 250 टी-20 मैचों का अनुभव है लेकिन वे टीम को नासाउ काउंटी स्टेडियम पर अच्छी शुरूआत नहीं दिला सके। भारत ने कप्तान रोहित शर्मा और ऋषभ पंत की उम्दा पारियों के दम पर जीत दर्ज की। अब तक 77 टी-20 मैच खेल चुके टेक्टर भी आयरलैंड को 100 रन के पार नहीं ले जा पाए। इस मैदान पर दो दिन के भीतर दूसरा मैच खेल रही आयरलैंड टीम अपनी गलतियों से सबक लेना चाहेगी। दूसरी ओर विश्व कप में पहली बार खेल रही कनाडा टीम को ग्रुप ए के पहले मैच में डलास में अमेरिका ने हराया। कनाडा ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर मैच दस विकेट से जीता था।

### बराबरी के मुकाबले में भिड़ेंगी स्कॉटलैंड और नामीबिया की टीम

**ब्रिजटाउन।** ओमान के खिलाफ टी-20 विश्व कप के पहले मैच में सुपर ओवर में मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत नामीबिया का सामना अब शुक्रवार को स्कॉटलैंड से होगा। स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। स्कॉटलैंड ने हालांकि गत चैंपियन टीम के खिलाफ अपनी प्रतिभा की बानगी दी थी लेकिन बारिश के कारण अंक बांटने पड़े। नामीबिया का भरोसा कप्तान गेरहार्ड इरास्मस और हरफनमौला डेविड वीसे जैसे अनुभवी खिलाड़ियों पर रहेगा। उनके पास पिछले दो टी-20 विश्व कप का अनुभव है। इसके अलावा नामीबिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले तीन टी20 मैच भी जीते हैं जिससे उसे मनोवैज्ञानिक बढ़त मिलेगी।

# भारत ने कुवैत से ड्रॉ खेलकर दी सुनील छेत्री को विदाई



कोलकाता, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को यहां कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 का क्वालीफायर मैच ड्रॉ खेलकर अपने करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री को विदाई दी। भारत अगर जीत दर्ज करता तो छेत्री के लिए यह अच्छी विदाई होती क्योंकि इस मैच में ड्रॉ खेलने से उसकी क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है।

इस मैच में ड्रॉ से अब भारत के पांच अंक हो गए हैं। उसे अपना अंतिम मैच 11 जून को एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ खेलना है। कुवैत के चार अंक हैं और वह उसी दिन अफगानिस्तान के खिलाफ मैच खेलेगा। भारतीय फुटबॉल की पहचान रहे 39 वर्षीय छेत्री ने इस मैच के साथ ही 19 साल तक चले अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को भी अलविदा कहा। उन्होंने भारत की तरफ से 94 गोल किए।

### सुनील छेत्री खेल के लीजैंड हैं: मोडरिच

**कोलकाता।** क्रोएशिया के कप्तान और रियल मैड्रिड के सुपरस्टार लुका मोडरिच ने भारतीय कप्तान सुनील छेत्री की तारीफ करते हुए उन्हें फुटबॉल का लीजैंड बताया। उन्होंने भारतीय टीम से छेत्री के आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने का भी आग्रह किया। छेत्री कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के साथ ही अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कह देंगे। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने मोडरिच का वीडियो मैसेज साझा किया है जिसमें उन्होंने कहा है हैलो सुनील। मैं बस तुमको हैलो बोलना और आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिये शुभकामना देना चाहता हूं।

### छेत्री के बनाए रिकॉर्ड तोड़ना मुश्किल : नबी

**कोलकाता।** भारत के पूर्व मिडफील्डर सैयद रहीम नबी ने गुरुवार को यहां सुनील छेत्री की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस स्टार फुटबॉलर ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा। नबी ने यहां कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच से पहले कहा छेत्री ने जो रिकॉर्ड बनाए हैं उनको तोड़ पाना बेहद मुश्किल होगा।

**दिग्गजों की राय** | रिकी बोले- आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता है ऑस्ट्रेलियाई टीम को

# मानसिकता से जुड़ा है भारत का खिताब न जीत पाना : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी



रिकी पोंटिंग की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम को आईसीसी टूर्नामेंटों में सही समय पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का तरीका बखूबी आता था और दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान का मानना है कि भारत को भी आईसीसी खिताब का सूखा दूर करने के लिए मानसिक बाधाओं से पार पाकर ऐसा ही कुछ करना होगा।

क्रिकेट की महाशक्ति भारत ने आखिरी बार 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में आईसीसी खिताब जीता था। भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप में न्यूयॉर्क में आयरलैंड को हराकर शानदार शुरूआत की। न्यूयॉर्क से पोंटिंग ने कहा कि भारतीय टीम को अपने प्रशंसकों के जबर्दस्त दबाव से निपटने का तरीका तलाशना होगा। आपको स्पष्ट रहना होगा कि फोकस टूर्नामेंट पर है ना कि बाहरी दबाव के बारे में चिंता करने पर या बहुत अधिक आगे की सोचने पर भारतीय टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है लेकिन हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि विश्व कप जीतना आसान नहीं होता।

पोंटिंग ने कहा इसका संबंध मानसिकता से है। आप दबाव का सामना कैसे करते हैं। दबाव के हालात में आप कैसे सोचते हैं इसी में जीत और हार का अंतर होता है। उन्होंने कहा विश्व कप में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को हर समय अच्छा खेलना होता है। भारतीय टीम के पास ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या दक्षिण अफ्रीका जैसे पावर हिटर भले ही नहीं हो लेकिन पोंटिंग का मानना है कि वेस्टइंडीज के हालात में खेलने के लिए उनके पास पर्याप्त प्रतिभा है। नॉकआउट मैच वेस्टइंडीज में होने हैं। पोंटिंग ने कहा सब कुछ पावर हिटिंग ही नहीं होता स्ट्राइक रेट भी अहम है। भारतीय बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट किसी से कम नहीं है।

ऑस्ट्रेलिया के पास मार्श, स्टोइनिस, मैक्सवेल या कैमरन ग्रीन हैं तो दक्षिण अफ्रीका के पास स्टब्स, क्लासेन या डेविड मिलर हैं। इनके पास ताकत है लेकिन भारतीय टीम में देखें तो सूर्यकुमार यादव किसी भी मैदान पर रन बनाने में सक्षम है। उन्होंने कहा ऋषभ पंत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके पास हार्दिक पंड्या भी है। उनकी बल्लेबाजी बाकी टीमों की तरह ही खतरनाक है। मुझे लगता है कि ऑस्ट्रेलिया, भारत, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल खेलेंगे।

### बाबर पर रहेगा दबाव, पाकिस्तान के खिलाफ भारत प्रबल दावेदार : लतीफ



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान राशिद लतीफ का मानना है कि टी-20 विश्व कप में रविवार को होने वाले मैच में भारत जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा क्योंकि उसकी टीम अधिक संतुलित है। लतीफ ने इसके साथ ही कहा कि न्यूयॉर्क में होने वाले इस बहुप्रतीक्षित मैच में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा हम सभी का ध्यान भारत के खिलाफ 9 जून को होने वाले मैच पर है। बाबर पर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन के बजाय भारत के खिलाफ होने वाले मैच के कारण दबाव में रहेगा, लेकिन उन्हें दबाव झेलना सीखना होगा। उन्हें विराट और रोहित से सीखना चाहिए। वे जानते हैं कि खेल को कैसे आगे बढ़ाया जाता है। बल्लेबाज के रूप में बाबर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल है लेकिन जहां तक कप्तानी का सवाल है तो उन्हें अभी काफी कुछ सीखने की जरूरत है। लतीफ ने कहा कि भारत के पास बहुत अच्छे स्पिनर हैं और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम रविवार को होने वाले मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। कुलदीप यादव एक ऐसा खिलाड़ी है अगर वह फिट रहता है तो पूरे विश्व कप में बल्लेबाजों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है। वह भारत के लिए महत्वपूर्ण गेंदबाज है और उन्होंने अच्छी सफलताएं भी हासिल की हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए 9 जून को होने वाले मैच में भारत निश्चित तौर पर जीत के दावेदार के रूप में शुरुआत करेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# स्कूल पर इजराइली हमला, 30 की मौत

देर अल-बला (गाजा पट्टी), एजेंसी

मध्य गाजा में एक स्कूल पर गुरुवार को तड़के इजराइली द्वारा किए गए हमले में 14 बच्चों और नौ महिलाओं सहित 30 से अधिक लोग मारे गए। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। फलस्तीनी अधिकारियों के मुताबिक स्कूलों में विस्थापितों ने शरण ले रखी थी जबकि इजराइली सेना का दावा है कि हमास के आतंकवादी स्कूल से अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे।

अस्पताल के रिकॉर्ड और अस्पताल में एसोसिएटेड प्रेस के एक रिपोर्टर ने बताया कि इस हमले में कम से कम 33 लोगों की मौत हुई है, जिनमें 14 बच्चे और नौ महिलाएं शामिल हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, रात में एक घर पर हुए हमले में छह लोगों की मौत हो गई थी। दोनों हमले नुसेरात में हुए, जो गाजा में बने कई शरणार्थी शिविरों में से एक है।



## जनसंहार के मुकदमे में पक्षकार बनने की अर्जी देगा स्पेन

**बार्सिलोना, एजेंसी।** स्पेन अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में अर्जी देकर दक्षिण अफ्रीका द्वारा इजराइल के खिलाफ दायर मुकदमे में पक्षकार बनने की अनुमति मांगेगा। स्पेन के विदेश मंत्री ने गुरुवार को यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका ने संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय न्याय अदालत में दाखिल याचिका में इजराइल पर गाजा में जनसंहार करने का आरोप लगाया है। स्पेन पहला यूरोपीय देश है, जिसने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका द्वारा अंतरराष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका से जुड़ने की पहल की है।

# भाई ने कबूला- लिट्टे संस्थापक प्रभाकरण 2009 में मारा गया

कोलंबो, एजेंसी

- कहा- कुछ तमिल लोग उसके जीवित होने का दावा करके लोगों को दे रहे हैं धोखा

लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के संस्थापक वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि भाई और उसका पूरा परिवार 2009 में मारा गया था। साथ ही उन्होंने कहा कि कुछ तमिल लोग यह दावा करके लोगों को धोखा दे रहे हैं कि प्रभाकरण और उसके परिवार के कुछ सदस्य, विशेषकर उसकी एक बेटी जीवित हैं।

लंकाएफटी (एफटी.एलके) पोर्टल की खबर के अनुसार वेलुपिल्लई प्रभाकरण के भाई वेलुपिल्लई मनोहरन ने कहा, वेलुपिल्लई प्रभाकरन, उसकी पत्नी और उसके तीन बच्चे मर चुके हैं और वे सभी 2009 में श्रीलंका युद्ध के अंतिम चरण में मारे गए थे। पोर्टल के अनुसार मनोहरन ने सार्वजनिक तौर पर पहली बार यह बात स्वीकार की है। लिट्टे ने श्रीलंका के उत्तरी और पूर्वी प्रांतों में एक अलग तमिल मातृभूमि के लिए लगभग 30 वर्ष तक सैन्य अभियान चलाया था।



# महिलाओं समेत 63 को तालिबान ने मारे कोड़े, निंदा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सहायता मिशन (यूएनएएमए) ने बुधवार को सारी पुल प्रांत में तालिबान द्वारा एक दर्जन से अधिक महिलाओं सहित 60 से अधिक लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की निंदा की। यूएनएएमए ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा कि अफगानिस्तान के अधिकारियों ने मंगलवार को कम से कम 63 लोगों को कोड़े मारे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने के लिए कहा।

तालिबान के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में 14 महिलाओं समेत 63 लोगों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे जाने की पुष्टि की। इन लोगों पर अप्राकृतिक यौन उत्पीड़न, चोरी और अनैतिक संबंधों जैसे अपराधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था। उन्हें एक खेल स्टेडियम में कोड़े मारे गए। तालिबान ने एक उदार शासन देने के वादों के बावजूद, 2021 में फिर से सत्ता पर काबिज होने के बाद सार्वजनिक रूप से कठोर दंड देना शुरू कर दिया।



# गंभीर खाद्य संकट से जूझ रहे पांच वर्ष तक के 25 प्रतिशत बच्चे : सरां

**कलटुंगो (नाइजीरिया), एजेंसी।** दुनिया भर में पांच साल से कम उम्र के करीब 25 प्रतिशत बच्चे खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी यूनीसेफ ने एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया। बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था यूनीसेफ द्वारा गुरुवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में पांच वर्ष से कम आयु के 18 करोड़ 10 लाख बच्चे (इस आयु वर्ग के बच्चों का 27 प्रतिशत) गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहे हैं। लगभग 100 निम्न और मध्यम आय वाले देशों पर केंद्रित रिपोर्ट गंभीर खाद्य संकट को एक दिन में कुछ भी नहीं खाने या एजेंसी द्वारा मान्यता प्राप्त आठ खाद्य समूहों में से दो का उपभोग करने के रूप में परिभाषित करती है।

## अफ्रीका के 130 करोड़ लोग प्रभावित

अफ्रीका की 130 करोड़ से अधिक की आबादी मुख्य रूप से संघर्ष, जलवायु संकट और बढ़ती खाद्य कीमतों के कारण सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लेकिन इसने कुछ प्रगति भी हुई है।

## स्थिति में हुआ सुधार

पिछले दशक में पश्चिमी और मध्य अफ्रीका में गंभीर खाद्य संकट से गुजर रहे बच्चों की संख्या में कमी आई है और यह 42 प्रतिशत से घटकर 32 प्रतिशत रह गया है। संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष ने कहा कि महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की कमी, बेहद खराब आहार पर रहने वाले बच्चों का वजन सामान्य से कम होने की आशंका अधिक होती है।

## एक नजर

### फ्रांस के दौरे पर आएंगे अर्जेंटीना के राष्ट्रपति

**पेरिस।** अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली फ्रांस की अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर आएंगे और 19 जून को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन से मुलाकात करेंगे। ले पेरिसियन अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। मुलाकात के दौरान दोनों देशों के राष्ट्रपति यूक्रेन की स्थिति, यूरोपीय संघ और मर्कोसुर के बीच मुक्त व्यापार समझौते के भविष्य पर चर्चा कर सकते हैं।

### इंडोनेशिया का माउंट इबू ज्वालामुखी फिर फटा

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के हलमाहेरा द्वीप पर स्थित इबू ज्वालामुखी गुरुवार सुबह फिर से फट गया और धुएं का गुबार छा गया। ज्वालामुखी विज्ञान एवं भूगर्भीय खतरा न्यूनीकरण केंद्र (पीवीएमबीजी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब 8 :11 बजे विस्फोट शुरू हुआ और दो मिनट तक चलता रहा, जिससे उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए मोटी, धूसर राख और काले बादल छा गये।

### तंजानिया में सड़क हादसे में 13 की मौत, 18 घायल

**मबेया।** तंजानिया के मबेया क्षेत्र में एक ट्रक नेकई कारों और मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिसके कारण 13 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। द सिटिजन तंजानिया ने प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दुर्घटना बुधवार को मबेम्बेला क्षेत्र में सिमिके ढलान पर हुई। रिपोर्ट में कहा गया है कि सभी घायलों को उपचार के लिए मबेया क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से आठ लोगों की हालत गंभीर है।

### सूड़ान : सेना- अर्धसैनिक बल के संघर्ष में 100 मरे

**काहिरा।** सूडान के गेजीरा प्रांत के एक गांव पर बुधवार को अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा किए गए हमले में कम से कम 100 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। दारफूर के गवर्नर मिनी अर्को मिनावी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में बताया कि आरएसएफ द्वारा गेजीरा के वाद-अल-नोरा गांव पर किए गए हमले में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग हताहत हुए हैं। गेजीरा की राजधानी वाद मदानी के लोगों को बचाने के लिए गठित समिति ने देर रात बुधवार को सोशल मीडिया पर बताया कि अर्धसैनिक बल सालों से सूडान की सेना से लड़ रहा है।

# ताइवान के बधाई संदेश पर मोदी की टिप्पणी को लेकर बिफरा चीन

## कहा- नई दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए

बीजिंग, एजेंसी

- ताइवान द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट के संबंध में भारत के समक्ष जताया विरोध
- कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा





चीन ने ताइवान को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से सोशल मीडिया पर किए गए एक पोस्ट के संबंध में गुरुवार को भारत के समक्ष विरोध जताते हुए कहा कि नयी दिल्ली को ताइवान के अधिकारियों की राजनीतिक चालों का विरोध करना चाहिए। चीन के मुताबिक ताइवान उसका एक विद्रोही और अभिन्न प्रांत है तथा इसे मुख्य भूमि के साथ पुनः एकीकृत किया जाना चाहिए, भले ही बलपूर्वक ही क्यों न किया जाए।

मोदी ने अपने बयान में कहा था कि वह ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। मोदी ने यह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में मिली जीत पर ताइवान के राष्ट्रपति के बधाई संदेश में की थी। पिछले महीने निर्वाचित हुए ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने मोदी को बधाई देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुनाव में जीत पर मेरी हार्दिक बधाई। हम तेजी से बढ़ती ताइवान-भारत साझेदारी को और आगे ले जाने, व्यापार, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अपने सहयोग का विस्तार करने के लिए उत्सुक हैं, ताकि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और समृद्धि के लिए योगदान दिया जा सके। मोदी ने इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लाई चिंग-ते, आपके गर्मजोशी भरे संदेश के लिए धन्यवाद। मैं ताइवान के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी आर्थिक तथा तकनीकी साझेदारी की दिशा में काम करते हुए और अधिक घनिष्ठ संबंधों की आशा करता हूं। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इन संदेशों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि चीन ने इस पर भारत के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जब माओ से उनकी टिप्पणी मांगी गई तो उन्होंने कहा, सबसे पहले तो यह कि ताइवान क्षेत्र में कोई राष्ट्रपति नहीं है। उन्होंने कहा, चीन ताइवान के अधिकारियों और चीन के साथ राजनयिक संबंध रखने वाले देशों के बीच सभी प्रकार की आधिकारिक बातचीत का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि विश्व में केवल एक ही चीन है और ताइवान, चीनी गणराज्य का अविभाज्य हिस्सा है।



## अमेरिका के एनएसए भारत जाएंगे: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ लेने की तैयारी के बीच अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन अमेरिका-भारत साझा प्राथमिकताओं पर नयी सरकार के साथ चर्चा करने के लिए नयी दिल्ली जाएंगे। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुने जाने पर बधाई देने के लिए बुधवार को फोन किया और सुलीवन की यात्रा पर चर्चा की गई। व्हाइट हाउस ने कहा, राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और उन्हें तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारत के आम चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। बाइडन ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 65 करोड़ भारतीयों के हिस्सा लेने पर उनकी सराहना की।



## 'स्पेसएक्स' के रॉकेट की चौथी परीक्षण उड़ान सफल

**बोका चिका (अमेरिका), एजेंसी।** स्पेसएक्स के सबसे शक्तिशाली स्टारशिप रॉकेट ने गुरुवार को पहली पूर्ण परीक्षण उड़ान पूरी की और टेक्सास से उड़ान भरने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौट आया। पिछली तीन परीक्षण उड़ानों के दौरान रॉकेट और अंतरिक्ष यान में विस्फोट हो गया था लेकिन इस बार ये दोनों नियंत्रित तरीके से नीचे उतरने में सफल रहे। दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे शक्तिशाली रॉकेट स्टारशिप लगभग 400 फुट (121 मीटर) ऊंचा है। उसने जब मैक्सिको की खाड़ी के ऊपर उड़ान भरी और जब वह हिंद महासागर की ओर उड़ान भरने के लिए पूर्व की ओर बढ़ा, उस समय वह खाली था। गुरुवार सुबह प्रक्षेपण के कुछ ही मिनट बाद प्रथम चरण का बूस्टर अंतरिक्ष यान से अलग हो गया और वह इसके इंजन को चालू करने के बाद योजनानुसार खाड़ी में जा गिरा। इसके एक घंटे बाद, प्रक्षेपण के सीधे प्रसारण में पुन : प्रवेश के दौरान अत्यधिक गर्मी के कारण अंतरिक्ष यान के कुछ हिस्से टूटते दिखाई दिए।

## आरोपी किशोर के दादा पहुंचे बम्बई उच्च न्यायालय

**पुणे कार हादसा**

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र में पुणे के कल्याणी नगर में नशे की हालत में तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक और युवती की हत्या के आरोपी किशोर के दादा एसके अग्रवाल ने मामले में पूछताछ के लिए पुलिस हिरासत में लिए जाने के विरोध में बम्बई उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। इसी मामले में पूछताछ के लिए पुणे की अपराध शाखा ने किशोर के 77 वर्षीय दादा को 25 मई को हिरासत में लिया था। इसके अलावा यरवदा थाने में उसी दिन उनके खिलाफ अलग से प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। उच्च न्यायालय में दायर याचिका में अग्रवाल के वकील आशुतोष श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपों में परिवार के ड्राइवर गंगाधर शिवराज का गलत तरीके से अपहरण, अवैध रूप से बंधक बनाना और आपराधिक धमकी देना शामिल है। इन आरोपों में आईपीसी की धारा 342, 365, 368 और 506 के साथ धारा 34 भी शामिल है।

# रूस के तेल शोधन संयंत्र और ईंधन डिपो पर हमला

कीव, एजेंसी

- यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में की भीषण कार्रवाई
- दो दिन पूर्व रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दी थी चेतावनी

कीव द्वारा क्रेमलिन के युद्ध करने के तरीके को बाधित करने के चल रहे प्रयास और यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप के सबसे बड़े युद्ध में पश्चिमी देशों के समर्थन की मांग के बीच यूक्रेनी ड्रोन ने रूसी सीमा क्षेत्रों में एक तेल शोधन संयंत्र और एक ईंधन डिपो पर हमला किया। निशाना बनाए गए क्षेत्रों के अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जेलेंस्की गुरुवार को फ्रांस में डी-डे स्मरणोत्सव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन सहित विश्व नेताओं के साथ शामिल होने वाले हैं। शुक्रवार को उन्हें फ्रांसीसी अधिकारियों से मिलना है। जेलेंस्की की यात्रा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की चेतावनी के एक दिन बाद हुई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि रूस अन्य देशों को लंबी दूरी के हथियार मुहैया करा सकता है ताकि वे पश्चिमी लक्ष्यों पर हमला कर सकें। यह धमकी तब आई जब नाटो के सहयोगियों ने कहा कि वे यूक्रेन को रूसी क्षेत्र पर हमला करने के लिए कीव को दिए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल करने की अनुमति देंगे। यूक्रेन की सेना पूर्वी क्षेत्रों में हाल ही में रूस के हमले को रोकने के लिए लड़ रही है।

# चीन से संबंध मजबूत करेंगे पाक पीएम

बीजिंग, एजेंसी

- चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं शरीफ
- शहर शेनझेन का दौरा कर निवेशकों के साथ की बैठक



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, देश को आर्थिक संकट से उबारने के लिए और सहायता के अनुरोध तथा निवेश की संभावनाओं चर्चा करने के लिए बीजिंग पहुंच चुके हैं और उपरोक्त मुद्दों को लेकर वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य नेताओं के साथ बातचीत करेंगे।

चार जून से चीन की पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर आए शरीफ ने बुधवार को अत्याधुनिक शहर शेनझेन का दौरा किया और निवेशकों की बैठक को संबोधित किया। पाकिस्तान की सरकारी समाचार एजेंसी एपीपी की खबर के अनुसार यहां अपने प्रवास के दौरान शरीफ शी जिनपिंग, प्रधानमंत्री ली क्यांग और अन्य नेताओं से मुलाकात करेंगे। वह पाकिस्तान-चीन संबंध और व्यापार कार्यक्रम में भी भाग लेंगे और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजनाओं पर काम कर रही प्रमुख चीनी कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। खबर में बताया गया कि दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को लेकर कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से आईएमएफ से छह अरब से आठ अरब अमेरिकी डॉलर के बीच राहत राशि मुहैया कराने का अनुरोध किया है।

# यूएनएससी का अस्थायी सदस्य चुना गया पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- एशिया-प्रशांत देशों की सीट के लिए पाकिस्तान को 182 वोट

पाकिस्तान, सोमालिया, डेनमार्क, यूनान और पनामा को 2025 से शुरू हो रहे दो साल के कार्यकाल के लिए गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के अस्थायी सदस्य चुना गया। संयुक्त राष्ट्र महासभा में इन पांचों सदस्यों को गुप्त मतदान के जरिए एक जनवरी, 2025 से 31 दिसंबर, 2026 तक के कार्यकाल के लिए चुना गया है।

अफ्रीकी और एशिया-प्रशांत देशों की दो सीट में सोमालिया को 179 और पाकिस्तान को 182 वोट मिले। लातिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों में पनामा को 183 वोट मिले, जबकि पश्चिमी यूरोपीय और अन्य देशों में डेनमार्क को 184 और यूनान को 182 वोट मिले।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह गर्व की बात है कि पाकिस्तान को 182 मत मिले और वह 2025-26 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चुना गया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर काम करने को लेकर उत्सुक है। उन्होंने कहा, हम राष्ट्रों के बीच शांति, स्थिरता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अपनी भूमिका निभाते रहेंगे।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन की आने वाली फिल्म रेड 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। अजय देवगन ने वर्ष 2018 में सुपरहिट फिल्म रेड में काम किया था। अब रेड की सीक्वल रेड 2 आ रही है। रेड 2 में अजय देवनग आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में नजर आने वाले हैं। अजय देवगन, रितेश देशमुख और वाणी कपूर ने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन राज कुमार गुप्ता कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि रेड 2 की शूटिंग व्यापक रूप से उत्तर प्रदेश, राजस्थान में की गई है। फिलहाल, यह फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है। इस बार फिल्म की कहानी करीब सौ करोड़ रुपये के टैक्स घोटाला करने वाले उत्तर प्रदेश के एक राजनेता और व्यवसायी की सत्य कहानी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

### कार्तिक आर्यन को लेकर प्रेम की शादी बनायेंगे सूरज बड़जात्या !

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड फिल्मकार सूरज बड़जात्या, अभिनेता कार्तिक आर्यन को लेकर फिल्म प्रेम की शादी बना सकते हैं। सूरज बड़जात्या ने सलमान खान को लेकर मैंने प्यार किया, हम आपके हैं कौन, हम साथ साथ हैं और प्रेम रतन धन पायो जैसी सुपरहिट फिल्में बनायी है। इन सभी फिल्मों में सलमान ने प्रेम का किरदार निभाया है। कहा जा रहा है कि सूरज बड़जात्या अब सलमान खान नहीं कार्तिक आर्यन को प्रेम बनाने जा रहे हैं। सूरज बड़जात्या जल्द अपने नए प्रोजेक्ट प्रेम की शादी पर काम करने जा रहे हैं। इसमें प्रेम सलमान खान नहीं बल्कि कार्तिक आर्यन हो सकते हैं। पहले सूरज बड़जात्या, सलमान खान को इस फिल्म में लेना चाहते थे। फिल्म में मुख्य अभिनेता को रोमांटिक किरदार करना था। इसके लिए सलमान खान ने मना कर दिया।



### हमारे बारह की रिलीज पर 14 जून तक लगी रोक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने अन्नू कपूर अभिनीत फिल्म हमारे बारह की रिलीज को 14 जून तक रोक लगा दी है। यह फिल्म 07 जून को रिलीज होने वाली थी। न्यायमूर्ति नितिन बोरकर और न्यायमूर्ति कमल खता की अवकाश पीठ ने बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अजहर तंबोली द्वारा दायर याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। याचिका में फिल्म के कुछ संवादों पर आपत्ति जताई गई है। याचिका में फिल्म निर्माताओं द्वारा यूट्यूब पर प्रसारित दो ट्रेलरों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे उनकी भावनाएं आहत हुई हैं। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन ब्यूरो (सीबीएफसी) ने पीठ को सूचित किया कि उसने फिल्म को प्रमाण पत्र जारी किया है और यूट्यूब पर जारी फिल्म के ट्रेलरों पर उसका कोई नियंत्रण नहीं है।

**खगोल विज्ञान** गुरुत्वाकर्षण तरंगों का पता लगाने के लिए नई तकनीक हुई विकसित

# ब्रह्मांड की हिंसक घटनाओं से अब नहीं रहेंगे अनभिज्ञ

अमृत विचार, नैनीताल

- पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में इसका पता चल सकता है

गुरुत्वाकर्षण लहर का आसमान की सीमित ऊंचाई मैग्नेटोस्फीयर क्षेत्र में आसानी से पता लगाया जा सकता है। इसके लिए खगोल वैज्ञानिकों ने नई तकनीक ईजाद की है, जो एक दूरबीन के जरिए ग्रेविटी वेब की जानकारी पा सकती है। अब हम ब्रह्मांड में होने वाली हिंसक घटनाओं का आसानी से पता लगा सकते हैं।

गुरुत्वाकर्षण बल ही वह महाशक्ति है, जो ब्रह्मांड को संचालित करती है। इसे हम देख नहीं सकते हैं और महसूस भी नहीं कर सकते। मगर इतना तय है कि हम पृथ्वी पर टिके हुए हैं, इसकी वजह सिर्फ गुरुत्वाकर्षण है। कुछ साल पहले गुरुत्वाकर्षण लहर को कैमरे में कैद किया गया था और चंद वर्षों में अब हम इसके अस्तित्व के साथ, इस शक्ति का पता लगाने में कामयाब हो चुके हैं। हांगकांग विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने नई तकनीक विकसित की है।

एचकेयूएसटी के भौतिकी विभाग प्रो ताओ लियू के अनुसार पृथ्वी के मैग्नेटोस्फेयर में एक एकल खगोलीय दूरबीन को गुरुत्वाकर्षण लहर की पहचान कर सकते हैं। यह बेहद आसान तरीका है। गुरुत्वाकर्षण की पहचान करने के लिए कई दशक बीत गए। मगर अब इसकी पहचान ही नहीं, बल्कि इसे देख भी सकते हैं। प्रो. लियू के नेतृत्व में शोध दल ने उच्च आवृत्ति गुरुत्वाकर्षण तरंगों (एचएफजीडब्ल्यू) का पता लगाने की नई विधि को प्रस्तावित किया है। ब्रह्मांड में पल पल विध्वंसकारी घटनाएं होती रहती हैं। जिनमें कुछ घटनाएं पृथ्वी को भी प्रभावित कर सकती हैं या फिर नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिस कारण नई विधि की खोज बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है।

### तकनीक कर सकती है ब्रह्मांड के राज उजागर

प्रो ताओ लियू का कहना है कि हम समूचे ब्रह्मांड को शायद ही कभी देख सकें, लेकिन तकनीक के जरिये देख और परख सकते हैं। इसके लिए नया दृष्टिकोण रखना होगा और चुनौतियों को स्वीकार करना होगा। इस दिशा में युवा वर्ग भरपूर ऊर्जा के साथ विज्ञान को आसमान तक पहुचा सकता है।



पृथ्वी के साथ गुरुत्वाकर्षण लहर की तस्वीर। ● अमृत विचार